जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्या: JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर शुक्रवार, 07 मार्च, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 :: वर्ष 22 :: अंक 153

www.hukmnamasamachar.com

## संक्षिप्त खबरें

### खालिस्तान समर्थकों ने लंदन में जयशंकर की कार घेरी

**अमृतसर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर की गाड़ी को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने घेर लिया। उनमें से एक ने उनकी गाड़ी के सामने आकर तिरंगा भी फाड़ा। विदेश मंत्री इस समय लंदन में हैं। उन्होंने यहां चैथम हाउस थिंक टैंक के एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम के खत्म होने के बाद जैसे ही वे अपनी कार की तरफ बढ़े। वहां पहले से विरोध कर रहे खालिस्तान समर्थकों ने उन्हें देखकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद एक शख्स तिरंगा लेकर उनकी कार के आगे खड़ा हो गया और रास्ता रोक लिया। इस दौरान उसने भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ने जैसी शर्मनाक हरकत भी की। खालिस्तान समर्थक की तिरंगा फाड़ने की हरकत को देखते ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी से दूर ले गए। ये पूरी घटना विदेश मंत्री की सुरक्षा में चूक के तौर पर देखी जा रही है। जब जयशंकर चैथम हाउस में पहुंचे थे, उससे पहले ही खालिस्तानी समर्थक वहां मौजूद थे और सड़क के दूसरी तरफ खालिस्तानी झंडे लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद जयशंकर के बाहर आते समय सुरक्षा घेरा नहीं बढ़ाया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना से भारतीय समुदाय में आक्रोश है। इस घटना के बाद लंदन में भारतीयों ने विरोध जताया। लोग ब्रिटिश सरकार से मांग कर रहे हैं कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। भारत सरकार से भी इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर उठाने की उम्मीद है।

### शादी का वादा तोड़ना रेप नहीं-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में कहा कि 16 साल तक लिवइन रिलेशनशिप में रहने के बाद कोई महिला रेप का आरोप नहीं लगा सकती। सिर्फ शादी करने का वादा तोड़ने से रेप का मामला नहीं बनता, जब तक यह साबित न हो जाए कि शुरुआत से ही शादी की कोई मंशा नहीं थी। महिला ने 2022 में अपने पूर्व लिवइन पार्टनर पर रेप का केस दर्ज कराया था। उसका आरोप था कि 2006 में पार्टनर जबरदस्ती उसके घर में घुसा और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी का झांसा देकर 16 साल तक उसका शोषण किया। फिर किसी दूसरी महिला से शादी कर ली। कोर्ट बोला- पढ़ी-लिखी महिला इतने साल धोखे में कैसे रह सकती है जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर कोई महिला इतने समय तक रिश्ते में रहती है, तो इसे धोखा या जबरदस्ती नहीं कहा जा सकता है। यह मामला लिवइन रिलेशनशिप के बिगड़ने का है, न कि रेप का। कोर्ट ने सवाल उठाया कि एक पढ़ी-लिखी और आत्मनिर्भर महिला इतने सालों तक किसी के धोखे में कैसे रह सकती है। ऐसा कैसे हो सकता है कि जब अचानक उसका पार्टनर किसी और से शादी कर ले, तब केस दर्ज कराए। कोर्ट ने मामला खत्म करते हुए कहा कि केस जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

### आंख के बदले आंख की तर्ज पर टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प

**नई दिल्ली।** अमेरिका 2 अप्रैल से भारत पर आंख के बदले आंख की तर्ज पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा। इसका मतलब यह कि भारत जितना टैरिफ अमेरिकी कंपनियों से आने वाले सामान पर लगाएगा, अमेरिका भी उतना ही टैरिफ भारतीय कंपनियों के अमेरिका जाने वाले सामान पर लगाएगा। ये ऐलान अमेरिका का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक 5 मार्च को सुबह अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में किया। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अमेरिका इस फैसले से भारत पर क्या असर होगा? क्या अमेरिकी सामान सस्ता हो जाएगा? अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा क्यों कर रहे हैं। टैरिफ दूसरे देश से आने वाले सामान पर लगाया जाने वाला टैक्स है। जो कंपनियां विदेशी सामान देश में लाती हैं, वे सरकार को ये टैक्स देती हैं।

दैनिक हुक्मनामा समाचार से जुड़ने के लिए संपर्क करे-
मो. 9828011251, 8824399949

Scan to Subscribe

### पटेला री पोल

अय्यर के बिगडे बोल पर, अब भाजपा ने छेड़ा राग
वरना मोदी की डिग्री को लेकर, उसको आ रहे थे झाग
राजीव फेल हुए कभी, पर राजनीति में तो हुए वे पास
मक्कारी मक्कार दिखाएं, पर बनते थे कभी वे खास

..मुखिया जी

# उदयपुर के जंगल में लगी भीषण आग



## सज्जनगढ़ सेंचुरी और बायोलॉजिकल पार्क में पर्यटकों की एंट्री बंद



### मकान खाली करवाए

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उदयपुर के सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में पिछले 3 तीन से लगी आग ने गुरुवार सुबह विकराल रूप धारण कर लिया। हवा तेज चलने के कारण आग 7 हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई। आग फैलने की सूचना के बाद उदयपुर से दमकल की 10 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची। कई फेरे करते हुए आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के, वन विभाग और दमकल कर्मचारी मौके पर डटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार, जहां आग लगी उससे लगता हुआ आबादी क्षेत्र है। प्रशासन ने 6 घरों को खाली कराया है और उन घरों से गैस सिलेंडर को बाहर निकलवाया है। आग की सूचना के बाद लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई है। । प्रशासन ने मवेशियों को भी बाहर निकालने की अपील की है। आग को देखते हुए अभयारण्य और बायोलॉजिकल पार्क दोनों में टूरिस्ट का प्रवेश बंद कर दिया गया है। सज्जनगढ़ सेंचुरी में लगी आग की लपटें सज्जनगढ़ बायो पार्क तक पहुंच गई है। आग को अंदर की तरफ बढ़ने से रोकने के लिए वन विभाग और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। यहां आग को पार्क की तरफ बढ़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

**किसी तरह का कोई नुकसान नहीं** उदयपुर कलेक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल और छ्स्न्ह्र अजय चित्तौड़ा मौके पर मौजूद हैं। धुआं पहाड़ी इलाके से सड़क तक पहुंचने लगा है। अधिकारी मास्क लगाए नजर आ रहे हैं। कलेक्टर नमित मेहता ने बताया- 2 दिन से आग को कंट्रोल कर लिया गया था। सुबह तेज हवा की वजह से आग फैलती गई।

### 50 टूरिस्ट को बाहर निकाला गया

डीएफओ सुनील सिंह ने बताया- सुबह 10 बजे के करीब आग लगने की सूचना मिली। उस समय मानसून पैलेस और बायोलॉजिकल पार्क में लगभग 50 पर्यटक मौजूद थे। सुरक्षा को देखते हुए सबसे पहले टिकट खिड़की को बंद करवाया गया। इसके बाद सभी पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला और पार्क की एंट्री बंद कर दी गई।

# आबूरोड में ट्रॉले से टकराई कार, 6 लोगों की मौत

## गाड़ी में फंसे शव, गेट तोड़कर बाहर निकाला



**आबूरोड, सिरोही।** सिरोही के आबूरोड में एक तेज रफ्तार कार ट्रॉले से टकरा गई। एक्सीडेंट में एक ही परिवार के 7 में से 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक महिला गंभीर घायल है। जालोर के रहने वाले कार सवार अहमदाबाद से लौट रहे थे। माउंटआबू सीओ गोमाराम ने बताया कि गुरुवार सुबह 3 बजे किवरली के पास एक्सीडेंट हुआ था। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रॉले नीचे घुस गई। गाड़ी के गेट तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया। मौके पर 4 लोगों ने दम तोड़ दिया था। वहीं, 2 की मौत आबूरोड के हॉस्पिटल में हुई।

**आधी कार खत्म, कई शव बुरी तरह फंसे** हाईवे पेट्रोलिंग की हेड कॉन्स्टेबल विमला ने बताया- एक्सीडेंट के दौरान आसपास के एरिया में जोरदार ब्लास्ट की आवाज भी सुनाई दी। हाईवे पर ही पेट्रोलिंग कर रही पुलिस वैन आवाज सुनकर सबसे पहले मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने तुरंत घायलों को निकालने की कोशिश की, लेकिन कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचकने से शव फंस गए। क्रेन की मदद से ट्रोले में फंसी कार को बाहर निकाला गया। वहीं से गुजर रही एक बस को रुकवाकर उसमें से सरिया निकाला और दरवाजे को तोड़ा। दरिया देवी को तुरंत एम्बुलेंस से आबूरोड के हॉस्पिटल पहुंचाया।

### तेलंगाना टनल हादसा

## 13 दिन से फंसे 8 मजदूर

**नागरकुर्नूल।** तेलंगाना के नागरकुनूल में 22 फरवरी को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल की छत गिर गई थी। हादसे में 8 मजदूर पिछले 13 दिन से फंसे हुए हैं। मजदूरों के बचने की उम्मीद कम है, हालांकि तलाशी अभियान अभी भी चलाया जा रहा है। इंडियन एक्सप्रेस ने एक रिपोर्ट के हवाले से बताया- करीब 5 साल पहले टनल के कुछ फॉल्ट जोन और कमजोर चट्टानों के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया था। दरअसल साल 2020 में एमबर्ग टेक एजी नाम की कंपनी ने एक सर्वे किया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि 14 किमी लंबे इस टनल के 13.88 किमी से 13.91 किमी के हिस्से की चट्टानें कमजोर हैं। इस हिस्से में पानी भी भरा हुआ है। जमीन खिसकने का भी खतरा है। बचावकर्मियों के मुताबिक जिस हिस्से को रिपोर्ट में खतरनाक बताया गया था, वही हिस्सा गिरा है। सर्वे रिपोर्ट टनल बनाने वाली कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को भी दी गई थी।

### विधानसभा बजट सत्र

# भाजपा विधायक और सरकारी मुख्य सचेतक भिड़े

**भाजपा विधायक धनखड़ और सरकारी मुख्य सचेतक गर्ग के बीच जमकर नोक-झोंक**



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विधानसभा में अनुदान मांगों पर बोलने वालों की लिस्ट से नाम काटे जाने के मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक कुलदीप धनखड़ और सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के बीच जमकर नोक-झोंक हुई।

दोपहर में लंच टेबल पर दोनों ने एक-दूसरे को जमकर खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान कई विधायक भी मौजूद थे, सीनियर नेताओं ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया।

धनखड़ स्वास्थ्य की अनुदान मांगों पर बोलना चाहते थे, लेकिन सचेतक ने उनका नाम नहीं लिखा, इस मुद्दे पर बात इतनी बढ़ी कि कई विधायकों की मौजूदगी में लंच के दौरान भिड़ गए। इससे पहले कांग्रेस विधायक डॉ शिखा मील बराला ने राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज में गैर डॉक्टर को कुलपति बनाए जाने पर सवाल उठाए। हेल्थ विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान शिखा मील बराला ने कहा-आरयूएचएस में एक नई पर्ची के हेल्थ विभाग के गलियारों में बड़े चर्चे हैं।

आरयूएचएस वीसी पद पर महाराष्ट्र के रहने वाले फार्मासिस्ट को लगाया गया है, यह राजस्थान के सभी वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टर्स पर सवालिया निशान है। ये वहीं डॉक्टर हैं, जिन्होंने अपने करियर में हजारों स्पेशलिस्ट तैयार कर दिए।

क्या राजस्थान का एक भी डॉक्टर इस पद के लायक नहीं था? इससे पहले विधानसभा में शून्यकाल के दौरान खराब कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ।

# प्रदेश के 15 जिलों में उत्तरी हवाओं से लुढ़का पारा

## फतेहपुर में 4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं से राजस्थान में रात में पारा कई शहरों में गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया। इससे इन शहरों में एक बार फिर सुबह-शाम की सर्दी तेज हो गई। दिन में आसमान साफ और तेज धूप रहने से लोगों को सर्दी से राहत रही। सुबह-शाम की तेज सर्द हवाओं का दौर आज भी जारी रहेगा। 7 मार्च से उत्तरी हवाएं कमजोर होने लगेगी और तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम देखे तो कल पूरे दिन आसमान साफ रहा और दिनभर सर्द हवाएं राजस्थान के कई शहरों में चली। इससे पहले पाली, झुंझुनूं, दौसा, माउंट आबू, करौली, फतेहपुर, सिरोही, हनुमानगढ़, बारां, नागौर, चूरू, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, सीकर, टोंक और भीलवाड़ा में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। कल सबसे कम तापमान सीकर के पास फतेहपुर में 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह-शाम सर्द हवाएं चलने और तापमान गिरने से बढ़ी सर्दी से लोगों को दिन में राहत रही।

### हिमाचल में बर्फबारी-बारिश का अनुमान



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने अगले दो दिन बर्फबारी और बारिश की चेतावनी जारी की है। लाहौल और स्पीति जिले के कुकुमसेरी में सबसे कम तापमान -12.5 डिग्री दर्ज किया। केलॉन्ग में पारा -11.0 डिग्री रहा। 9 मार्च को लाहौल-स्पीति, किन्नौर और चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं से राजस्थान में रात में पारा कई शहरों में गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया।

# सनातन विरोधी टिप्पणी, उदयनिधि को कोर्ट में पेश होने से छूट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आदेश दिया कि उसकी अनुमति के बिना सनातन धर्म विरोधी टिप्पणी मामले में तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन पर कोई नई एफआईआर नहीं होगी। इसके अलावा सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने उदयनिधि के सुनवाई में उपस्थित रहने से छूट का अंतरिम आदेश भी बढ़ा दिया। उदयनिधि ने 2023 के मामले में दायर कई एफआईआर को एक साथ मिलाकर तमिलनाडु में ही एक मामला चलाने की याचिका दायर की थी। इसी पर गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई 28 अप्रैल को होगी। तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने 2 सितंबर, 2023 को चेन्नई के एक कार्यक्रम में सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है।

## मोदी उत्तराखंड में- मुखवा में गंगा पूजा की

# राज्य में किसी सीजन में टूरिज्म बंद नहीं होगा-मोदी



**उत्तरकाशी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड दौरे पर हैं। पीएम सबसे पहले उत्तरकाशी के मुखवा पहुंचे। मुखवा को मां गंगा का मायका कहा जाता है। यहां उन्होंने मां गंगा के मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद बाइक रैली को रवाना किया। पीएम ने यहां व्यू पॉइंट से हर्षिल घाटी देखी। जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि ठंड में जब देश के बड़े हिस्से में कोहरा होता है, सूर्य के दर्शन नहीं होते, तब पहाड़ों पर धूप होती है। ऐसे में कई लोग यहां धूप सेंकने आ सकते हैं। इसके लिए घाम तापो (धूप सेंको) पर्यटन हो सकता है।

मैं कंपनियों से कहना चाहता हूं कि वे अपने बड़े-बड़े सेमिनार, कॉन्फ्रेंस के लिए उत्तराखंड आएं। पीएम बनने के तीसरे कार्यकाल में मोदी का यह उत्तराखंड का दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 28 जनवरी को 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने उत्तराखंड आए थे। उत्तराखंड सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन शुरू किया है। छ्रू पुष्पेंद्र धामी ने कहा - इस दौरे से अर्थव्यवस्था, होमस्टे टूरिज्म, बॉर्डर एरिया के गांव के डेवलपमेंट को गति मिलने की उम्मीद है। अब किसी भी सीजन में उत्तराखंड का टूरिज्म ऑफ नहीं, ऑन रहेगा। धार्मिक यात्रा के लिए उत्तराखंड मे सर्दियों का मौसम सबसे बेस्ट है। उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए डबल इंजन सरकार तेज गति से काम कर रही है।

उत्तराखंड के विकास के लिए 2 रोपवे प्रोजेक्ट को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। 1962 में चीन ने उत्तराखंड के जादुंगांव और माणा गांव को खाली करा दिया गया था। 60-70 साल तक उस गांव को किसी ने नहीं ध्यान दिया, लेकिन हमने उसको फिर से बसाने का काम किया। 2014 से पहले 4 धाम यात्रा पर औसतन 18 लाख यात्री आते थे, अब 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आते हैं।

पहले सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव कहा जाता था, लेकिन हमने प्रथम गांव का दर्जा दिया।जब सर्दियों में देश के बड़े हिस्से में कोहरा होता है, धूप नहीं निकलती, तब पहाड़ों पर धूप का आनंद मिल रहा होता है। इसे गढ़वाली में घाम तापो पर्यटन कहेंगे।

मैं नौजवान साथियों से कहूंगा कि विंटर टूरिज्म और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखंड आएं। कंटेन्ट क्रीएटर्स भी देवभूमि उत्तराखंड की सेवा कर सकते हैं।

CMYK

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित

# जेजेएम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जल स्रोतों की उपलब्धता की जा रही सुनिश्चितः जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने कहा कि राज्य सरकार हर घर नल से जल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव ढ़ाणी तक पेयजल पहुंचाना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा रहे है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री बुधवार को विधान सभा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (मांग संख्या-41) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने विभाग की 118 अरब 66 करोड़ 49 लाख 47 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं। **जल जीवन मिशन में राज्य की स्थिति में हुआ सुधार** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि गत सरकार में जल जीवन मिशन में प्रदेश की रैंक लगातार न्यूनतम स्तर पर रही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व से इस स्थिति में सुधार आया है। गत सरकार में जल स्रोतों की व्यवस्था किए बिना पेयजल कनेक्शन दिये गये। हमारी सरकार ने इस कमी को दूर कर विभिन्न जल परियोजनाओं के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर पेयजल कनेक्शन देने का कार्य किया है। **अवैध पेयजल कनेक्शन पर कड़ी कार्यवाही** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि अवैध पेयजल कनेक्शन प्रदेश में पेयजल योजनाओं के सफल संचालन में बड़ी बाधा है। इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही करते हुए कनेक्शन विच्छेद कर जुर्माना लगा रहे है। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन हटाने के लिए सभी को सजग रहते हुए अपना कार्य करना होगा। जलदाय मंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए विभाग द्वारा सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। फील्ड विजिट कर आमजन से फीडबैक लिया जा रहा है। योजनाओं का मौका मुआयना कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार पाये जाने पर उचित कार्यवाही हो रही है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश में पम्पिंग स्टेशनों हेतु सौर ऊर्जा का उपयोग करने की योजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। **राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज एक्ट 2025 का प्रारूप तैयार** उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में पेयजल उपभोक्ताओं को नया नल कनेक्शन लेने की वर्तमान जटिल प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब जल सम्बन्ध के लिए आवेदन पत्र प्राप्त होने पर एकल मांग पत्र राशि रूपये 8100 प्रति जल सम्बन्ध का प्रावधान किया गया है। इससे भावी जल उपभोक्ताओं को रोडकट अनुमति, मीटर खरीदने एवं नलकार इत्यादि के लिए अलग-अलग एजेन्सियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि पेयजल उपभोक्ताओं की शिकायतों को समय पर निस्तारण करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाते हुए कंज्यूमर सेंट्रिक अप्रोच के तहत शिकायतकर्ता की शिकायत को दर्ज करने एवं एण्ड टू एण्ड निस्तारण सुविधायुक्त कज्यूमर कॉल सेन्टर स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न पेयजल परियोजनाओं के लिए जयपुर जिले हेतु 2 हजार 675 करोड़ एवं अजमेर हेतु 1 हजार 77 करोड रूपए का बजट में प्रावधान किया गया है। इससे आने वाले समय में वर्ष 2053 तक की जनसंख्या के अनुसार कार्य हो सकेगें।

## फाल्गुनी मेले का आगाज, कुशालगढ़ के बाबा श्याम ने किया नगर भ्रमण

**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** कुशालगढ़ के बाबा श्याम के मंदिर पर श्रीश्याम मंदिर कमेटी की ओर से 7 दिवसीय फाल्गुन के रंग सांवरिये के संग मेले का गुरुवार को भगवान ठाकुरजी के नगर भ्रमण और निशान यात्रा के साथ आगाज हो गया। सुबह 9 बजे श्यामप्रेमी बालाजी चौक स्थित मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां पर बाबा श्याम की और निशानों की विधिवत पूजा की गई। इसके बाद बाबा श्याम का भव्य रथ निशान यात्रा के साथ बालाजी चौक से रवाना हुआ। जो नगर भ्रमण कर बाबा श्याम के मंदिर पहुंची। इस दौरान भगवान की भव्य आकर्षक झांकी सजाई गई। मंदिर कमेटी के तत्वावधान में श्याम परिवार सेवा समिति की ओर से निशान यात्रा को लेकर पूरे शहर में जबरदस्त उत्साह देखा गया। निशान यात्रा में हजारों श्यामप्रेमी बाबा श्याम के हाथों में निशान लिए और जयकारे लगाते हुए बालाजी चौक से रवाना हुए और यात्रा चौपड़, खारी बाजार, देवी स्टोर चौराहा, पुरानी अनाज मंडी सीतारामजी मंदिर से फव्वारा चौक, उदेई मोड़ होते हुए नहर रोड कुशालगढ़ बाबा श्याम के मंदिर पहुंची। वहीं, यात्रा में शहर के लोग स्वागत के लिए उमड़ पड़े। निशान यात्रा कुशलगढ़ की बाबा श्याम के मंदिर पहुंची और यहां पर सभी श्याम प्रेमियों को प्रसादी का वितरण किया गया।

## वृद्धजनों हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के निर्देशानुसार एवं अवेयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटिजन्स की अनुपालना में वृद्धजनों के अधिकारों एवं उनकी विधिक सहायता के लिए राजस्थान पेंशनर्स समाज जिला शाखा टोंक के कार्यालय में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करना तथा उनके लिए उपलब्ध विधिक सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायमित्र राजेश कुमार सिसोदिया ने शिविर के दौरान वृद्धजनों को उनके कानूनी अधिकार, जैसे वृद्धावस्था पेंशन, संपत्ति विवाद, मेडिकल सहायता एवं अन्य कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। असिस्टेंट एल.ए.डी.सी. पंकज कुमावत ने बताया कि समाज में




वृद्धजनों का सम्मान एवं उनके अधिकारों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। साथ ही यह भी बताया कि रोड़वेज में वरिष्ठ नागरिकों को किराये में 40 प्रतिशत की छूट प्राप्त है एवं हवाई यात्रा में 50 प्रतिषत की छूट प्रदान की गयी है। वृद्धजनों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं राजेश कुमार सिसोदिया, पंकज कुमावत एवं अधिकार मित्र मदनलाल वर्मा ने वृद्धजनों के सवालों का उत्तर दिया तथा उन्हें कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में समझाया। शिविर में वृद्धजनों ने अपनी समस्याओं एवं सवालों को साझा किया, तथा उन्हें कानूनी सहायता के लिए मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### जंगल में लगी आग

## 12 बीघा भूमि की वनस्पति जली

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़ी के डांग क्षेत्र स्थित कुआं खेड़े के पास छाबई का पूरा के जंगल में आज दिन में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से करीब 12 बीघा वनस्पति जलकर राख हो गई। ग्रामीण रामभरोसी गुर्जर ने बताया कि दिन में जंगल से अचानक धुआं उठता दिखा। जब उन्होंने नजदीक जाकर देखा तो आग की लपटें निकल रही थीं। उन्होंने तुरंत आवाज लगाकर अन्य ग्रामीणों को इकट्ठा किया। ग्रामीणों ने तत्काल बाड़ी नगर पालिका के फायर स्टेशन को सूचना दी। कुछ ग्रामीणों ने इंजन से पानी डालकर आग को फैलने से रोका। ग्रामीणों की सतर्कता और समय पर की गई कार्रवाई से जंगल के किनारे स्थित खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन 10 से 12 बीघा भूमि में मौजूद धोक और बबूल के पेड़ एवं अन्य जंगली वनस्पति जलकर खाक हो गई है।

## टोडारायसिंह तहसील की पूर्व 11 पंचायत का पुर्नसीमांकन व क्षेत्राधिकार को लेकर सौंपा ज्ञापन



**टोड़ारायसिंह (हुक्मनामा समाचार)।** संभागीय आयुक्त महेश शर्मा के उपखंड मुख्यालय पर आगमन पर बार एसोसिएशन की ओर से टोडारायसिह तहसील की 11 ग्राम पंचायतों को टोंक में समायोजित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनुराग शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि टोडारायसिंह तहसील की पूर्व 11 पंचायत को टोंक जिले में समायोजित किया गया था, लेकिन वर्तमान मे राज्य सरकार द्वारा केकडी जिले को खत्म किया जा चुका है और टोडारायसिंह उपखण्ड को पुनः टोक जिले में सम्मिलित किया जा चुका है। इस सन्दर्भ मे अभिभाषक संघ टोडारायसिंह की पुर जोर मांग है कि टोडारायसिंह क्षेत्र की 11 पंचायतो का समायोजन पूर्व की भाँति टोंक तहसील के स्थान पर टोडारायसिंह तहसील में किया जावे तथा राजस्व न्यायालय का क्षेत्राधिकार पूर्व की भाँति टोडारायसिंह उपखण्ड अधिकारी मे ही निहित रखा जावे।

## पीएम इंटर्नशिप में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 12 मार्च

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए प्रायोजित पीएम इंटर्नशिप में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 12 मार्च है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमवारामगढ़ के प्राचार्य डॉ शिवकुमार मीना ने बताया की पीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम क्षेत्र के युवाओं का कोशल उन्नयन एवं रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण कडी साबित होगा। पीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम संयोजक प्रोफेसर डॉ रामेश्वरी मीणा ने बताया की इसके लिए युवा पीएम इंटर्नशिप पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करायें। डॉ रामेश्वरी मीणा ने बताया की योजना में आवेदन के लिए जो युवा 21-24 वर्ष आयु वर्ग में हो ओर पूर्णकालिक शिक्षा व पूर्णकालिक रोजगार में नहीं हो। इस योजना में आवेदन के लिए शैक्षणिक योग्यता 10-12 वीं पास तथा आइआइटी हो। तथा जिनके पास पालिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या बीए, बीएससी, बीकाम, बीबीए या बीफार्मा आदि डिग्री हो। इस योजना का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक व्यावसायिक वातावरण से परिचित होंने का अवसर मिलेगा। जिससे उन्हें कोशल ओर कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## एक लाख से अधिक कीमत की 800 किलो पॉलिथीन जब्त



**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर परिषद ने पॉलिथीन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की हैं। नगर परिषद की टीम ने शास्त्री नगर में छापा मारते हुए एक व्यापारी के घर से 20 बोरी पॉलिथीन पकड़ी हैं। उनका कुल वजन 800 किलो के करीब बताया गया हैं। नगर परिषद के आर आई रजत जैन ने बताया कि नगर परिषद द्वारा पॉलिथीन रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत टीम को सूचना मिली थी कि शास्त्री नगर सेक्टर नंबर 2 में व्यापारी पदम सेठ के घर एक ट्रक से पॉलिथीन उतारी गई हैं। आर आई ने बताया कि नगर परिषद की अलग-अलग टीम पॉलिथीन पकड़ने के लिए अभियान चलाए हुए हैं। शास्त्री नगर में हुई कार्रवाई के दौरान नीरज चाहर एसआई, पदम सिंह फौजदार एईएन, जितेंद्र शर्मा, महेश दीक्षित, हेमंत और होतम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### चन्द्र प्रभु भगवान का मनाया मोक्ष कल्याणक महोत्सव

# मोक्ष के लिए आत्मज्ञान की प्राप्ति जरूरीः मुनि समत्व सागर

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर तेरापंथीयान माणक चौक पुरानी टोंक में दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि बताया कि चंद्रप्रभु मंदिर में परम पूज्य मुनि समत्व सागर एवं मुनि शील सागर महाराज के पावन सानिध्य में प्रातः बेला में भगवान का महा मस्तकाभिषेक, शांतिधारा के पश्चात नित्य नियम, भगवान, चंद्रप्रभु, णमोकार, नव-देवता, तीर्थंकर की पूजा की गई, निर्वाण कांड का वाचन करते हुए जयकारों के बीच भगवान चंद्रप्रभु को सामूहिक रूप से अशोक छाबड़ा, चेतन, चंद्रशेखर, कमल, रोहित, शिखर चंद एवं पारस आदि ने 11 किलो का लड्डू चढ़ाया, उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी भगवान को लड्डू, श्रीफल, चावल, बादाम, लोंग सहित अष्ट द्रव्य चढ़ाए, श्रद्धालुओं ने भगवान चंद्रप्रभु के जयकारे लगाए, भगवान पार्श्वनाथ की वेदी चौबीस भगवान की वेदी जिनवाणी माता



एवं सरस्वती भंडार पर भी लड्डू चढ़ाए गए। इस अवसर पर मंदिर में सरावगी समाज टोंक के अध्यक्ष रमेश छाबड़ा मोनू चौधरी, नेमीचंद, सुरेंद्र, कमलेश, मनीष, निर्मल, विमल, राहुल, संजू, चमेली, मधु, प्रेमलता, सुमन, आशा, प्रकाश, महावीर, पवन, जिनेन्द्र, अनिल सहित जयपुर अजमेर कोटा एवं टोंक शहर के समस्त कालोनियों से सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे । मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में गुरुदेव के पाद पक्षालन पदम चंद, महेश चंद, मोनू जैन चौधरी एवं शास्त्र भेंट कमल कुमार, विमल कुमार, खेमचंद बिलासपुरिया द्वारा किए गए। रमेश छाबड़ा ने बताया कि धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि समत्व सागर महाराज ने कहा कि आत्मा का अपने और परमात्मा का दर्शन करना ही मोक्ष है मोक्ष को निर्वाण भी कहा जाता है । मानव जब अपने कर्मों से मुक्त होकर अपने निराकार स्वरूप में लीन हो जाता है, तभी उसे मोक्ष मिलता है, मोक्ष की प्राप्ति के लिए अच्छे कर्म करने भक्ति करना और आत्मज्ञान की प्राप्ति करना जरूरी है, मोक्ष स्वर्ग नरक आदि की कल्पना से परे है यह जीवन मुक्ति की स्थिति है, मोक्ष से मानव अनंत ज्ञान अनंत शांति प्राप्त कर जीवन मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है । प्रकाश पटवारी ने बताया कि मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर चंद्रप्रभु दिगंबर जैन नसिया तेरापंथी चंद्रप्रभु दिगंबर जैन नसिया श्याम बाबा, चंद्रप्रभु दिगंबर जैन चैत्यालय बाबरो का चौक में भी भक्ति भाव के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाए गए । शहर के सभी जिनालयों में आज के दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई । मुनि सेवा संघ के अध्यक्ष अशोक छाबड़ा ने बताया कि दोपहर में मंगल आशीष के पश्चात मुनि संघ का विहार पुरानी टोंक से आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक के लिए हुआ।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

## राजस्व मंडल में बैंच गठित

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत आपसी समझाइश योग्य राजस्व प्रकरणों का निस्तारण करने को लेकर राजस्व मंडल स्तर से बैंच का गठन किया गया है। अतिरिक्त निबंधक (न्याय) हेमन्त स्वरूप माथुर ने बताया कि लोक अदालत के लिए राजस्व मण्डल स्तर से सदस्य राजेश कुमार दड़िया (न्यायिक अधिकारी) व सदस्य मदनलाल नेहरा की बैंच का गठन किया गया है। राजस्व मण्डल अजमेर में 08 मार्च , शनिवार को प्रातः 10ः30 बजे दीप प्रज्वलन कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया जायेगा जिसमें पक्षकारों के मध्य आम सहमति व समझाइश के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। लोक अदालत हेतु अब तक 119 प्रकरण चिन्हित कर लिये गये हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर के द्वारा जारी निर्देशों की पालना में राजस्व मण्डल में सेवानिवृत्त आर.ए.एस अधिकारी सुरेश कुमार सिन्धी को मार्गदर्शक नियुक्त कर 18 फरवरी से 21 फरवरी तक पक्षकारों के साथ समझाईश कि।

## एक नजर

### भिवाड़ी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट 2024 अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट 2024 के तहत किए गए समझौता ज्ञापनों (स्ग्ब्ह्य) को वास्तविक निवेश में बदलने और राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में 7 मार्च को प्रातः 10ः30 बजे बीडा सभागार, भिवाड़ी में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा निवेश को प्रोत्साहित करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए रीप्स योजना सहित एमएसएमई, एक्सपोर्ट प्रमोशन, वन जिला वन प्रोडक्ट जैसी महत्वपूर्ण नीतियों को लागू किया गया है। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संघ, टैक्स बार एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट (ष्ठ..), बैंकिंग संस्थान और निवेशक भाग लेंगे। कार्यशाला में रीको, वाणिज्य कर विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, ऊर्जा विभाग, राजस्थान वित्त निगम, बैंकिंग संस्थान सहित अन्य संबंधित विभागों के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे, जो निवेशकों की शंकाओं का समाधान करेंगे और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देंगे। जिला प्रबंधक उद्योग विभाग सुरजीत सिंह खोरिया ने राज्य सरकार की नीतियों का लाभ उठाने और औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को तलाशने के लिए सभी उद्यमियों, निवेशकों और संबंधित हितधारकों से इस कार्यशाला में अनिवार्य रूप से शामिल होने की अपील की है। यह कार्यशाला निवेशकों के लिए सरकारी योजनाओं को समझने और उनका अधिकतम लाभ उठाने का सुनहरा अवसर है।

### 12 मार्च को अजय पब्लिक स्कूल में फाग उत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शाम 5ः15 बजे से बाबा की इच्छा तक अजय पब्लिक स्कूल महिला आई टी आई के पास श्याम फागो उत्सव मनाया जायेगा। जिसका दीप प्रज्वलन माननीय जेठानन्द व्यास करेंगे। इस कार्यक्रम में नन्हे- नन्हे बच्चे राधा ,कृष्ण ,सुदामा, सीता, राम, लक्ष्मण एवं गणेश इत्यादि बन कर आयेंगे। श्याम बाबा का कीर्तन तो होगा ही साथ ही श्याम प्रेमियों की प्रस्तुति पर सभी श्याम प्रेमियों का सम्मान भी किया जायेगा।अतः आप सभी इस रंगारंग कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है, जय श्याम यह कार्यक्रम आप और हम श्याम सेवा समिति द्वारा करवाया जा रहा है। भुले नही 12 मार्च शाम 5ः15 बजे से इस कार्यक्रम को खाटू दरबार बनाना है।

### बीकानेर में जेसीबी की टक्कर से 27 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जेसीबी की टक्कर से 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह हादसा के.एम.सीसी कंपनी भानीपुरा रोड के पास जयमलसर में तीन मार्च को हुआ। इस संबंध में जोधपुर जिले के गुरुओं की ढाणी मां सतीनगर निवासी रामुराम पुत्र खिंयाराम ने जेसीबी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। परिवादी ने बताया कि जेसीबी चालक द्वारा अपने वाहन को तेजगति व लापरवाही से चलाकर टक्कर मारी। जिससे मुकेश (27) की मृत्यु हो गई। परिवादी की रिपोर्ट पर नाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### राजस्व मंडलः पदोन्नति से 17 कार्मिकों की अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्व मंडल में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के तहत राज्य के 17 सहायक प्रशासनिक अधिकारियों को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। पदोन्नत कार्मिकों में दिनेश वैष्णव, गोपाल सिंह, नरेश रावत, सुविजय प्रजापत, राजेश कुमार गुर्जर, हवा सिंह जाट, सुनर्बदा वैष्णव, अजय गुर्जर, पंकज कुमार, नीलू मोदयिानी, विकास खरींटा, भंवर सिंह भाटी, दीपक सिंह, मनोहर लाल, गुरमीत सिंह लबाना, मेहराम व गिरजिश कुमार वर्मा शामिल हैं। सभी नव पदोन्नत कार्मिकों को उनके वर्तमान पदस्थापन स्थान पर ही उपस्थिति देने के निर्देश दिये गए हैं। उनके पदस्थापन आदेश अलग से जारी किये जायेंगे।

### स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस थाना क्षेत्र में टोड़ारायसिंह कस्बा में अवैध मादक पदार्थ स्मैक साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी टोड़ारायसिंह हरिमन ने बताया कि पुलिस गठित टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम के अन्तर्गत कस्बा टोड़ारायिंह में कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र महावीर माली (29) निवासी वार्ड नं. 6 कस्बा टोड़ारायसिंह पुलिस थाना टोड़ारायसिंह के कब्जे से 6.75 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

### जयपुर में कोच ने किया युवती से रेपःट्रेनिंग के लिए आई थी एकेडमी, झूठ बोलकर कमरे में बुलाया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में एक कोच के एकेडमी में आने वाली युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। झूठ बोलकर आरोपी कोच ने युवती को कमरे में बुलाया। फिर जबरदस्ती की। करधनी थाने में युवती ने आरोपी कोच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच स।ह्र (करधनी) सवाई सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- करधनी की रहने वाली 18 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह पिछले काफी समय से एक एकेडमी में ट्रेनिंग करने के लिए जाती है। काफी संख्या में आए लड़के-लड़कियों को आरोपी कोच ट्रेनिंग देता है। आरोप है कि 25 फरवरी को वह रोज की तरह एकेडमी में ट्रेनिंग के लिए गई थी। ट्रेनिंग के दौरान युवती ने बेक पैन होने की बात बताई। आरोपी कोच ने बेक पैन ठीक करने के बहाने झूठ बोलकर एकेडमी के कमरे में ले गया। कमरे में अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर डरा-धमकाकर जबरन उसके साथ रेप किया। इस बारे में किसी को बताने पर धमकी दी। डरी-सहमी पीड़िता ने कुछ दिन बाद हिम्मत दिखाकर परिजनों को आपबीती सुनाई।

## सांगानेर की 838 रंगाई-छपाई फैक्ट्रियों को राहत

# हाईकोर्ट ने कॉमर्शियल कोर्ट के फैक्ट्रियों को कुर्क करने के आदेश पर लगाई रोक, 96 करोड़ की थी वसूली



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान हाईकोर्ट से सीएम के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर में स्थित करीब 838 रंगाई-छपाई फैक्ट्रियों को बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट ने आज कॉमर्शियल कोर्ट के 14 फरवरी के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसमें कॉमर्शियल कोर्ट ने कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) बनाने वाली कंपनी को बकाया भुगतान करने के लिए इन फैक्ट्रियों को कुर्क करने का आदेश दिया था। आज सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अवनीश झींगन और जस्टिस मनीष शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा- कॉमर्शियल कोर्ट राज्य सरकार और प्राइवेट व्यक्तियों से वसूली के निर्देश नहीं दे सकती है। सीईटीपी प्लांट बनाने का एग्रीमेंट निर्माता कंपनी एडवेंट एंवायरकेयर टेक्नोलॉजी और मैसर्स सांगानेर एनवायरो प्रोजेक्ट डवलपमेंट (सरकार व सांगानेर एसोसिएशन के सदस्य) के बीच हुई था। ऐसे में भुगतान नहीं होने पर कुर्की का आदेश केवल डवलपमेंट कंपनी के खिलाफ दिया जा सकता हैं। उसके सदस्यों के खिलाफ व्यक्तिगत कुर्की के आदेश नहीं दिए जा सकते हैं।

**कंपनी को करना है 96 करोड़ का भुगतान-** दावाकर्ता कंपनी की ओर से पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मेहता ने बताया- एमएसएमई-एफसी अहमदाबाद ने कंपनी के पक्ष में फैसला देते हुए साढ़े 52 करोड़ रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया था। आदेश की पालना नहीं होने पर कंपनी ने जयपुर महानगर-द्वितीय की कॉमर्शियल कोर्ट-1 में दावा पेश किया। जिस पर सुनवाई करते हुए कॉमर्शियल कोर्ट ने कंपनी के बकाया 96 करोड़ (ब्याज के साथ बढ़ी हुई राशि) की वसूली के लिए सांगानेर रंगाई-छपाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों के स्वामित्व वाली संपत्तियों व परिसरों को कुर्क करने और उनकी चल-अचल संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया था। लेकिन जिला कलक्टर और पुलिस कमिशनर का सहयोग नहीं मिलने पर कुर्की वारंट बिना तामील ही लौट आए।

**करीब 145 करोड़ की लागत से बनना था प्लांट-** सांगानेर की रंगाई-छपाई एसोसिएशन के सदस्य घनश्याम कूलवाल ने बताया कि फैक्ट्रियों से निकलने वाले अपशिष्ट रसायनिक पानी को ट्रीट करने के लिए यह सीईटीपी प्लांट बनना था। इसके लिए मैसर्स सांगानेर एनवायरो प्रोजेक्ट डवलपमेंट कंपनी गठित हुई। कंपनी में केन्द्र 50 प्रतिशत, राज्य और एसोसिएशन 25 प्रतिशत के हिस्सेदार बने। साल 2016 में करीब 145 करोड़ का टैंडर निर्माता कंपनी को मिल गया। कंपनी ने इसका काम भी शुरू कर दिया। इसी बीच देश में जीएसटी लागू हो गई। कंपनी ने प्लांट की लागत बढ़ाकर 169 करोड़ तय कर दी। कंपनी ने इसका काम शुरू कर दिया। हमने कंपनी को करीब 129 करोड़ का भुगतान भी कर दिया। लेकिन बीच में विवाद होने पर कंपनी ने काम बंद कर दिया और बकाया का भुगतान के लिए अहमदाबाद में वाद पेश कर दिया। आज भी उस बकाया काम को राज्य सरकार अपने स्तर पर पूरा करा रही हैं। इसके लिए हम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बना वरदान

# बालक तनवीर को मिली जन्मजात हृदय रोग से मुक्ति



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा विभाग का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम उन बच्चों के लिए वरदान सरीखा साबित हुआ है जो पैदाईश से ही विभिन्न शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे थे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महत प्रयासों की वजह से न केवल इन बच्चों का इलाज नि:शुल्क किया गया बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और रौशन भविष्य की राह भी दिखाई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि 11 वर्षीय बालक तनवीर योगी को जैसे नया जीवन मिला है। जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहा तनवीर आज पूर्ण रूप से स्वस्थ है और यह सब चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के शानदार प्रयासों की बदौलत संभव हो सका है। रामपुरा ग्राम निवासी और पेशे से मजदूरी करने वाले पिता हरिमोहन योगी की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है।बालक तनवीर 01 वर्ष का था तब से ही उसे लक्षण दिखाई देने लगे थे और वह अस्वस्थ रहने लगा था। पिता हरिमोहन ने उसे लेकर अस्पतालों के चक्कर लगाए पर बात नहीं बनी। समय बीतता गया और हाल ही में गत 10 फरवरी को जब राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मोबाईल हैल्थ टीम 卐ए卐 गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल रामपुरा में बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए आई तो वहां उन्हें परीक्षण के दौरान तनवीर के हृदय की बीमारी के विषय में पता लगा। मोबाईल हैल्थ टीम के डॉ. जगमोहन बैरवा, डॉ. पायल नहरिया ने उसे मानसरोवर स्थित इंडस अस्पताल रैफर कर दिया। टीम ने पिता हरिमोहन को हिम्मत बंधाई और समस्त ईलाज नि:शुल्क होने के विषय में बताया। इंडस अस्पताल में गत 14 फरवरी को डॉ. विनोद गुप्ता व उनकी टीम ने बालक तनवीर का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन सफल रहा और तनवीर को जन्मजात हृदय रोग की तकलीफ से मुक्ति मिल गई। कुछ दिनों तक चिकित्सकों की देखरेख में रहने के बाद उसे गत 22 फरवरी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## आईफा के लिए बॉलीवुड सितारों का जयपुर पहुंचना शुरू

# माधुरी दीक्षित करेंगी शूटिंग, नोरा फतेही जेईसीसी में सेट पर डांस रिहर्सल करेंगी



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय सिनेमा के अवॉर्ड शो इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स (आईफा) इस साल अपनी सिल्वर जुबली जयपुर में 8 मार्च और 9 मार्च 2025 को मना रहा है। इस साल की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड' रखी गई है। इसमें शामिल होने के लिए बॉलीवुड सितारों का जयपुर पहुंचना शुरू हो गया है। अलग-अलग फ्लाइट में नामचीन सेलिब्रिटी पिंकसिटी पहुंच रहे हैं। एक्टर अपारशक्ति खुराना जयपुर पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित, नोरा फतेही, नुशरत भरूचा भी आज आएंगे। जयपुर एयरपोर्ट से सभी स्टार्स मानसरोवर स्थित होटल इंटरकॉन्टिनेंटल के लिए रवाना हुए। जानकारी के मुताबिक माधुरी दीक्षित हयात में शूटिंग का हिस्सा बनेंगी। वहीं, नोरा फतेही जेईसीसी में होने वाले अवॉर्ड शो के सेट पर डांस रिहर्सल करेंगी। अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना, विजय वर्मा आठ मार्च को होने वाले डिजिटल अवॉर्ड्स को होस्ट करेंगे, इसके लिए वे भी सेट पर रिहर्सल करने के लिए जेईसीसी पहुंचे। इसके अलावा उनका जयपुर में अलग-अलग लोकेशन पर शूटिंग का भी प्लान है। अपराशक्ति खुराना ने कहा कि हम आज इस जगह प्रेक्टिस कर रहे हैं, यहां पर 15 हजार लोग आएंगे। यह हमारे लिए भी खास अनुभव होने वाला है।

**8 मार्च को डिजिटल अवॉर्ड, 9 मार्च को मुख्य आईफा अवॉर्ड-** 8 मार्च को जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन सेंटर और कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स होंगे। इनमें डिजिटल और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। 9 मार्च को आईफा अवॉर्ड्स का ग्रैंड फिनाले, जिसमें भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कार्यों और कलाकारों को प्रतिष्ठित आईफा अवॉड्?र्स से नवाजा जाएगा।

## सहारा प्राइम सिटी के मामले में राज्य उपभोक्ता आयोग ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के आदेश दिए

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा सहारा प्राइम सिटी के विरुद्ध अवमानना कार्रवाई को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्तों की हर संभव गिरफ्तारी करने के आदेश दिए हैं। राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा दो दिनों में अलग-अलग कुल 67 अवमानना प्रकरणों की सुनवाई करते हुए पुलिस के विशेष बल द्वारा की गई कार्रवाई का अवलोकन किया द्य पुलिस द्वारा बताया गया कि नोटिस तामील नहीं हो पा रहे है। आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कच्छवाहा, सदस्य न्यायिक निर्मल सिंह मेड़तवाल, सदस्य लियाकत अली ने आदेश दिया कि आयोग द्वारा लंबे समय से वारंट बार-बार जारी किए जा रहे हैं द्य विशेष पुलिस बल का गठन भी किया गया है द्य आयोग द्वारा अपने आदेश में कहा कि पुलिस रिपोर्ट के अवलोकन से ज्ञात हो रहा है कि वारंटी जानबूझकर प्रकरणों में पूर्व में जारी जमानती वारंट की तरह गिरफ्तारी वारंट की भी तमिल से बच रहे हैं, और निकट भविष्य में वारंटी की तमिल सामान्य क्रम में होने की संभावना नहीं है द्य अत: प्रकरण के शेष अप्रार्थीगण, अभियुक्तगण के विरुद्ध वारंट पुन: जारी कर विशेष पुलिस दल को सुपुर्द किए जाए और गिरफ्तारी वारंट पर पूर्व की तरह शर्त लिखी जावे, तथा उन्हें हिदायत की जावे की गिरफ्तारी वारंट इस बात की विश्वसनीय सूचना विशेष पुलिस दल के पास हो की वारंटी अमुक परिसर के भीतर है, और उसे परिसर में प्रवेश करके गिरफ्तार किया जा सकता है तो नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संबंध में प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए अप्रार्थीगण, अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किया जाए। आयोग द्वारा अपने आदेश में कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए महानिदेशक, पुलिस राजस्थान सरकार के नाम वारंटों के साथ पृथक से पत्र जारी कर उन्हें निर्देशित करने के भी आदेश देते हुए कहा कि वह विशेष दल का गठन करते हुए उस दल में महिला कांस्टेबल को भी सम्मिलित किया जावे, और उन्हें वारंटी के विभिन्न निवास, कार्यालय पर दिए गए पतों पर जाकर तलाश किए जाने हेतु अधिकृत किया जावे एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई जावे और उनके आवागमन की समुचित व्यवस्था की जाए।

## टी.बी.मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में जिले में आयोजित हो रही विभिन्न जागरूकता गतिविधियां : डॉ- शेखावत, सीएमएचओ



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गुरुवार को मिनी स्वास्थ्य भवन स्थित सीएमएचओ कार्यालय में मीडिया को जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ.रवि शेखावत ने बताया कि टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत जिले में संभागीय आयुक्त कार्यशाला, बाल क्षय रोग निदान कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका है तथा ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला, स्कूल एक्टिविटी और पेशेन्ट प्रोवाइडर मीटिंग, कम्यूनिटी मिटिंग ग्राम सभा एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जनता में जागरूकता बढाने एवं सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी पहुचाने हेतु होर्डिंग्स /बैनर/ब्रॉशर्स/रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड पर एलईडी स्क्रीन डिसप्ले एवं अन्य आईईसी गतिविधियां आयोजित की जा रही है एवं अभियान में ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल्स पर सोशल मीडिया कैम्पेन चलाकर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान में निरंतर संभावित टीबी रोगियों की जाँच तम्बाकू उपभोगी टीबी रोगियों को तम्बाकू छोड़ने हेतु काउंसलिंग ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर नारा लेखन जैसी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आगामी दिवसों में जिला स्तर पर मैराथन दौड़ रैली प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों व स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रेरित कर नि:क्षय पोषण मित्र बनाने व नि:क्षय मित्र के द्वारा पोषण किट वितरण की गतिविधियां की जाएंगी। उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि आगामी 24 मार्च] राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस तक चलने वाले टी.बी.मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में आमजन को टीबी रोग के कारण और निवारण के विषय मे अधिकाधिक जागरूक करने का प्रयास करें।

## अवैध व्यावसायिक निर्माणों पर नगर निगम ग्रेटर की बड़ी कार्यवाही

# मालवीय नगर जोन में 10 अवैध निर्माण सीज

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त मालवीय नगर जोन श्री प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में अवैध व्यावसायिक निर्माणों के विरूद्ध कारवाई करते हुये भवन निर्माण शाखा की टीम एवं सतर्कता शाखा ने गुरूवार को 10 अवैध व्यावसायिक निर्माणों के विरूद्ध सीज किया। उपायुक्त मालवीय नगर जोन श्री प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि अवैध व्यावसायिक निर्माणों के विरूद्ध सीजर की कारवाई की गई। मालवीय नगर जोन में प्लांट संख्या-सी-36, रामगली नं. 7 राजापार्क, प्लॉट संख्या-246ए, गली नं.-4, राजापार्क, प्लॉट संख्या-1/361, मालवीय नगर, दुकान संख्या-1/46, 47 मालवीय नगर, प्लॉट संख्या-9/117, 118 मालवीय नगर, प्लॉट संख्या-ए-5, महालक्ष्मी नगर, वर्ल्ड ट्रेड पार्क के पीछे, प्लॉट संख्या-63, विद्युत अभियंता कॉलोनी मालवीय नगर, प्लॉट संख्या-3/30 मालवीय नगर, प्लॉट संख्या-सी-70, बापू नगर एवं प्लॉट संख्या-सी-208, तिलक नगर राजापार्क पर सीजर की कारवाई की गई।

# राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा भारतीय ज्ञान शोध केंद्र और अन्य केंद्रों का किया उद्घाटन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने जयपुर स्थित आर.ए. पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन नवाचार, शैक्षणिक उत्कृष्टता और सशक्तिकरण को समर्पित था। इस अवसर पर संस्थान द्वारा कई प्रमुख पहलों का उद्घाटन किया गया, जो संस्थान की प्रगतिशील शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रोफेसर अनुराग शर्मा ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा, आर.जी. चौधरी और नवीन शर्मा, सदस्य सलाहकार परिषद आर.ए. पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट का स्वागत किया। प्रोफेसर कटेजा, जिन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, ने संस्थान में तीन प्रमुख केंद्रों का उद्घाटन किया।

**भारतीय ज्ञान शोध केंद्र** - एक अत्याधुनिक शोध सुविधा जो शैक्षणिक अनुसंधान को बढ़ावा देने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत को संरक्षित करने के लिए समर्पित है। यह केंद्र 16 शोध विषयों पर केंद्रित है।

**बिजनेस लैब** - एक अत्याधुनिक स्थान जो वास्तविक व्यावसायिक वातावरण को अनुकरण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे छात्रों को हाथों-हाथ अनुभव प्राप्त हो सके और वैश्विक व्यवसाय जगत में सफलता के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल विकसित किया जा सके।

**सामाजिक विंग** - एक समर्पित मंच जहां छात्र समुदाय सेवा, सामाजिक पहलों में भाग ले सकते हैं और सार्थक सामाजिक परिवर्तन में योगदान दे सकते हैं। **उन्होंने छात्र-नेतृत्व वाली उपक्रमों के शुभारंभ में भी भाग लिया, जिनमें शामिल हैं-**

- द इनफॉर्मेंट स्टूडेंट जर्नल
- द एलोक्वेंशिया इंस्टीट्यूट न्यूज़लेटर
- द इनोवेशन इंस्टीट्यूट जर्नल
- उत्कर्ष पोस्टर लॉन्च

ये उपक्रम छात्रों की रचनात्मकता, शोध और शैक्षणिक संलग्नता पर जोर देती हैं। प्रोफेसर कटेजा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पोद्दार इंस्टीट्यूट इस वर्ष अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है, जिससे यह शैक्षणिक सत्र विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो गया है। इस दौरान, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के सम्मान में, प्रोफेसर कटेजा के नेतृत्व को मान्यता दी गई और उनकी सराहना की गई। उनकी उपस्थिति ने शिक्षा और समाज में महिलाओं की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया।

## शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने फसल कटाई प्रयोगों और फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का धरातल पर लिया जायजा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने गुरूवार को दौसा व जयपुर जिले का दौरा कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत रबी 2024-25 के लिए फसल कटाई प्रयोगों व स्मार्ट सेम्पलिंग तकनीक के माध्यम से खेतों के चयन और फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का धरातल पर जायजा लिया एवं क्रियान्विति की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। शासन सचिव ने दौसा जिले के भाण्ड़ारेंज के भीखली गांव में गेहूं के खेत में फसल कटाई प्रयोगों के चयन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इसके साथ ही ढ़ाणी बाग में सरसों के खेत में फसल कटाई प्रयोग के तहत फसल कटाई की प्रक्रिया का धरातल पर जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने भ्रमण के दौरान ई-गिरदावरी किये जाने का भी जायजा लिया। राजन विशाल ने काली पहाड़ी गांव में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का अवलोकन किया व वहां मौजूद कृषकों के साथ संवाद भी किया। दौरे के दौरान उन्होंने जयपुर के बस्सी गांव में चने के खेत में स्मार्ट सेम्पलिंग तकनीक से ऐप के माध्यम से खेत के चयन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। शासन सचिव ने विभागीय अधिकारियों से कार्यालय में ई-फाईलिंग, फसल बीमा प्रगति की जानकारी, फसल कटाई प्रयोगों, फार्मर रजिस्ट्री शिविरों, उर्वरक नमूना प्रक्रिया व ऑन-लाईन बिल प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि विभाग की योजनाओं द्वारा ज्यादा से ज्यादा कृषकों को लाभान्वित करे तथा कृषि पर्यवेक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में चौपालों का आयोजन कर विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करें।

## पुलिस को देख दो छत से नीचे कूद गए थे, पैर फ्रैक्चर हुए; 48.80 लाख रुपए बरामद

# जयपुर में जुआ खेलते पकड़े 44 लोगों की परेड निकाली



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में पुलिस ने जुआ खेलते 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें जुआ खेलने के लिए घर देने वाले बबलू गन्या उर्फ फिरोज को भी गिरफ्तार किया गया है। जो 2 हजार रुपए लेकर घर जुआ खेलने के लिए देता था। इन 44 जुआरियों के पास से पुलिस को 48 लाख 80 हजार रुपए बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान दो आरोपी छत से नीचे कूद गए। दोनों के पैरों में फ्रैक्चर हो गया।

आज सभी की पुलिस नाहरगढ़ थाने से संजय सर्किल तक परेड निकाली। एडिशनल डीसीपी वेस्ट बजरंग सिंह ने बताया- नाहरगढ़ थाना इलाके में नामी जुआघर चलाने वाले गन्या समेत 44 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गन्या ने पुलिस रेड से बचने के लिए पूरी गली और घर के आसपास के इलाके को सीसीटीवी लगा रखे थे। बगरू वालों व उनियारों के रास्ते के बीच में स्थित गन्या बाहर से ग्राहक बुलाकर जुआ खिलाने का काम करता है। निगरानी के लिए कुछ लोग गली के आसपास रखता है। देर रात को जुआघर शुरू करता है।

**इस प्रकार से बनाया गया रेड का प्लान-** पुलिस ने आरोपी के ठिकानों पर रेड की प्लानिंग( डमी रिहर्सल) गुगल मैप की सहायता से की। आरोपी के घर के आसपास के मकानों को चिह्नित कर पुलिस ने रेड का प्लान बनाया। पुलिस जानती थी की आरोपी पुलिस रेड की जानकारी मिलने पर सभी जुआरियों को पड़ोसियों की छत के रास्ते से फरार करा देता है। दूसरे के घरों में स्थित कमरों में रिश्तेदार बनाकर ठहरा देता है। इस कारण से जुआघर पर कार्रवाई करना पुलिस के लिए मुश्किल हो जाता है।

**पुलिस ने आसपास के एक एक घर पर निगरानी रखी-** इसके लिए पुलिस टीम ने एक-एक स्थान को चिह्नित किया। रणनीति तैयार की गई। आरोपी के घर पर आने जाने वाले लोगों पर निगरानी रखने के लिए सादा कपड़ों में महिला और पुरुष का जाब्ता लगाया गया। बुधवार रात बबलू गन्या के घर पर बड़ी संख्या में जुआरियों के होने की सूचना मिली। ज्यादा रकम के साथ जुआ खेलने की सटीक सूचना मिलने पर टीम ने तय प्लान के अनुसार रेड की। इस दौरान पुलिस को मौके से 44 लोग जुआ खेलते हुए मिले। और 48 लाख 80 हजार रुपए की नगदी मिली। इस दौरान आरोपी ने महिलाओं को आगे कर बचने का प्रयास किया, लेकिन उसे गिरफ्तार कर लिया गया।


# संस्कृति, संस्कार और रंगों का संगम होगा गलता फागोत्सव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** संस्कृति, संस्कार और रंगों के संगम के रूप में गलता फागोत्सव का आयोजन 10 मार्च 2025 को सायं 4 बजे देवस्थान विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय आशीष कुमार ने बाताया कि देवस्थान विभाग के शासन सचिव के.के. पाठक व जिला कलक्टर जयपुर ने गत रविवार को गलता क्षेत्र में चल रहे विकास एवं सौंदर्यकरण कार्यों के निरक्षण के दौरान गलता तीर्थ मंदिर पर फागोत्सव मनाने का निर्णय लिया था। जिला कलक्टर के निर्देशन में गलता फागोत्सव के सम्बन्ध में गुरूवार को कलेक्ट्रेट भवन में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि इस फागोत्सव में त्रेता युग के श्री राम व द्वापर युग के श्री कृष्ण के साथ भक्तगण फूलो से सरोबर होकर फागोत्सव मनाएंगें। उन्होंने बताया कि गलता तीर्थ मन्दिर के इतिहास में पहली बार आयोजित हो रहे इस फागोत्सव में विभिन्न समाजों, धार्मिक संगठनों व आमजन के लिए फूलो की होली के साथ ब्रज की सुप्रसिद्ध फूल होली व शेखावटी के चंग-धमाल के कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्षको के लिए अत्यन्त मनोहारी व आन्नदायक होंगी। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त प्रथम रतन लाल योगी ने बताया की तीर्थ स्थल पर मनाये जाने वाले इस फागोत्सव में फूलो के साथ होली, महाआरती, रंगोली व रोशनी विशेष आर्कषण का केन्द्र रहेंगी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### ट्रेड वॉर भारत पर भारी



अमेरिका द्वारा शुरू किया गया ट्रेड वॉर भारत पर भारी पड़ता दिख रहा है गुरुवार को अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया और सयोग वश कई दिन से गिरता शेयर बाजार ऊपर हो गया तो सबको गलतफहमी हो गई कि हम अमेरिका के ट्रेड वॉर का मुंह तोड़कर जवाब देंगे, पर ऐसा नहीं है 2 अप्रैल से बढ़े हुए टैरिफ पर जब निर्यात चालू होगा तब मालूम पड़ेगा की कई भारतीय कंपनियां निर्यात की दौड़ से बाहर हो गई है। अमेरिका से हम आयात कम करते हैं और अमेरिका को हम निर्यात ज्यादा करते हैं अमेरिका की नई पॉलिसी के अनुसार उनके आयात किए गए माल पर जिस तरह से टेरिफ़ लगाया जाता है अमेरिका भी उसी दर से टैक्स की वसूली करेगा ऐसे में भारत का निर्यात किया गया माल वहां पर महंगी दर पर बिकेगा और उसे कई अन्य देशों से व्यापारिक प्रतिस्पर्धा करनी होगी। एक अनुमान के अनुसार माना गया है कि भारत को इस वार के चलते प्रति वर्ष सात अरब डॉलर का घाटा होगा भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल पिछले दो दिन से अमेरिका की यात्रा पर हैं लेकिन लगता नहीं है कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी टीम भारत के किसी अधिकारी अथवा नेता की बात को माने। भारत भारत की ओर से रेडीमेड गारमेंट्स, दवाइयां गाड़ियां और अन्य महत्वपूर्ण सामान्य निर्यात होता है अब नई व्यवस्था के बाद हमारे देश की निर्यात कंपनियों को अन्य देशों की प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी क्योंकि उनका टैरिफ कम होगा। हमारे देश की अर्थव्यवस्था डाबाडोल चल रही है उत्पादन कम हुआ है निर्यात भी दो माह में लगभग ढाई प्रतिशत कम हो गया है अब जब अमेरिका ने अपना तारीफ बढ़ा दिया है तो कई सामग्री का उत्पादन हमारे देश में और कम हो जाएगा क्योंकि अमेरिका में उनका निर्यात नहीं होगा। हमारे देश में खपत वैसे ही कम है इसलिए जब चीजों का उत्पादन कम होगा तो सरकार को टैक्स भी कम मिलेगा, उत्पादन कम होने से बेरोजगारी बढ़ जाएगी। इसलिए सरकार जिस तरह का प्रचार कर रही है कि कोई फर्क नहीं पड़ेगा चीन में मुकाबला कर लेगा और हम भी कर लेंगे तो हमें ध्यान रखना चाहिए चीन की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत है चीन सरकार की नीतियां भी साफ है वह किसी फैक्ट्री को ना तो बंद होने देगी ना उत्पादन कम करने देगी।

**वैभव लोढ़ा...**

## क्रॉस फायर

❑ **भाजपा के साथ चुनाव लड़कर पहले बदल सकते हैं नीतीश कुमार।**

◆ **बीजेपी कौन सी दूध की धुली है।**

❑ **ट्रंप ने भारत और चीन पर लगाया जवाबी शुल्क।**

◆ **तोबा तोबा।**

❑ **व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका पहुंचे पीयूष गोयल।**

◆ **इनसे कौन बात करेगा।**

❑ **राहुल गांधी पर कोर्ट ने लगाया 200 का जुर्माना।**

◆ **यह तो ट्रेलर है।**

❑ **मणि शंकर अय्यर के बिगड़े बोल राजीव दो बार फेल हुए ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री बना दिया।**

◆ **खुद कौन सी योग्यता से इतने ऊंचे पहुंचे।**

❑ **स्वायत्त शासन मंत्री बोले नवंबर में सभी नगर निकायों के चुनाव एक साथ संभावित।**

◆ **हो जाए तो बहुत अच्छा।**

❑ **शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बोले मिड डे मील और मदरसा यूनिफॉर्म घोटाले की होगी जांच।**

◆ **जांच ऐसी करना जिसका रिजल्ट आए।**

❑ **खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह बोले राजस्थान की विवादित खेल संघ को जारी होंगे नोटिस।**

◆ **दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए।**

❑ **मायावती के ऑफर को आकाश आनंद के पिता ने भी ठुकराया।**

◆ **अब क्या होगा आगे।**

**.............अंजू लोढ़ा**

## आज का राशिफल

### शुक्रवार 07 मार्च 2025



**मेष राशि:** भूमि संबंधी विवाद हल होगा। कहीं से शुभ सूचना मिलेगी। किसी विशेष व्यक्ति का जीवन में प्रवेश आपके तौर- तरीके बदल देगा। आकस्मिक धन लाभ होगा।



**वृषभ राशि:** जरूरत से ज्यदा किसी घनिष्ठता संबंधों को कमजोर कर देगी। आप सहने की शक्ति रखें। जल्द ही आप क्रोध से भर जाते हैं। स्वयं पर काबू रखें।




**मिथुन राशि:** समय के साथ स्वयं को भी बदलें। अपने व्यवहार में नम्रता लाएं। कारोबार विस्तार के लिए धन एकत्रित करने में लगे रहेंगे। भूमि संबंधित विवाद के चलते चिंता रहेगी।



**कर्क राशि:** अपने विवेक से हर कार्य सफल कर लेंगे। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। मित्रों के साथ यात्रा आनंदप्रद रहेगी। आजीविका के लिए भटकना पड़ सकता है।



**सिंह राशि:** व्यवसाय में नई योजना लाभदायक रहेगी। जीवनसाथी का साथ आप को आगे बढने् में मदद करेगा। संतान के विवाह संबंधित समस्या से परेशान रहेंगे।



**कन्या राशि:** अपनों से धोखा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को पद मिल सकता है। पारिवारिक जनों की सहायता करनी होगी।




**तुला राशि:** प्रेम प्रसंग में सफलता संभव है। भविष्य के प्रति चिंतित होंगे। मन में बुरे विचारों को न आने दें। स्वयं पर नियंत्रण रखें, नकारात्मक सोच के कारण ही आप पीछे हैं।




**वृश्चिक राशि:** कार्यस्थल पर सहकर्मियों से मनमुटाव होगा। क्रोध की अधिकता रहेगी। आय के नए स्रोत स्थापित होंगे। अपने कर्मचारियों के कारण परेशान होंगे।



**धनु राशि:** स्वास्थ्य में सुधार होगा। अपने आगामी भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। मन में कई विचार आएंगे। व्यवसाय में उन्नति होगी।



**मकर राशि:** अपनी संतान से विवाद हो सकता है। आजीविका को लेकर आप चिंतित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है। कारोबार विस्तार करने का मन होगा।



**कुम्भ राशि:** अपनी संतान से विवाद हो सकता है। आजीविका को लेकर आप चिंतित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है। कारोबार विस्तार करने का मन होगा।



**मीन राशि:** मित्रों के सहयोग से कोई जरूरी कार्य होगा। अपनों से संबंधों में मजबूती आएगी। आलस की अधिकता से कार्य में रुचि नहीं रहेगी।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# राजस्थान में होली : हर जिले में अलग रंग और अलग ढंग



**रोशनलाल शर्मा**

प्रदेश में फाल्गुनी बयार बह रही है। विश्वप्रसिद्ध खाटूश्याम जी का मेला चल रहा है जो होली से पहले ही रंगों से सराबोर है। वहीं पूरे प्रदेश में खासकर ग्रामीण इलाकों में फाग के कार्यक्रमों ने समां बांध रखा है। शेखावाटी में तो चंग धमाल के कार्यक्रमों ने पूरी दुनिया में रहने वाले भारतवासियों में अपनी पहचान बना रखी है। यहां इसे गिन्दड़ के नाम से जाना जाता है। इसी प्रकार राजस्थान के जयपुर, उदयपुर और बीकानेर में गेर नृत्य और डोलची होली प्रसिद्ध हैं।

जयपुर और उदयपुर में लोग पारंपरिक पोशाक पहनकर ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य करते हैं। बीकानेर की डोलची होली में लोग एक-दूसरे पर पानी से भरी डोलची डालते हैं। गेर नृत्य भील आदिवासी क्षेत्र में अधिक प्रचलित गो राजस्थान का पारम्परिक प्रसिद्ध और सुन्दर लोक नृत्य है। यह नृत्य प्रमुखतः भील आदिवासियों द्वारा किया जाता है। यह खास तौर पर भील प्रदेश यानी प्रतापगढ़, बासवाड़ा और डुगंरपुर में सबसे ज्यादा किया जाता है। अब तो यहां से निकलकर ये पूरे राजस्थान में अपनी पहचान बना चुका है। इसी प्रकार बाडमेर के कनाना व लखेटा की प्रसिद्ध है। यह नृत्य सभी समुदायों में प्रचलित हैं लेकिन मेवाड़ एवं मारवाड़ में अधिक प्रसिद्ध है। इसे मारवाड़ में डांडिया गेर के नाम से व शेखावाटी में गिंदड़ के नाम जाना जाता है। इस नृत्य की उत्पति भीलों के एक नृत्य से हुई है।



गेर नृत्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक राजस्थान पहुंचते हैं। कैसे होता है गेर नर्तक अपने हाथ में लकड़ी की छड़ी, जिसे खाण्डा कहते हैं के साथ एक बड़े गोले में नाचते हैं। यह नृत्य पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा किया जाता है कि इस मनभावन नृत्य करने के कई रूप हैं। पुरुष पट्टेदार अंगरखे एवं पूर्ण लंबाई की स्कर्ट पहनते हैं। पुरुष और महिलायें दोनों पारंपरिक पोशाक में एक साथ नृत्य करते हैं, गैर नृत्य करने वालों को गेरिया कहते हैं। नृत्य के प्रारंभ में, प्रतिभागियों के द्वारा एक बड़े चक्र के रूप में पुरुष घेरा बनाते हैं। इसके अन्दर एक छोटा घेरा महिलाएं बनाती हैं और वाद्ययंत्रों एवं संगीत की ताल के साथ घड़ी की विरोधी दिशा में पूरा घूमते हैं व खाण्डा टकराते हैं। इसके बाद फिर घड़ी की दिशा में पूरा घूमते हैं और खाण्डा आपस में टकराते हैं। आन्तरिक व बाहरी घेरे को बीच में बदलते भी रहते हैं। कभी कभी, पुरुषों द्वारा यह लोक नृत्य विशेष रूप से किया जाता है। क्षमता और दक्षता के आधार पर आधा घुमना नृत्य का एक सरल तरीका है। यह जटिल नृत्य कदम की एक श्रृंखला के साथ नृत्य किया जाता है। भीलों द्वारा यह लोक नृत्य रंगीन कपड़े पहनकर और तलवारें, तीर और लाठी के साथ किया जाता है। यह लोगों का प्रमुख आकर्षण है। गेर नृत्य बांसुरी ढोलक, नगाड़ा, ढोल आदि वाद्ययंत्रों का समावेश है। मधुर गीत और करामाती पृष्ठभूमि संगीत ताल के साथ नृत्य करने के लिए हर किसी को प्रोत्साहित करता है। गेर नृत्य वैसे तो किसी भी अवसर पर किया जा सकता है लेकिन मुख्य रूप से होली महीने फरवरी-मार्च में किया जाता है। इसके बिना राजस्थान की होली फीकी सी लगेगी। बीकानेर की डोलची मार होली - रंग नहीं पानी से भरा बर्तन फेंकते हैं अपनों पर राजस्थान के बीकानेर में लगभग 500 साल पुरानी परम्परा है डोलची मार होली। बरसों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी बीकानेर में वैसे ही मनाया जाता है। होली के इस मौके पर बड़े कडाहे को पानी से भरा जाता है। इस खेल में काफी पानी लगता है। होली के रसिये इस डोलचीमार होली का जम कर आनंद लेते हैं। उसके लिए पहले से तैयारियां की जाती है और अगर पानी कम पड़ जाये तो पानी के टैंकर मंगवाए जाते हैं और सैकड़ों की संख्या में लोग इस खेल में एक दूसरे की पीठ पर डोलची से पानी मारते है और होली खेलते हैं। दो लोग आपस में खेलते हैं इस खेल को दो लोग आपस में खेलते हैं। चमड़े से बनी इस डोलची में खेलने वाला पानी भरता है और सामने खड़े अपने साथी की पीठ पर जोर से पानी से वार करता है और फिर उसे भी जवाब देने का मौका मिलता है। जितनी तेज आवाज होती है उतना ही खेल का मजा आता है और जोश बढ़ता है। इतिहास के मुताबिक ये खेल सालों पहले दो जातियों हर्ष-व्यास के बीच शुरू हुआ जिसे अब हर वर्ग ओर जात के लोग खेलते हैं। घरों की छतों पर देखने को जुट जाती है भीड़ महिलाएं और बच्चे अपने घरों की छत से इस खेल के नजारे को देखते हैं। आखिर में खेल का अंत लाल गुलाल उड़ाकर और पारंपरिक गीत गाकर किया जाता है। इस खेल में बच्चे, बूढ़े, जवान हर जाति धर्म के लोग हिस्सा लेते हैं। होली के रसिये साल भर इस डोलची मार होली का इंतजार करते हैं और जम कर खेलते हैं। होली के रसियों पर होली की खुमारी अभी से ही देखने को मिल रही हैं।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# मर्यादित शब्द दादी को अमर्यादित रूप से बोलने से शुरू विवाद में मर्यादा तार-तार -जहां जनता के मुद्दे उठने चाहिए वहां जनता ने माननीयों के व्यवहार को देखा



**- डॉ मोनिका शर्मा**

भारतीय संस्कारों में दादी शब्द कभी अमर्यादित नहीं रहा। कहा जाता है कि दादी-दादा को बेटे से ज्यादा पोतों से प्यार होता है। पोते भी दादा-दादी के पास खुश रहते हैं। वे प्यार से जब दादी कहते है तो दादी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। लेकिन विडंबना देखिए....। दादी शब्द को लेकर राजस्थान की विधानसभा में पक्ष-विपक्ष के बीच जोरदार विवाद खड़ा हो गया। विपक्ष ने तो दादी शब्द को अमर्यादित बताते हुए विधानसभा की कार्रवाई से हटाने की मांग कर दी। दादी शब्द कब से अमर्यादित हो गया। यह प्रदेश की जनता इनसे पूछना चाहती है। हां यह जरुर है कि दादी शब्द को सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत ने जिस अमर्यादित तरीके से बोला। वह कतई स्वीकार करने योग्य नहीं है। मंत्री गहलोत को अपने शब्दों की गरीमा रखनी चाहिए। दादी शब्द भले ही सही हो, लेकिन मंत्री के बोलने का तरीका विपक्ष को उकसाने वाला था। हुआ भी यही। इस उकसावे में आकर तो सबसे अधिक मर्यादा तार तार की कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने। गोविंद सिंह डोटासरा ने



व्यवहार में मर्यादा रखी और ना ही अपनी वाणी में। वे आसन की तरफ चल गए। इससे गुस्साए विधानसभा अध्यक्ष ने 6 विधायकों को निलंबित कर दिया। इससे विवाद और बढ़ गया। फिर डोटासरा ने शब्दों की मर्यादा की ऐसी होली खेली कि हर कोई हैरान रह गया। विधानसभा अध्यक्ष के लिए डोटासरा ने ऐसे ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जो एक जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देता। माफी मंगवाना चाहता है। इसके बाप की जागीर नहीं है। माफी मांगे मेरा जूता। यह आदमी माफी लायक नहीं है। अभी इसका 295 नियम पढवा देता हूं। हमने कोई चूडिया नहीं पहन रखी। जो सम्मान लायक नहीं है। उससे जूते से बात की जाती है। ये सीएम की नहीं मान रहा। इसको कुर्सी पर नहीं बैठने देंगे। इसके अलावा और भी बहुत कुछ डोटासरा की इस भाषा ना आग में घी का काम किया। विवाद और बढ़ गया। कांग्रेस को विधानसभा के बाहर धरना तक देना पड़ा। अब तो यह भी कहा जाने लगा है कि यह विवाद डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच चल रहे वर्चस्व का शीतयुद्ध है। पहले अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच जिस तरह से विवाद चलता था। अब वैसा ही विवाद डोटासरा और जुली के बीच शुरू हो गया है। राज्यपाल के अभिभाषण पर पहली बार नेता प्रतिपक्ष जूली का भाषण नहीं हुआ। जब सरकार के मंत्री ने दादी शब्द बोला था। उसी समय जुली ने तगड़ी आपत्ति जता दी थी। लेकिन जब डोटासरा मामला समझे तो इस मुद्दे को लपकने के लिए सीधा स्पीकर के आसन तक पहुंच गए। राजस्थान की जनता नेताओं के इस व्यवहार को देख रही है। वह कतई इसे माफ नहीं करेगी। हमारी आने वाली पीढ़ी इस विवाद से क्या सीखेगी कि दादी शब्द सही नहीं है। जनता ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें चुना है। ना की इसलिए कि वे अपने व्यवहार और भाषा से राजस्थान के लिए नई समस्या खड़ी कर दे। आखिर इस विवाद का अंत तब हुआ जब जूली ने सदन में डोटासरा के वक्तव्य को लेकर माफी मांगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा आसन की तरफ आए, उन्होंने जो टिप्पणी की। उसके लिए खेद है। हम माफी चाहते हैं। इस पूरे एपीसोड में डोटासरा की छवि प्रभावित हुई है। जूली इसका फायदा उठाने से भी नहीं चूके। देश विदेश में इसको देखा जा रहा है। जनता के मुद्दों पर चर्चा बंद है। दोनों पक्ष के बीच पता नहीं कब समझौता होगा। लेकिन जनता के मुद्दे ऐसे मुद्दों के लिए कुचले जा रहे हैं जिनका जनता से कोई सराकोर नहीं है। अब देखना होगा जनता ऐसे नेताओं को कब व क्या सबक सिखाएगी।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# दुनिया के हीरो बनते वालोडियर जेलेंस्की



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

भले ही अमेरिका के सामने यूक्रेन को मजबूरी में कोई समझौता करना पड़े पर इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि व्हाइट हाउस की हालिया घटना से यूक्रेन के राष्ट्रपेति वालोडियर जेलेंस्की रातोंरात हीरो बनकर उभर गए हैं।

राजनीतिक विश्लेषक चाहे खुलकर नहीं कहे पर इससे अब नकारा नहीं जा सकता कि जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वार्ता के दौरान तीखी बहस और तेवर दिखाये हैं दबी जुबान से ही दुनिया के देशों ने इसे सराहा ही है। एक मजे की बात यह कि अब तक अमेरिका का पिछलग्गू माना जाने वाला यूरोप भी अब अमेरिकी तानाशाही के खिलाफ खुलकर सामने आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तानाशाही व्यवहार को देखते हुए योरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने तो लेवेंस्की को यहां तक विश्वास दिलाया है कि आप अकेले नहीं है प्रिय राष्ट्रपति। मजबूत बने, निडर बने। हम न्यायपूर्ण स्थाई शांति के लिए आपके साथ काम करना जारी रखेंगे। यूरोप के तो करीब करीब सभी देश यूक्रेन के पक्ष में खुलकर आ गए हैं। चाहे वह फ्रांस हो, पोलण्ड हो, जर्मनी हो, नार्वे हो, स्पेन, इटली हो, एस्टोनिया हो या अन्य देश। सभी ने एक स्वर में यूक्रेन का साथ और सहायता देने का संकल्प दोहराया है। यूरोपीय संघ तो ट्रम्प को छोड़ कोई नया नेता ढूंढ़ने पर विचार आरंभ कर दिया है। देखा जाए तो अमेरिका



की छवि बीच चौराहे पर साथ छोड़ देने वाले देश की बनती जा रही है। कल तक रुस का धूर विरोधी अमेरिका रुस के साथ प्यार की पीगे बढ़ाता दिख रहा है तो दूसरी और यूक्रेन जोकि अमेरिका और अन्य देषों के भरोसे ही अदम्य साहस का परिचय देते हुए रुस को लोहे के चने चबवा रहा है उस यूक्रेन और यूक्रेन के नागरिकों के साहस को नमन करने के स्थान पर आज अमेरिका यूक्रेन को रुस के सामने झुकने को बाध्य करना चाहता है।

दरअसल अमेरिका की नजर दुनिया के देशों और उनकी संपदाओं पर है। खासतौर से अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प दुनिया के देशों को डंडे के जोर पर हांकना चाहते हैं। ट्रम्प चाहते हैं कि जो अमेरिका चाहे वही हो, यही कारण है कि एक और टैरिफ वार पर दुनिया के देशों को झोंक दिया है तो दूसरी ओर ग्रीन लैण्ड हड़पना चाहता है। कनाडा को 51 वां राज्य बनाना चाहता है। यूक्रेन के हजारों करोड़ डॉलर की खनिज संपदा पर नजर गड़ाये ट्रम्प यूक्रेन को 500 करोड़ डालर की खनिज संपदा पर समझौता करना चाहता हें यूक्रेन राष्ट्रप्रति देश के व्यापक हित में समझौता करने को तैयार होने के बावजूद जिस तरह से वार्ता के दौरान ट्रम्प ने तेवर दिखाएं उसे किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता है। यही कारण है कि वार्ता के दौरान जिस तरह के तेवर जेलेंस्की ने दिखाया उसे सारी दुनिया ने इसलिए सराहा कि एक तानाशाह को कम से कम चुनौती देने वाला तो मिला। भले ही इसके परिणाम कुछ भी हो। यूक्रेन को अमेरिका से समझौता करना पड़े पर एक बार अमेरिका और दुनिया के देशों को जेलेंस्की ने एक संदेश तो दे ही दिया।

यहां तक कि रुस को भी इससे कम सबक नहीं मिला है। यूक्रेन की नैतिक विजय इसी को माना जा सकता हे कि आज यूक्रेन की खनिज संपदा के समझौते को विफल करने के लिए रुस अपनी खनिज संपदा के अधिकार तक देने की पेशकश करने लगा है। यह यूक्रेन की अपने आप में बड़ी विजय के रुप में देखी जानी चाहिए। देखा जाए तो ट्रम्प तानाशाही रवैया अपनाते हुए दुनिया के देशों को ड़राने धमकाने में लगे हुए हैं। हांलाकि चाहे टैरिफ नीति हो या उपनिवेशवादी सोच देर सबेर इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा और व्हाईट हाउस में ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और नोकझोंक से दुनिया के देशों में साहस का संचार हुआ है। व्हाईट हाउस की घटना का तात्कालिक परिणाम ही यह सामने आ गया है कि यूरोप के देश एक स्वर में यूक्रेन के साथ खड़े होने लगे है तो दूसरी और अपना नया नेता चुनने पर विचार करने लगे हैं। हांलाकि जेलेंस्की ने देश हित को पहली वरियता दी है और अमेरिका से अब भी खनिज संपदा के अधिकार देने पर सहमति समझौता करने को लगभग तैयार है। पर अमेरिका दबाव बनाकर और डरा धमकाकर समझौता करना चाहता है यही कारण है।

कि समझौते के प्रारुप पर चर्चा करने आये जेलेंस्की को ही रुस यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार बताते हुए तीखी नोंकझोंक तक हालात पहुंच गए और जेलेंस्की की हिम्मत की इसलिए सराहना करनी होगी कि अमेरिका के आगे नाक रगड़ने की जगह वार्ता छोड़कर यूरोपीय देशों की यात्रा पर आ गये। भविष्य में क्या होता है यह तो अलग बात हैं और उसके कारण इंटरनेशनल पालिटिक्स और रिलेशंस तय करेंगे पर ट्रम्प को वार्ता की टेबल पर अपनी और देश की गरिमा बनाये रखकर दुनिया के देशों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि चाहे कोई कितना भी ताकतवर हो हमें उसके गलत दबाव में नहीं आना चाहिए। यही कारण है कि मानों या ना मानों पर आज ट्रम्प से ज्यादा जेलेंस्की के साहस की सराहना हो रही है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की हुई मौत

# गले पर निशान, पीहर पक्ष का आरोप मृतका की हुई है हत्या

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले के सिकंदरा थाना इलाके के आगली की ढाणी में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है। थानाधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि विवाहिता सीमा गुर्जर को घायल अवस्था में सिकंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां दौसा रैफर किया महिला ने दौसा जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चिकित्सकों से विवाहिता महिला उसे मृत घोषित कर दिया महिला के गले पर चोट के निशान हैं। पुलिस मृतक महिला का पोस्टमार्टम करा कर जांच में जुट गई है । सूचना पर सिकंदरा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची है मामले को लेकर गहनता से जांच में जुटी हुई है पुलिस का कहना जिस प्रकार रिपोर्ट दी जायेगी उन्ही धारा में कार्यवाही की जाएगी। **6 वर्ष पूर्व महिला का हुआ विवाह** मानपुर थाना इलाके के पीपलकी गांव मृतका सीमा गुर्जर का पीहर है वर्ष 2019 में अगली की ढाणी में राकेश उर्फ गोलू गुर्जर से विवाह हुआ था। मृतका एक पुत्र और एक पुत्री है। **बीते परिवार में हुई थी शादी** परिजनों ने बताया कि बीते दिन परिवार में शादी हुई हंसी खुशी शादी का माहौल था



अब सुबह महिला की मौत के बाद शादी के घर में मातम पसर गया है। वहीं मृतका केबड़े पापा (ताऊ) सुबुद्धि गुर्जर का आरोप है कि सीमा की चाकू से हत्या की गई है। अब पीहर पक्ष चाहता है कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। पूरे मामले का जल्द खुलासा हो।फ़िलहाल महिला की मौत के खबर लगते ही पीहर पक्ष और ससुराल पक्ष दौसा जिला अस्पताल में पहुंचे थे। लेकिन मृतका महिला सीमा गुर्जर (25) के मामले में पुलिस हर अगल जांच करने की बात कह रही है। फ़िलहाल मृतका का पोस्टमार्टम करा शव पीहर पक्ष सुपुर्द कर दिया। पीहर पक्ष की और से मृतका सीमा के पति, देवर और सास के खिलाफ दहेज़ हत्या का मामला दर्ज कराया है। जिसकी जांच मानपुर पुलिस सीओ दीपक कुमार को सौंपी है।

# अग्रवाल सीनियर सिटीजन का होली महोत्सव 18 को

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अग्रवाल सीनियर सिटीजन कल्याण समिति द्वारा 18 मार्च को सांय 3 बजे से अग्रवाल भवन खिरनी घाट भरतपुर में होली महोत्सव मनाया जावेगा। महामंत्री महेश चंद सिंघल ने बताया कि यह निर्णय समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र मथुरा गेट भरतपुर में आयोजित समिति की कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। महोत्सव में मलयागिर चंदन, विभिन्न आकर्षक सुगन्धित गुलाब, गेंदा, गुलदाउदी, गिलेडिया, सिनेरिया, डहेलिया आदि पुष्पों की वर्षा द्वारा होली, मशहूर हास्य कवियों के हास्य रसगुगे, होली लोकगीत संगीत आदि मनमोहक भक्ति व आस्था से ओतप्रोत दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम होंगे। केसरिया कलाकन्द एवं ठंडाई का भगवान को भोग लगाकर वितरण किया जावेगा। बैठक में नवरत्न गर्ग अध्यक्ष, मुकेश सिंघल विशिष्ट सलाहकार, गिरधारी गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ. एल.सी. अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शंकरलाल अग्रवाल उपाध्यक्ष, वेदप्रकाश सिंघल कोषाध्यक्ष, सुरेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, योगेश अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# भरतपुर के लिए पेयजल संकट दूर करने के लिए यमुना जल समझौता से पानी दिलवाः डॉ गर्ग

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने गुरुवार को विधानसभा में नियम 295 के तहत विशेष उगेख प्रस्ताव में जिले की पेयजल सिंचाई के जल के मामले को उठाया। विधानसभा सदन में डॉ सुभाष गर्ग ने कहा कि भरतपुर जिले में पेयजल एवं सिंचाई हेतु पानी की अत्यन्त कमी है। इसकी पूर्ति के लिये 1994 में पाँच रा%यों के मध्य यमुना जल समझौता हुआ था जिसमें ओखला हैड से कुल 1281 क्यूसेक जल का आंवटन भरतपुर को करना सुनिश्चित हुआ था। उपरोक्त में से 481 क्यूसेक जल को प्राप्त करने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा गंभीर प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। 07 फरवरी 2003 को केन्द्रीय जल आयोग ने इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया कि हरियाणा की सहमति प्राप्त की जावे किन्तु अभी तक कुछ नहीं हुआ। एक तो सरकार हरियाणा की तय शर्तों के अनुरूप सहमति ली जावें साथ ही ओखला है पर आवंटित शेष 481 क्यूसेक पानी प्राप्त करने हेतु गुडगांव कैनाल की क्षमता 500 क्यूसेक है उसको रिसैक्शनिंग द्वारा क्षमता बढाकर 981 क्यूसेक किया जावे। उन्होंने कहा कि ओखला हैडवर्क्स पर आवंटित 1281 क्यूसेक जल में से 800 क्यूसेक के उपयोग हेतु ही नहरी तंत्र उपलब्ध है जिसमें जल प्रवाह के दौरान हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र में अवैद्य दोहन चोरी लिफ्टिंग के कारण जल उपलब्धता में कमी रहती है। जिस हेतु हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश द्वारा उचित व ठोस पुलिस व प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है। ओखला हेड पर उपलब्ध कराये गये राजस्थान के हिस्से के पानी में वर्ष 2014 से 2023 तक के आंकडों के अनुसार मात्र 56 प्रतिशत पानी ही उपलब्ध हुआ है। जिसका मूल कारणा हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश रा%य में पानी की चोरी है विगत चार वर्षों में यमुना जल पर भारत सरकार द्वारा बनाये गये अपर यमुना रिवर बोर्ड एवं राजस्थान की सतत निगरानी से यह उपलब्धता 72 प्रतिशत तक प्राप्त हुई है। शेष रहे 481 क्यूसेक जल को राजस्थान रा%य में उपयोग हेतु हरियाणा क्षेत्र में स्थित नहरों की रिमॉडलिंग आवश्यक होगी जिसकी अनुमानित लागत रूपये 1900 करोड होगी तथा इस क्रम में हरियाणा रा%य की सहमति अपेक्षित हैए जिसकी डीपीआर सीडब्यूसी से अनुमोदित है। डॉ गर्ग ने मांग करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार से आगृह कर 481 क्यूसेक पानी लेने हेतु प्रभाव प्रणाली हेतु रिमोडलिंग के प्रस्तावों की सहमति प्रदान करवाए।

# कोतवाली थाने के सामने से जा रही एंबुलेंस में अचानक लगी आग

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर गुरुवार शाम को एक हादसा गठित हो गया जहां अचानक से एक चलती हुई एंबुलेंस में आग लग गई। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। यहां पहुंचकर दमकल ने करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन आग पर काबू पाया जाता उससे पहले ही एंबुलेंस जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार शाम करीब 6:00 बजे एक एंबुलेंस जिला अस्पताल से बजरिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान कोतवाली थाने के सामने अज्ञात कारणों से एंबुलेंस में आग लग गई। अचानक एंबुलेंस में आग लगने की चलते ड्राइवर एंबुलेंस को खड़ा




करके से भाग निकला। इस दौरान एंबुलेंस से आग की लपटे जोर-जोर से निकलने लगी। इसी के साथ तेज तेज? आवाजे भी आने लगी। इस दौरान कोतवाली थाना पुलिस ने एतिहात के तौर पर दोनों तरफ का यातायात रुकवा दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। जानकारी मिलने के बाद दमकल मौके पर पहुंची और करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान आग को देखने के लिए यहां पर बड़ी संख्या में लोगों भीड़ लग गई। यातायात रुकवाए जाने के कारण यहां पर वाहनों की बड़ी संख्या में कतारें लग गई। गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई।

## नीट-जेईई के विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क व्यवस्थायें उपलब्ध

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिन्दू परिषद जयपुर प्रान्त के सेवा प्रमुख नरेश खण्डेलवाल ने बताया कि विहिप द्वारा परमाथर्म संस्था के सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नीट-जेईई की तैयारी हेतु नि:शुल्क भोजन, आवास, यातायात एवं उ%च स्तर की कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। छात्रावास सुविधा जयपुर राजा पार्क एवं वैशाली नगर में उपलब्ध करवाई जाएगी। इस वर्ष भी विहिप द्वारा राजस्थान के ऐसे विद्यार्थियों की मदद करने हेतु जिनके 12वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अपेक्षित हैं और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। वह विद्यार्थी यदि आपकी जानकारी में आर्थिक रूप से अशक्षम किन्तु प्रतिभाशाली छात्र.छात्रा हैं कृपया उनकी जानकारी हमारे साथ साझा करें। विहिप द्वारा संचालित संस्कारशालाओं के साथ ही हमारे योग्य ब%चों को सक्षम बनाने और उन्हें समाज की अग्रश्रेणी में पहुँचाने के उद्देश्य के साथ परमार्थम संस्था के सहयोग द्वारा विद्यार्थियों का भविष्य उगवल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हवा सिंह घुमरिया ने कोतवाली थाने का निरीक्षण कर किया वन टू वन संवाद



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हवा सिंह घुमरिया अपने दो दिवसीय दौरे पर सवाई माधोपुर में रहे। जहां उन्होंने बुधवार को पुलिस लाइन सहित पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया वही पुलिस अधिकारियों के साथ क्राइम बैठक ली। वही पुलिस महानिदेशक घुमरिया ने आज कोतवाली थाने का निरीक्षण किया।

इस दौरान कोतवाली थाने पर पहुंचते ही एडीजी हवासिंह घुमरिया को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता भी मौजूद रही। एडीजी हवासिंह घुमरिया ने कोतवाली निरीक्षण के दौरान थाने के स्टाफ से वन टू वन संवाद किया ।जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों से इतने सालों की पुलिस सेवा के बारे में जानकारी ली। उनके पदोन्नति के बारे में भी संवाद किया ।साथ ही उनके द्वारा अब तक किए गए उल्लेखनीय कार्यों को भी की भी जानकारी ली ।हवा सिंह घुमरिया ने पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहकर कानून व्यवस्था की पालना करने के दिशा निर्देश प्रदान की है। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि समूचे राजस्थान में पुलिस स्टाफ का अपर्याप्त है। लेकिन इसके बावजूद राजस्थान में पुलिस मुस्तैद होकर अपना दायित्व निभा रही है। उन्होंने साइबर क्राइम से निपटने को भी अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध तेजी से पनपता जा रहा है। लेकिन किसी भी सूरत में पुलिस साइबर अपराधियों को अपनी जड़े जमाने का अवसर नहीं देगी ।

# मीडियाकर्मी बनें जन औषधि मित्र, समाज में जगायेंगे अलख

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जन औषधि की सस्ती व उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए मीडियाकर्मियों ने भी कमर कस ली है। यहाँ पीआरओ ऑफ़िस स्थित सूचना केंद्र में गुरुवार को आयोजित जन औषधि मित्र पंजीयन कार्यक्रम में जिले के मीडियाकर्मियों ने जन औषधि को बढ़ावा देने की शपथ लेकर समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने का संकल्प दोहराया। मीडियाकर्मी अपने लेखन से समाज में जन औषधि की सस्ती व ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं के प्रति अलख जगाएँगे ताकि लोग महंगी दवाओं के बजाय इन दवाओं को खरीदें और स्वास्थ्य लाभ लेने के साथ ही इलाज का खर्च कम कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएफडब्ल्यूजे के जिलाध्यक्ष व




वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने की जबकि जिला पत्रकार विकास समिति के जिलाध्यक्ष नरेंद्र बंशी भारद्वाज विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य वक्ता पीएमबीआई के सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर एवं स्टेट नोडल हेड दिव्यांशु शर्मा ने जन औषधि परियोजना की विस्तृत जानकारी दी तथा बताया की जन औषधि की दवाएं डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुरूप तैयार होती है जो गुड़ मेन्यूफेक्चरिंग प्रेक्टिसेज यानी जीएमपी सर्टिफाई आती है। शर्मा ने मीडियाकर्मियों से जन औषधि लेकर लोगों की भ्रांतियां दूर करने व अधिकाधिक केंद्र खुलवाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने केंद्र खोलने के लिए भारत सरकार की ओर से दी जाने वाली आर्थिक मदद व इंसेंटिव की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन केंद्र संचालक चंदू शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया कर्मियों ने पीएमबीआई की ओर से आए लिंक के माध्यम से जन औषधि को बढ़ावा देने की शपथ ली तथा जन औषधि मित्र बनकर लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दोनों पत्रकार संगठनों से जुड़े मीडियाकर्मी व अन्य लोग मौजूद रहे जिनको जन औषधि केंद्र की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

पंजीयन कार्यक्रम के दौरान करीब 140 युवाओं ने लिंक के जरिए जन औषधि अपनाने व अन्य लोगों को प्रेरित करने की शपथ ली तथा पीएमबीआई की ओर से जारी सर्टिफिकेट डाउनलोड किया।

*नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही*

# 7 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 7 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जीटी के पीछे, रेलवे लाईन के पास, गोपालपुरा पुलिया के नीचे, वैशाली नगर सी-ब्लॉक, सिरसी रोड़ बिन्दायका चौराहा, 200 फीट बाईपास, मीना वाला, कनकपुरा, सिरसी रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 7 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 07 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जीटी के पीछे, रेलवे लाईन के पास, गोपालपुरा पुलिया के नीचे, वैशाली नगर सी-ब्लॉक, सिरसी रोड़ बिन्दायका चौराहा, 200 फीट बाईपास, मीना वाला, कनकपुरा, सिरसी रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 07 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 7 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## एक नजर

# जूडो चैम्पियन पोहप सिंह ने की मेडीकल कॉलेज को देहदान



**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मंजिल तो तेरी यहीं थी इतनी देर लगा दी आते-आते क्या मिला तुझे जिंदगी से अपनों ने ही जला दिया जाते-जाते श्मशान घाट के बाहर यह वाक्य लिखा मिल जाता है। लेकिन दुनिया में कुछ ऐसे दानवीर भी हैं जिन्होंने अपने जीते जी अपना शरीर ही दूसरों के लिए दान कर दिया। इनमें जयशंकर टाईगर शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान किला भरतपुर के वरिष्ठ जूडो चैंपियन पोहप सिंह जादौन निवासी नमक कटरा ने मरने से पहले ही स्वै%छक देहदान करने के लिए शरीर रचना विभाग राजकीय मेडिकल कॉलेज भरतपुर को आवेदन पत्र भेज कर स्वै%छक देहदान का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। आजकल इस दुनिया में मांगने पर एक वस्तु तक नहीं मिलती लेकिन इस दुनिया में कुछ महान विभूति पोहप सिंह जादौन जैसी भी हैं। जिन्होंने मृत्यु से पूर्व ही स्वै%छक देहदान करने का संकल्प लिया है जो सभी के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। इस मौके पर प्रतिभा शर्मा, पवन पाराशर सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर उपाध्यक्ष नेहा शर्मा कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी ताइक्कांडो सचिव दीप्ति शर्मा मनोहर सैनी आदि अन्य पदाधिकारियों ने जूडो चैंपियन एवं संस्था के मार्गदर्शक पोहप सिंह जादौन की त्यागमयी विचारधारा का सम्मान किया एवं भूरि भूरि प्रशंसा की।

# जिले में बोर्ड परीक्षा हुई शुरू, पहले दिन 10 वी कक्षा का अंग्रेजी का हुआ पेपर



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई है। बोर्ड परीक्षा के लिए दौसा जिले में 165 केंद्र बनाए गए हैं जो पिछले साल 176 केंद्र की तुलना में 15 कम है। बोर्ड परीक्षा में गुरुवार को दसवीं कक्षा का अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र है। परीक्षा का समय सुबह 8:30 से लेकर 11:45 तक है। इस बार बोर्ड ने चार नये सेंटर बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा में दसवीं कक्षा की परीक्षा 6 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। वही इस बार एक दर्जन बोर्ड सेंटर को बंद किया गया है।बोर्ड के स्तर पर परीक्षा संचालन समिति का गठन किया गया है। इसमें इस बार समिति में एसपी को भी शामिल किया गया है। समिति के कलेक्टर अध्यक्ष होंगे जबकि एसपी को सह अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा एडीएम, कोषाध्यक्ष ,सीडीईओ ,प्रारंभिक डीईओ सदस्य तथा डीईओ माध्यमिक सदस्य सचिव होंगे। जिले में चार संवेदनशील 5 अति संवेदनशील सेंटर चिन्हित है। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र की जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। आज अंग्रेजी विषय का पेपर होने पर परीक्षार्थियों के द्वारा लाये गए जोमेक्ट्री बॉक्स को परीक्षा कक्ष के बाहर ही रखवाकर प्रवेश दिया। ताकि परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे।

# जिला कलक्टर ने चूड़ियावास एवं बैजवाड़ी पंचायतों में सुनी जनसमस्याएं



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रत्येक माह त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिले में सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर किया गया। पंचायत समिति नांगल राजावतान की ग्राम पंचायत चूड़ियावास एवं बैजवाड़ी में जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ।जिला कलक्टर ने अतिक्रमण संबंधी परिवादों की मौके पर ही अधिकारियों को भेज कर रिपोर्ट मंगवाई एवं तत्काल समाधान के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं व्यक्तिगत सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया और शेष परिवादों को निश्चित समय सीमा में नियमानुसार निस्तारित कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार एवं प्रशासन का उद्देश्य है कि ग्रामवासियों की समस्या को उन्हीं के स्थान पर आकर सुने एवं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाइयों में लगभग 45 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास आवंटन, सड़कों की मरम्मत, मोबाईल नेटवर्क संबंधित, अतिक्रमण सहित बिजली, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े परिवादों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान यशवंत मीणा, विकास अधिकारी, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी, स्थानीय सरपंच, कार्मिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पारुल भार्गव की न्यू क्रिएशंस ने कला जगत में मचाई धूम



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पारुल भार्गव, एक प्रसिद्ध कलाकार और उद्यमी, ने अपनी कंपनी न्यू क्रिएशंस के साथ कला जगत में धूम मचा दी है। 1998 में अपनी स्थापना के बाद से, न्यू क्रिएशंस ने विश्वभर में पांच देशों में अपनी पेंटिंग्स का निर्यात करके अपनी वृद्धि को तेज किया है। पारुल भार्गव की असाधारण प्रतिभा और समर्पण ने उन्हें कई पुरस्कार दिलाए हैं, जिनमें 2020 और 2021 में प्रतिष्ठित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब भी शामिल है।सी-स्कीम, जयपुर में स्थित न्यू क्रिएशंस गैलरी में 60 से अधिक प्रकार की पेंटिंग्स का एक प्रभावशाली संग्रह प्रदर्शित किया गया है, जो विभिन्न स्वादों और पसंदों को पूरा करता है। कैलीग्राफी से लेकर कैनवास, लिपनेट से लेकर बानी ठानी और पिछवाई तक, गैलरी विभिन्न प्रकार की कलात्मक रचनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है।न्यू क्रिएशंस को जो अलग बनाता है वह है महिलाओं को सशक्त बनाने की उसकी प्रतिबद्धता।पारुल भार्गव की एनजीओ, विदुषी अमृता संस्थान, महिलाओं को व्यवसाय में भाग लेने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

### बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड के आरोपियों के मकान नहीं तोड़ सकेंगे, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

# एसआईटी फिर लेगी पीड़ित स्कूली छात्राओं के बयान

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** ब्यावर जिले के बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड मामले में हाईकोर्ट ने आरोपियों के मकान और अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगाई है। हाईकोर्ट ने यथास्थिति (रोक) के आदेश दिए हैं। जस्टिस महेंद्र गोयल की कोर्ट ने यह आदेश शाकिर व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। वहीं मामले में बुधवार रात एक और आरोपी अमान मंसूरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लड़कियों से दोस्ती कर उन्हें अन्य आरोपियों से मिलवाता था। मामले में अब तक कुल 14 आरोपी पकड़ जा चुके हैं, जिसमें 3 नाबालिग हैं। इसके साथ ही मामले की जांच अब एसआईटी को सौंपी गई है। इससे पहले गुरुवार सुबह स्कूली छात्राओं ने रैली निकाल कर ब्रह्मा मंदिर में भगवान को ज्ञापन सौंपा। छात्राओं ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और नारे लिखी तख्तियां लेकर आरोपियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। आरोपियों को दिए गए थे नोटिस दरअसल, रेप-ब्लैकमेल कांड के आरोपियों के घर पर नगर पालिका ने नोटिस दिए थे। नोटिस में कहा गया था कि नोटिस पाने वाले अपने कागजात लेकर हाजिर हो जाएं। कागजात पूरे नहीं होने पर निर्माण को अतिक्रमण मानकर ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इस पर शाकिर और अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जस्टिस महेंद्र गोयल की अदालत में याचिकाकर्ताओं के वकील सैयद सआदत अली ने बहस करते हुए कहा कि जिन्हें नोटिस दिया गया है, वो आरोपी नहीं हैं। वहीं जो इस मामले में आरोपी है, उनके नाम से कोई प्रॉपर्टी नहीं है। वकील ने कहा- बिना प्रॉपर्टी सील किए हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की जा सकती हैं। इसके साथ ही नोटिस देने में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन की भी पालना नहीं की गई है। इस पर कोर्ट ने



मामले में हाईकोर्ट ने यथास्थिति (रोक) के आदेश दिए। ब्रह्माजी के नाम दिया ज्ञापन स्कूल शिक्षा परिवार के कमल पाराशर ने बताया- इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को जागरूक करना था। छात्राओं ने जगत पिता ब्रह्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें सरकार से दोषियों पर कठोर कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को यह भी बताया गया कि यदि कोई उन्हें परेशान करे तो तुरंत अपने स्कूल और परिवार को इसकी जानकारी दें। प्रदेश भर में इस कांड के विरोध में प्रदर्शन जारी है। 15 फरवरी को मामला आया था सामने दरअसल, 15 फरवरी को बिजयनगर थाने में एक नाबालिग ने मामला दर्ज कराया था। उसके बाद एक और नाबालिग ने मामला दर्ज कराया था। फिर तीन लड़कियों के पिता की ओर से भी रिपोर्ट दी गई थी। आरोप है कि ये प्राइवेट स्कूल में पढ़ रही नाबालिग लड़कियों का रेप और अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहे थे। जबरन कलमा पढ़ने, रोजा रखने और धर्मांतरण के लिए विवश कर रहे थे। पुलिस ने पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

#### अब तक 14 आरोपी पकड़े जा चुके

थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया- मामले में एक और आरोपी अमन उर्फ अमान मंसूरी निवासी तारों का खेड़ा बिजयनगर को बुधवार रात को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामना आया कि पकड़ा गया आरोपी स्कूल छात्राओं से दोस्ती कर आरोपियों से मिलवाने में मदद करता था। मामले में अब तक कुल 14 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। इनमें से 10 आरोपी जेल में है और 3 नाबालिग बाल सुधार गृह में हैं।

#### 3 नाबालिगों का कोर्ट में होगा ट्रायल

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो के निर्देश पर पुलिस व समाज कल्याण विभाग ने तीन बाल अपचारियों का बालिग आरोपियों की तरह कोर्ट में ट्रायल की कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ सज्जन सिंह ने बताया- बाल अपचारियों की 15 पेज की सोशल बैक ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस रिपोर्ट में नाबालिगों के निवास स्थान, उनके कार्य स्थल, स्कूल, अन्य गतिविधियों की जांच के बाद एसबीआर में रिकॉर्ड किया जाएगा। इस कार्रवाई की मॉनिटरिंग कलेक्टर कर रहे हैं।

#### एसआईटी टीम वापस लेगी पीड़ित नाबालिगों के बयान

अजमेर रेंज डीआईजी ओमप्रकाश के निर्देशन में एडिशनल एसपी नेमसिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। एसआईटी के इंचार्ज एडिशनल एसपी नेमसिंह ने बताया- बिजयनगर मामले को लेकर बुधवार देर रात को एसआईटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा- केस की अच्छे से इन्वेस्टिगेशन करवाकर जो भी सबूत होंगे, उन्हें लेकर आगे की जांच की जाएगी। एसआईटी टीम में एडिशनल एसपी ब्यावर, मसूदा सीओ, दो थाना अधिकारी, एक सब इंस्पेक्टर को शामिल किया गया है। टीम पीड़िताओं और उनके परिजनों से वापस बातचीत कर जांच करेगी।

## श्री श्याम आनंद फागोत्सव का शुभारंभ



**रतनगढ़,(हुक्मनामा समाचार)।** सिद्धपीठ श्री ताल वाले बालाजी श्याम मंदिर में सप्त दिवसीय फागोत्सव का शुभारंभ श्रीमती मंजू कंवर ने बाबा की ज्योत लेकर किया। गायक कलाकार बालकृष्ण, देवकीनंदन सेवदा, किरण शेखावत, सुशीला बंशीवाल, सीमा भाटी, सूरज पारिक, हेमंत रूंथला ने कर्णप्रिय भजनों से बाबा रिझाया। भजन संध्या में बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया और इत्र वर्षा की गई। भजन संध्या के पश्चात धमाल पर सैकड़ों भक्तों ने नृत्य किया और श्याम बाबा के साथ पुष्पों की होली खेली। इस अवसर पर निलेश पुजारी,अंजनी पुजारी, मनोज पुजारी, सुशील पुजारी, रघुनंदन धरेंद्रा, प्रहलाद पारिक, गिरीश माठोलिया, भूराराम जांगिड़, मनोज जोशी, हिमांशु बजाज, विष्णु धरेंद्रा, गोपाल धूपड़, सत्यनारायण सेवदा, अजय पुजारी, रवि पुजारी, नितिन पुजारी, विकास भाटी,राकेश जाट श्रीमती उमराव भाटी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## बाबा का निशान लेकर खाटू श्याम जी को पदयात्रा पर निकले भक्तजन

**पिलानी,(हुक्मनामा समाचार)।** पिलानी कस्बे का प्राचीनश्री सती मंदिर से भक्त जनों की टोली श्री श्याम बाबा खाटू धाम के लिए रवाना हुई सर्वप्रथम मंदिर प्रांगण में निशान की पूजा अर्चना कर विधिवत कार्यक्रम में जोत लेकर बाबा के दरबार तक पदयात्रा पैदल जाने के लिए संकल्प लेकर प्रस्थान करते हैं श्रीश्याम भक्त कैलाश चंद्र सैनी, दीपक, प्रमोद ,रिंकू, पंकज ,बाबा भक्त जनों ने माथा टेक कर पूजा अर्चना के बाद विश्व का कल्याण हो गौ माता की जय हो इन्हें विचारधारा के साथ निशान हाथों में थामे जयकारा करते हुए रवाना हुए।

## नेत्र अस्पताल में नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का हुआ शुभारंभ



**चूरू,(हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय राजकीय नेत्र अस्पताल में स्व. मनोहरलाल गोयनका की स्मृति में लक्ष्मी देवी गोयनका व गणेश प्रसाद गोयनका के आर्थिक सौजन्य से जिला अंधता निवारण समिति व राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी चूरू के सहयोग से लायंस क्लब चूरू तीन दिवसीय मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि शिविर में डॉ. शशिधर व उनकी टीम ने पहले दिन लगभग 150 रोगियों की नेत्र जांच कर 64 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। शिविर प्रभारी सुनील रंजन टकणेत ने बताया कि तीन दिवसीय इस नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर में रोगियों के ऑपरेशन के साथ ही खाने व दवाइयों की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। शिविर में शेरू गोयनका, गौरीशंकर गोयनका, विक्रम, आकाश, सूर्य प्रकाश, विक्रम सिंह कोटवाद, संजय खेमका, रामगोपाल लोहिया, विकास किला, नरेश दुधवेवाला ने सहयोगी भूमिका निभाई।

## नवीन उप डाकघर का शुभारंभ मिलेगी सुविधाएं

**सीकर।** नवलगढ़ रोड़ स्थित बालाजी कॉलेज के पास नवीन डाकघर का उदघाटन अधीक्षक डाकघर सीकर मंडल आलोक कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। नवलगढ़ रोड पर नवीन डाकघर का उदघाटन करते हुए अधीक्षक डाकघर सीकर मंडल आलोक कुमार ने बताया कि स्थानीय क्षेत्रवासियों को डाक सेवाऐं तथा पंजीकृत पत्र, स्पीड पोस्ट, पार्सल बुकिंग, विदेशी डाक बुकिंग सेवाऐं, बचत योजनायें, डाक जीवन बीमा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ आधार नामांकन एवं अधतन की सुविधा क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी। डाक विभाग द्वारा लगातार बेतहतर नवाचार के प्रयास किए जा रहे है, जिनके माध्यम से वर्तमान में जीपीएस लगी डाक विभाग की व्हीकल के माध्यम से डाक लोगों के घरों तक अब आसानी से पहुंच पा रही है।

## जिला स्तरीय शांति समिति बैठक आयोजित होली व धूलंडी पर कड़ी निगरानी के निर्देश



**झुंझुनूं,(हुक्मनामा समाचार)।** होली व धूलंडी के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवलगढ़ में निकलने वाले गैर जुलूस को समय पर शुरू और संपन्न कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। *असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर* पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बैठक में कहा कि त्योहार को सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी समुदाय को परेशानी हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। *ये रहे मौजूद* बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत गोदारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह, झुंझुनूं एसडीएम हवाई सिंह, नवलगढ़ एसडीएम जय सिंह, सीओ हरि सिंह, सीओ राजवीर सिंह, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, झुंझुनूं तहसीलदार महेंद्र सिंह मूंड, एपीआरओ विकास चाहर सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सम्मान अभियान शुभारंभ रथ संतों के सानिध्य व भाजपा नेता भंवरलाल जांगिड़ के नेतृत्व में 8 मार्च को

**सीकर,(हुक्मनामा समाचार)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आत्मनिर्भर महिला एवं शहीद वीरांगना सम्मान अभियान को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन होटल भंवर पैलेस में किया गया। अभियान का शुभारंभ रथ द्वारा 8 मार्च को प्रात: दस बजे देवीपुरा बालाजी मंदिर के प्रांगण से संतों के सानिध्य एवं भाजपा नेता भंवरलाल जांगिड़ अध्यक्ष-श्री मानव सेवा संस्थान के नेतृत्व में किया जाएगा। जांगिड़ ने प्रेस वार्ता में बताया कि श्री मानव सेवा संस्थान की ओर से सीकर जिले की संपूर्ण 382 ग्राम पंचायतो ढाणीयों में अभियान को चलाया जाएगा महिला सशक्तिकरण को लेकर केन्द्र में मोदी जी की सरकार एवं राज्य में भजनलाल सरकार द्वारा महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ प्रत्येक महिला को मिलने पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है सरकार द्वारा महिलाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर मिलने पर वे आत्मनिर्भर बन रही है बालिकाओं के लिए भी अनेक योजनाएं चलाई जा रही है महिला सम्मान अभियान के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों की महिलाए, ग्राम पंचायत में आत्मनिर्भर महिलाओं एवं शहीद वीरांगनाओं का सम्मान पंचायत स्तर पर किया जाएगा। महिला शक्ति को पहचानना और उसे सम्मान व बढ़ावा देना हमारा कर्तव्य है। प्रेस वार्ता में पवन गौड., टोडरमल, ओम प्रकाश पुरोहित,बोदुराम जागिड., मुकेश चाहलया सहित पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

### पीडीकेएफ आर्टिजंस कलेक्टिव : 12 राज्यों से 50 से अधिक विमेन आर्टिजंस और एंटरप्रेन्योर्स के शिल्प का प्रदर्शन

## सांस्कृतिक धरोहर और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने में युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण : स्मृति ईरानी

**जयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** हमारी सांस्कृतिक धरोहर को रिटेल इंडस्ट्री से जोड़कर रखेंगे, तो न केवल आने वाली पीढ़ी इसे आगे बढ़ाएगी, बल्कि हम इसे वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान दिला पाएंगे। हैंडिक्राफ्ट का अंतरराष्ट्रीय बाजार लगभग एक हजार बिलियन डॉलर का है, लेकिन भारत की वर्तमान भूमिका इस बाजार में 2023-2024 के आंकड़ों के अनुसार केवल 32 हजार करोड़ रुपये है। यह एक क्षेत्र है जिसमें हम और अधिक योगदान कर सकते हैं। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास, स्मृति ईरानी ने आज सिटी पैलेस में प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ) द्वारा आयोजित हो रहे पीडीकेएफ



आर्टिजन कलेक्टिव के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। पीडीकेएफ आर्टिज़न कलेक्टिव, जिसकी संकल्पना जयपुर की प्रिंसेस गौरवी कुमारी ने की है और आकांक्षा मित्तल के सहयोग से, सोनालिका ट्रैक्टर्स द्वारा पावर्ड है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में पूरे भारत से 50 से अधिक विमेन आर्टिजंस और एंटरप्रेन्योर्स भाग ले रही हैं, जो हेरिटेज क्राफ्ट्स, कंटेम्पररी डिजाइन और सस्टेनेबल बिजनेस की विविध रेंज को प्रदर्शित कर रही हैं। जिसमें केरला क्राफ्ट, ब्लू पॉटरी, कालीघाट पेंटिंग, एप्लिक एम्ब्राएडरी, पंजा दर्री बुनाई, भुजोडी हथकरघा और लाख की चूड़ियां आदि शामिल हैं।

## धार्मिक नगरी गोनेर के विकास को कांग्रेस ने रोका : डॉ कैलाश

**बगरू।** विधानसभा के तृतीय सत्र के दौरान गुरूवार को बगरू विधायक डॉ कैलाश वर्मा ने प्रक्रिया संचालन संबंधी नियम 295 के अंतर्गत धार्मिक नगरी गोनेर के समग्र विकास हेतु एकमुश्त बजट आवंटन करने को लेकर सदन में मांग रखी। इस दौरान डॉ वर्मा ने सदन सदन को अवगत कराया कि ग्राम गोनेर में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं एवं प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तजनों का आवागमन रहता है तथा पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय गोनेर में विकास कार्यों के लिए करीब एक सो पचास करोड रुपए आवंटित किए थे जिसके अंतर्गत अनेक विकास कार्य हुए भी परंतु कांग्रेस सरकार ने इसे आगे नहीं बढ़ाया एवं बजट नहीं दिया जिससे गोनेर का विकास रुक गया है।

## मोबाइल टावर से उपकरण चोरी के आरोप में सामान सहित दो गिरफ्तार

**भुसावर,(हुक्मनामा समाचार)।** भुसावर थाना पुलिस ने मोबाइल टावर से उपकरण चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि घटना 5 मार्च की रात करीब 1:47 बजे की है। इंडस कंपनी के मोबाइल टावर से आरआरयू मशीन की चोरी की गई थी। यह टावर नयागांव खालसा में स्थित है। मैक्स विजिल सिक्योरिटी एक्सपर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइजर ललतेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। टावर से चोरी की सूचना मिलने पर टेक्नीशियन मौके पर जा रहा था। इसी दौरान रौत गांव में दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर चोरी की मशीन ले जाते पकड़े गए। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए भुसावर थाना पुलिस ने दो



आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान विश्वेंद्र (24) पुत्र भाग्यसिंह, निवासी पाली, थाना महवा, जिला दौसा और बहादुरसिंह (22) पुत्र बाबूलाल, निवासी सैंधली, थाना भुसावर, जिला भरतपुर के रूप में हुई है। चोरी का सामान पुलिस थाना महवा में धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त कर लिया गया है। इस चोरी से कंपनी और दूरसंचार सेवाओं को काफी नुकसान पहुंचा था।

## विधायक मनोज मेघवाल ने हरिनगर का मुद्दा विधानसभा में उठाया

**बीदासर,(हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत ढाणी कालेरा के राजस्व ग्राम हरिनगर को बीदासर नगर पालिका में शामिल करने के विरोध को लेकर विधायक मनोज मनोज मेघवाल ने विधानसभा में मुद्दा उठाया। विधायक मेघवाल ने विधानसभा में कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में एक नया गांव हरिनगर के नाम से बना था, 28 फरवरी को एक व्यक्ति ने हरिनगर को बीदासर नगर पालिका में शामिल करने के लिए जिला कलक्टर को पत्र लिखा, और उसी दिन शाम को अतिरिक्त जिला कलक्टर ने एसडीएम बीदासर को निर्देश देकर नगर पालिका ईओ से तथ्यों की जांच कर अपनी अभिशंषा भिजवाने को कहा। तहसीलदार का पद बीदासर में रिक्त है। नायब तहसीलदार के पास चार्ज नहीं है। दूसरे उपखंड के तहसीलदार के पास वहाँ का चार्ज है। नगर पालिका खुद बीजेपी की है। बीजेपी का बोर्ड भी विरोध कर देता की यह अनुसंशा नही जानी चाहिए। उसी दिन नगर पालिका का ईओ छुट्टी पर रहता है। कोई कार्मिक अनुशंषा नही करने पर रात्रि को एक चतुर श्रेणी कर्मचारी राजूसिंह जो पालिका से चौकीदारी का कार्य करता है उसके द्वारा ईओ की मोहर लगाकर अनुशंषा भिजवा दी जाती है। उसी दिन एसडीएम कलेक्टर को वो रिपोर्ट भेजता है, जबकि एससी का पूरा गांव है और विरोध कर रहा है। गांव की 751 जनसंख्या बताई गई है। जनगणना के बाद गठित हुआ यह गांव है। जिसमे 495 ऐससी के व्यक्ति है। जिला परिषद सदस्य, कांग्रेस, बीजेपी सहित पूरा गांव नगर पालिका में शामिल होने का जबरदस्त विरोध कर रहा है। फिर भी एक व्यक्ति विशेष के निर्देश पर राजस्व गांव को नगर पालिका में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। जिस पर तत्काल रोक लगाने की विधायक ने मांग की है।

## चूरू में थाना साहवा पुलिस ने किया 8.68 लाख की लूट का खुलासा

**जयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** चूरू जिले की थाना साहवा पुलिस ने रविवार 2 मार्च की रैयाटुंडा के पास बाइक सवार से 8.68 लाख रुपए की लूट का खुलासा कर सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज खंगाल कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए अज्ञात आरोपियों की पहचान की। घटना के दो आरोपियों मोहन लाल जाट पुत्र काशीराम (28) निवासी भावलदेसर तथा थान सिंह जाट पुत्र भीमराज (25) निवासी कानसर को राउंडअप कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे लूट की रकम की बरामदकी के लिए पूछताछ की जा रही है। चूरू एसपी जय यादव ने बताया कि 02 मार्च को राकेश मेघवाल पुत्र दुला राम मेघवाल निवासी खुईया तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ ने एक रिपोर्ट दी कि वह खुईयॉ निवासी व्यापारी उदमी राम के कहने पर उधारी की रकम लेने भालेरी आया था। रकम लेकर बाइक से वापस खुइयॉ जा रहा था। रास्ते में रैयाटुण्डा से सोमसीसर रोड़ पर अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगाकर रोक लिया। मारपीट कर उसके पास से कुल 8 लाख 68 हजार 100 रूपये, मोबाईल व बाइक की चाबी छीनकर ले गये। रिपोर्ट पर थाना साहवा पर प्रकरण दर्ज किया गया। तकनीकी साक्ष्यों का संकलन कर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए टीम ने सन्दिग्ध मोहन लाल जाट तथा थान सिंह की पहचान करने के बाद राउन्ड अप किया गया। घटना का खुलासा एवं आरोपियों की गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना साहवा से एसएचओ रामप्रताप सहित एएसआई कैलाश चन्द्र, कांस्टेबल रविन्द्र, भुराराम (विशेष भुमिका), जगदीश, उमेश, साइबर सेल से हेड कांस्टेबल भागीरथ व कांस्टेबल धर्मवीर सिंह एवं डीएसटी से कांस्टेबल मुकेश शामिल थे।

### नगरपालिका में साधारण सभा की बैठक का आयोजन

# पालिका ईओ डॉ. बीएल ने तम्बाकु लाईसेंस के मुद्दे सहित कई विषयो पर की चर्चा की

**चाकसू,(हुक्मनामा समाचार)।** नगरपालिका की साधरण सभा की बैठक नगरपालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई और पालिका ईओ डॉ. बीएल मीणा ने तम्बाकु लाईसेंस के मुद्दे सहित कई विषयो पर चर्चा की गई है जिसको लेकर पार्षदों ने विरोध किया है।

और जिस पर आम राय नही बनने से प्रस्ताव पारित नही हो सका। उसमें संशोधन का निर्णय लिया गया है और इसी तरह नगरपालिका की योजना को विकसित करने के लिये पालिका की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण चिन्हित करने का निर्णय लिया? गया है और साथ झरनियो व दशहरे मैदान के



पास नगरपालिका की जमीन को नीलामी से बेचने का प्रस्ताव लिया गया है और बैठक में पार्षदों ने क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कठोर निर्यण एवं कार्यवाही करने की मांग उठाई। है और वही धार्मिक स्थलों के आसपास नॉनवेज की दुकाने तथा स्कूल कॉलेज के पास तम्बाकु बेचने वालों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

## विधानसभा में गुंजा राजस्व ग्राम हरिनगर को बीदासर नगरपालिका क्षेत्र में शामिल करने का मामला

**सुजानगढ़,(हुक्मनामा समाचार)।** राजस्व ग्राम हरिनगर को बीदासर नगरपालिका क्षेत्र में शामिल करने के प्रस्ताव का मामला गुरुवार को राजस्थान की विधानसभा में गुंजा। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने सदन में मुद्दा उठाते हुए कहां कि 28 फरवरी को एक व्यक्ति विशेष द्वारा राजस्व ग्राम हरिनगर को बीदासर नगरपालिका क्षेत्र में शामिल करने का पत्र लिखा जाता है और उसी दिन शाम को अतिरिक्त जिला कलेक्टर चूरू द्वारा बीदासर एसडीएम को निर्देश दिया जाता है कि ईओ से तथ्यों की जांच कर रिपोर्ट भिजवाएं। उसी दिन एसडीएम बीदासर द्वारा ईओ और तहसीलदार से जांच कर रिपोर्ट भिजवा दी जाती है। जबकि शाम 6 बजे बाद उनको पत्र मिलता है, बीदासर में तहसीलदार का पद रिक्त है, दूसरे उपखंड के तहसीलदार के पास वहां का चार्ज है। विधायक ने कहा कि मजे की बात यह है कि बीदासर नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड है जो इस प्रस्ताव का विरोध कर देता है कि यह अनुशंषा नहीं की जानी चाहिए। ईओ छुट्टी पर रहता है और वो भी अनुशंषा नहीं करता है तो रात को एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजूसिंह जो चौकीदारी करता है, उसके द्वारा ईओ की मोहर लगाकर अनुशंषा भिजवाई जाती है। उसी दिन एसडीएम कलेक्टर को रिपोर्ट भेज देता है, जबकि पूरा गांव इस प्रस्ताव का विरोध कर रहा है, एससी का यह गांव है। 751 इसकी आबादी है और गांव वालों का जबरदस्त विरोध है। वहां के जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य सभी भाजपा के है और वो विरोध कर रहें है, साथ ही कांग्रेस भी विरोध कर रही है, फिर भी एक व्यक्ति विशेष के निर्देश पर राजस्व गांव को नगरपालिका क्षेत्र में शामिल करने का प्रस्ताव किया जाता है।

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने किया किसान रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण

## किसान रजिस्ट्री शिविर में लापरवाही बरतने वाले तीन कार्मिकों को किया निलंबित



**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में पंजीयन करवाकर रोजाना हजारों किसान 11 अंकों की विशिष्ट पहचान हासिल कर रहे हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को किसान रजिस्ट्री शिविर में प्रत्येक किसान का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को किसान रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया। चाकसू के छांदेलकलां में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर के औचक निरीक्षण के दौरान शिविर में माकूल व्यवस्था एवं आवश्यक इंतजाम नहीं होने पर जिला कलक्टर ने सख्त नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद जिला कलक्टर के निर्देशानुसार राजकार्य में लापरवाही बरतने वाले चांदेलकलां शिविर में नियोजित संबंधित पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं कृषि परिवेक्षक को निलंबित कर दिया। तहसीलदार चाकसू एवं नायब तहसीलदार चाकसू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, छांदेलकलां में शिविर प्रभारी भू अभिलेख लेख निरीक्षक को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट जारी की गई है।

वहीं, जिला कलक्टर ने बस्सी के ग्राम पंचायत दुधली में आयोजित किसान रजिस्ट्री शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने रजिस्ट्री काउंटर सहित सभी विभागों के काउंटर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। जिला कलक्टर ने इस दौरान शिविर में मौजूद आमजन से संवाद भी किया और सभी किसानों से शिविर में पंजीयन करवाने एवं विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### बांकी माता का विशाल लक्खी मेला आज

#### रामगढ़ बांध से रायसर तक खस्ताहाल सड़क मार्ग से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी बांकी माता के मेले की व्यवस्थाएं चाक चौबंद

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** आंधी तहसील के देवीतला में बांकी माता का मेला परवान चढ़ रहा है। शुक्रवार दिनांक 7 मार्च को बांकी माता का मुख्य मेला लगेगा।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनिया के नेतृत्व में मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 200 पुलिसकर्मियों का जाब्ता तैनात हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक चौबंद है। जमवारामगढ़ उपखंड अधिकारी ललित मीणा, आंधी तहसीलदार प्रांजल कंवर व विकास अधिकारी दिवाकर मीणा रोजाना मेले की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। आंधी तहसीलदार प्रांजल कंवर ने बताया की बांकी माता के मेले में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। राजेश मीणा भट्ट का बास ने बताया की अरावली पर्वतमाला की पहाड़ियों के मध्य, स्थित बांकी माता का मंदिर बहुत ही प्राचीन है और बांकी माता सर्व समाज की आस्था का प्रतीक है।

राजेश मीणा ने बताया की मेले के दौरान भारतवर्ष से श्रद्धालु बांकी माता के जात जडूले एवं पदयात्राएं लेकर पहुंच रहे हैं।

खस्ताहाल सड़क मार्ग से श्रद्धालुओं को परेशानी लोगों ने बताया की रामगढ़ बांध से रायसर तक की दूरी करीब 13 किलोमीटर है।

लेकिन सड़क मार्ग इस कदर खस्ताहाल है की 13 किलोमीटर का सफर तय करने में ही करीब एक घंटे का समय लग जाता है। खस्ताहाल सड़क मार्ग के बीच जानलेवा खड्डे बने हुए हैं की इस सड़क मार्ग पर सफ़र करना बहुत ही जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीणों ने पहले ही मांग की थी की बांकी माता के मेले से पहले ही सड़क मार्ग की मरम्मत कराई जाये, लेकिन जिम्मेदारो के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी ओर इस सड़क मार्ग पर लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने मांढण में तहसील कार्यालय और शिविर का किया निरीक्षण



**बहरोड़ (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने गुरुवार को तहसील कार्यालय मांढ़ण का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न प्रकोष्ठों का निरीक्षण कर कार्य व्यवस्था और अन्य कार्यों का अवलोकन किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सम्पूर्ण तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी से संधारित रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। तहसील परिसर में आमजन को दी जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति जानी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने राजकीय दायित्वों का पालन करते हुए नियमानुसार समय पर कार्य संपादित करने को कहा। राजस्व प्रकरणों के साथ आमजन की परिवेदनाओं और आवेदनों का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने जनसुनवाई के प्रकरणों के बारे में जानकारी ली और कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें। उन्होंने ई-गिरदावरी के कार्य में प्रगति लाने और पुराने रिकॉर्ड को सही तरीके से संधारित करने और सभी रिकार्ड्स को अपडेटेड रखने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि तहसील कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों को परेशानी न हो, उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें और उनकी समस्याओं का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान की जाए। उन्होंने तहसील में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में पूछा और कार्यों को नियमानुसार समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## गोविंन्दम फैशन आर्टिफिशियल ज्वेलरी दुकान कलेक्शन का भव्य उद्घाटन

**सरदारशहर।** सत्यनारायण मंदिर के पिछे गोविंन्दम फैशन आर्टिफिशियल ज्वेलरी दुकान कलेक्शन का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। पंडित दुर्गा दत्त जी द्वारा कराई गई। पूजा के बाद दुकान का उद्घाटन सभापती राजकरण चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। दुकान के संचालक गोविंद सिंह ने बताया कि उनकी दुकान में 500 से अधिक फैंसी आइटम उपलब्ध हैं, रानी सेंट, चिक सेंट, झुमकी, बालिया, बाजूबंद, अंगूठियां, राजपूती आड,पुंछी, टेवटा, बंगड़ी, पायल, बिछिया, दुल्हन के लिए विशेष दुल्हन सेट और महिलाओं के लिए हर तरह की आर्टिफिशियल ज्वेलरी शामिल हैं। उद्घाटन के अवसर पर चंपालाल जी झिंगा,जोरमल झींगा, प्रकाश जी करनाणी, राधा कृष्ण जी माली, शिवजी माली, महेश जी चौधरी, राधेश्याम जी नाई, राम अवतार सैनी,गोपाल जी प्रजापत, शिव भगवान जी कम्मा,राजकुमार जी वर्मा,विक्रम सिंह, विनय सिंह, प्रदीप सिंह, किशन लाल जी कम्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शाहपुरा क्षेत्र के बांधों को पीकेसी ईआरसीपी में जोडा जाये : यादव



**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने विधानसभा के शून्य काल में शाहपुरा के बांधों को PKC-ERCP में जोडनें के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक मनीष यादव ने कहा कि शाहपुरा के अन्तर्गत आने वाले निकाय शाहपुरा व मनोहरपुर तथा समस्त राजस्व गांवों में सिंचाई व पेयजल के पानी की विकट समस्या है। शाहपुरा क्षेत्र भूजल की दृष्टि से डार्क जॉन एरिया में सम्मिलित है। शाहपुरा में 04 बांध है। मामटोरी बांध राजस्व ग्राम मनोहरपुर में, शिखरगट्टा बांध राजस्व ग्राम देवन में, दांतोडी बांध राजस्व ग्राम शिवसिंहपुरा में व बांध राजस्व ग्राम धवली में है। विधायक ने कहा कि वर्षा कम होने के कारण इन बांधो में पानी की आवक नही होती है और बांध कई सालों से सूखें पड़े है। विधायक ने कहा कि इन बांधों को PKC-ERCP में जोड़ने के लिए मैने 16 वीं विधानसभा के प्रथम सत्र में प्रश्न संख्या (362) लगाया था कि शाहपुरा के बांधों को ERCP में जोड़ने व क्षेत्र में सिंचाई के पानी की भी उपलब्धता के सन्दर्भ में सरकार क्या विचार रखती है? जिसका सरकार ने जवाब दिया कि वर्षा कम होने व भूजल स्तर गहरा होने के कारण क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल प्रवाह नही हो रहा है, और बांधो को संशोधित DPR में जल उपलब्धता, तकनीकी व वित्तीय उपादेयता पर अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

## कठूमर विधायक ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया!



**कठूमर (हुक्मनामा समाचार)।** 6 मार्च कठूमर उपखंड मुख्यालय वरिष्ठ भाजपा नेता गोपेश भारद्वाज ने बताया कि कठूमर विधायक रमेश खींची ने विधानसभा क्षेत्र कठूमर क्षेत्र में हुई अति ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए आज विधानसभा क्षेत्र के गांव दुसराहेड़ा, बड़का, बायडा, नीवेडा, मौलिया, बूलाहेडी, रामनगर, बाधका, तिगरीया, भवनपुरा आदि गांवों में उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मणगढ़ मौहकम सिंह एवं ममता चौधरी तहसीलदार, गिरदावर, कानूगों पटवारी, पूर्व प्रधान संजय खींची के साथ क्षेत्र का दौरा किया।

## भारतीय ज्ञान परंपरा व समाज में संस्कृति की वाहक है संस्कृत भाषा

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय राजकीय सेठ मोहनलाल जालान महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा एवं संस्कृत विषय पर, संस्कृत भाषा के महत्व पर हुई गोष्ठी मे वक्ताओ ने संस्कृत पर अपने विचार सांझा किये। गोष्ठी मे समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुशील त्यागी ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा अपने देश में अमिट व अभूतपूर्व है और हम सबको विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाना होगा। संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. परमेश्वर महर्षि ने कहा कि समाज में संस्कृत भाषा के बिना संस्कृति का प्रचार प्रसार एवं स्थानांतरण नहीं हो सकता।

# पुलिस थाना कोटखावदा की नशाखोरो के खिलाफ धरपकड़ हुई कार्यवाही

## अवैध मादक पदार्थ व अवैध हथकढ शराब के अलग-अलग मामलो में दो अपराधी गिरफ्तार



**चाकसू (हुक्मनामा समाचार)।** यहां दिगत आनंद आई.पी.एस पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बताया कि जिला जयपुर दक्षिण मे युवाओ को नशा की लत लगाने वाले नशाखोरो की धरपकड कर कार्यवाही करने के लिए सभी थानाधिकारियो को निर्देशित किया हुआ हैं। वही ललित शर्मा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण के निर्देशन एवं सुरेंद्रसिंह सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू जयपुर दक्षिण के मार्गदर्शन में थानाधिकारी थाना कोटखावदा भरत महर पु.नि. के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा आमसूचना संकलन कर कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ व अवेध हथकढ शराब के अलग-अलग प्रकरणो मे दो अपराधी गिरफतार किये जाकर के मुलजिमानो के कब्जे से 42 ग्राम अवेध मादक पदार्थ गांजा व 2 लीटर हथकढ शराब जप्त की गयी है। वही मुलजिमानो के विरुद्ध अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन




**सवाई माधोपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह-2025 अन्तर्गत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से 2 से 8 मार्च, 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

उप निदेशक महिला अधिकारिता अमित गुप्ता ने बताया कि 3 मार्च को राजकीय उच्च माध्यमिक संस्कृत विद्यालय साहू नगर में बालिकाओं के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढाओं एवं महिला सशक्तिकरण थीम पर चित्रकला, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में ईशा वर्मा प्रथम, सोनिया कौर द्वितीय एवं अंजली तृतीय स्थान पर रही। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में तानिया प्रथम, आरूषी द्विती य एवं प्रिया प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गुनगुन बैरवा प्रथम, हेमलता खटीक द्वितीय एवं निशा मेरोठा तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर विजेता बालिकाओं को मोमेन्टो भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

इसी प्रकार 4 मार्च को महात्मा गांधी उच्च प्राथमिक विद्यालय, कटला शहर सवाई माधोपुर में बालिकाओं के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढाओं एवं महिला सशक्तिकरण थीम पर चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कल्पना प्रथम, सुमन महावर द्वितीय एवं पायल खंगार तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में देवकी खंगार प्रथम, मनीषा प्रजापति द्वितीय एवं माहीन तृतीय स्थान पर रही। विजेता बालिकाओं को मोमेन्टो भेंट कर पुरस्कृत किया गया। वहीं 5 मार्च को जिले की सभी ग्राम पंचायतों पर साथिनों द्वारा विशेष जाजम सखी चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। 6 मार्च को प्रत्येक ग्राम पंचायत पर साथिनों के द्वारा महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं की एनिमियां जांच करवाई गई तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।


**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER PHED DISTRICT RURAL DIVISION, AJMER**

Near Loharkhan Tempo Stand, Ajmer-305006

Tel : 0145-2970158, Email : eepheddistrictajmer@yahoo.com

S.No. 2757 Date : 03-03-2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Civil Work are invited from eligible bidders upto 11.03.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (sppp.raj.nic.in).

NIB Code : PHE2425A5038 (NIT No. 28/2024-25)

UBN NO.-PHE2425WSOB11024

DIPR/C/3289/2025

Executive Engineer
PHED, District (R) Dn. Ajmer

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड केकड़ी**

वघेरा रोड पी.एच.ई.डी. कोलानी केकड़ी

क्रमांक: अअ/केकड़ी/2024-25/5480-5510 दिनांक : 25.02.2025

ई-मेल: eep.pis.ajm.phed@rajasthan.gov.in

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नियमानुसार सक्षम श्रेणी में राज्य सरकार/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों से ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक संवेदकों द्वारा निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 10.03.2025 तक सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड की जाकर उसी दिन 5.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है। धरोहर राशि, टेण्डर फीस व Tender Processing Fee (M D, RISL) की राशि ई-चालान के माध्यम ऑन लाईन जमा करवाना है। कार्यालय में प्रथम लिफाफा दिनांक 11.03.2025 को सुबह 11.00 बजे खोला जावेगा।

ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में वे ही संवेदक भाग ले सकेंगे, जिनके पास डिजिटल हस्ताक्षर होने के साथ ही उक्त वेब साईट पर पंजीकृत होंगे। निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in साईट पर देखे जा सकते हैं। निविदा से संबंधित विवरण http://www.eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा संख्या | 72/2024-25 |
| 2. | कार्य का नाम | खण्ड केकड़ी के अधीन विभिन्न दर सिविल कार्य |
| 3. | अनुमानित लागत | 30.00 लाख |
| 4. | धरोहर लागत | 60000.00 |
| 5. | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 10.03.2025 को 5.00 बजे तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि (प्रथम लिफाफा खोलने की तिथि) | 11.03.2025 को सुबह 11.00 बजे |

निविदा को एस.पी.पी. पोर्टल पर आई.डी. नम्बर निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| NIB Code | PHE2425A4844 |
| NIT No. | UBN Number |
| 56/2024-25 | PHE2425WSRC10632 |

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,
खण्ड केकड़ी
DIPR/C/2923/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

PUBLIC HEALTH AND ENGINEERING DEPARTMENT, DIVISION BEAWAR

PHONE : 01462-294205, Email : ee.bwr.ajm.phed@rajasthan.gov.in

No. : EE/DIV BWR/2024-25/6202-6215 DATED : 28/02/2025

**ONLINE NOTICE INVITING FOR TENDERS**

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajsthan for the following works from enlisted contractors with the PHED Rajasthan and meeting eligibilly criteria. The tender document can be downloaded from the web site http://eproc.rajasthan.gov.in in details of the tender notification and pre-qualification criteria can also seen in NIT exhibited on web site http://sppp.rajasthan.gov.in

**NIB CODE : PHE2425A4988**

| NIT No. | Work Description | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Earnest Money (in Rs) in favour tender inviting authority | Tender Cost (in Rupee) in favour of tender inviting authority | Processing Charges (in Rs.) in favour of MD. RISL, Jaipur | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 82/24-25 | WORK OF THE CLEANING OF RESERVOIR (OHSRS/GLRS) BY MECHANIZED MEANS INCLUDING DEWATERING, REMOVAL OF ALL SILT SCRAPPING OF WALL HIGH PRESSURE CLEANING GOLLOWED BY VACUUM CLEANING AND DISINFECTION OF RESERVOIR WITH ANTHIBACTERIAL SPRAY AND ULTRA VIOLT RADIATION IN R&D AND PRORUCTION SUB DN. BEAWAR & SUB DN. VIJAYNAGAR UNDER JURISDCTION OF DIVISION BEAWAR (UBN NO.: PHE2425WSOB10863) | 10.45 | 20900/- | 1000/- | 500/- | 12 Month |

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 28.02.2025 से 10.03.2025 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.02.2025 से 10.03.2025 सायं 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.02.2025 से 10.03.2025 सायं 06.00 बजे तक |
| प्री-क्वालीफिकेशन बिड खोलने की तिथि एवं समय | 11.03.2025 प्रातः 11.00 बजे |

Earnest Money/Bid Security, Tender Document Cost, and RISL Charges shall be deposited through e-Challan over e-GRASS website online in Favour of Executive Engineer, PHED Division Beawar (Office ID-11132) for NIT.

| S.No. | Details | Budget Head | Deposited through online e-Challan over website e-GRASS |
|---|---|---|---|
| 1. | Earnest Money | 8443-00-108-00-00 लोक निर्माण विभाग | In Favour of Executive Engineer,PHED Division Beawar (Office ID-11132) |
| 2. | Tender Document Cost | 0075-00-800-52-01 निविदा शुल्क की प्राप्तियां | |
| 3. | RISL Charges | 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग | In Favour of RISL, Jaipur |

DIPR/C/3189/2025

(SUNEEL KUMAR)
EXECUTIVE ENGINEER
PHED DIVISION, BEAWAR

# आसीन्द में बाइपास से खारी नदी तक सड़क निर्माण के लिए परीक्षण करवाकर निर्णय लिया जाएगा-दिया कुमारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि आसिन्द शहर में नए निर्मित बाइपास से खारी नदी तक सड़क निर्माण के लिए परीक्षण करवाया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि व्यवहारिक होने पर शीघ्र ही निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। सार्वजनिक निर्माण मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने बताया कि उपखण्ड आसीन्द के रघुनाथपुरा से शम्भूगढ़ वाया आसीन्द सड़क तथा नेशनल हाईवे 148 डी व 158 डी सोपुरा से महाराजपुरा चौराहे को स्टेट हाइवे 133 से जोड़ने वाली सड़क पर नवीन सर्विस रोड़ का कार्य शुरू हो गया है।

इससे पहले विधायक जब्बर सिंह सांखला के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र आसीन्द के उपखण्ड आसीन्द के रघुनाथपुरा से शम्भुगढ़ वाया आसीन्द मय कॉजवे (आसीन्द) भीलवाड़ा सड़क के 27 किलोमीटर में से 8.00 किलोमीटर लम्बाई में सड़क अच्छी स्थिति में है। शेष रहे 19 किलोमीटर सड़क के रिपेयर तथा उन्नयन हेतु बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के बिन्दु संख्या 15(ड्ड) की क्रम संख्या 65 के अनुसार राशि 8.10 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर कार्य करवाया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र आसीन्द में नेशनल हाईवे 148 डी व 158 डी पर सोपुरा जंक्शन (आसीन्द) (किमी 67/930) से महाराजपुरा जंक्शन (आसीन्द) स्टेट हाईवे 75 (किमी 74/630) के मध्य की दूरी 6.7 किलोमीटर में दो लेन मय पेव्ड शोल्डर डामर सड़क है। इस सड़क पर 6.7 किलोमीटर में से 1.70 किलोमीटर लम्बाई में चिह्नित आबादी क्षेत्र में सड़क के दोनों तरफ आवश्यकतानुसार सर्विस रोड़ निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है। इसमें से 1.00 किलोमीटर सर्विस रोड़ का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 0.70 किलोमीटर लम्बाई में भूमि अवाप्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि भूमि अवाप्ति के पश्चात सर्विस रोड़ बनाया जाना प्रस्तावित है।

शेष 5.00 किलोमीटर लम्बाई में आबादी क्षेत्र नहीं होने के कारण सर्विस रोड़ बनाया जाना प्रस्तावित नहीं है।

## राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद लागू होगा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट- पटेल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाएगा। विधि एवं विधिक कार्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य में अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल विधानसभा में प्रस्तुत किया गया था। इसे 15वीं विधानसभा के अष्टम सत्र में 21 मार्च 2023 को विधानसभा द्वारा पारित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस बिल पर राष्ट्रपति की स्वीकृति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इससे पहले विधायक अमीन कागजी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में विधि एवं विधिक कार्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 31 जिला एवं सेशन न्यायालय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इनमें वर्तमान में 33 हैड कानिस्टेबल तथा 131 कानिस्टेबल सुरक्षा गार्ड उपलब्ध हैं।

पटेल ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर परिसर में सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी थाना कुडी हाउसिंग बोर्ड से 01 सहायक उप निरीक्षक, 03 हैड कानिस्टेबल तथा प्रथम बटालियन आएसी की ए कंपनी से 01 सीसी, 20 हैड कानिस्टेबल, 71 कानिस्टेबल नियोजित कर सुरक्षा दी जा रही है।

## शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जनता क्लीनिक से कहीं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध-गजेन्द्र सिंह

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 357 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। इनकी पूरी फण्डिंग केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही है। इनमें वैक्सीनेशन, दवाइयां, ओपीडी, फैमिली वैल्फेयर और स्वास्थ्य जांचों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर वर्ष 2019-20 में जनता क्लीनिक संचालित की गई। इनकी संख्या भी मात्र 15 ही थी। इन्हें वर्ष 2021-22 में शहरी स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र नाम दे दिया गया। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजस्थान में खोले गये। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 में 142 आरोग्य मंदिरों की स्वीकृति, वर्ष 2022-23 में 47, वर्ष 2023-24 में 143 तथा वर्ष 2024-25 में 180 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्वीकृति दी गयी।

उन्होंने बताया कि जनता क्लीनिक पूरी तरह से दानदाताओं तथा सीएसआर फण्डिंग के भरोसे चल रहे थे तथा इनका स्थाई इन्फ्रास्ट्रक्चर भी नहीं था। उन्होंने बताया कि प्रदेश में संचालित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, सफाई कर्मियों की तनख्वाह, उपकरण, रिपेयर, मेंटेनेंस, वैक्सीनेशन, दवाइयां, ओपीडी, फैमिली वैल्फेयर, जांचों आदि सुविधाओं के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 70 लाख रुपये का भुगतान किया जाता है।

इससे पहले विधायक कान्ति प्रसाद के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पूर्व नाम जनता क्लिनिक) का प्रशासनिक रिपोर्टिंग एवं पर्यवेक्षण नियंत्रण निकटतम शहरी प्राथमिक स्वाास्थ्य केन्द्र से किया जाता है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने की स्थिति में शहरी प्रशासनिक रिपोर्टिंग एवं पर्यवेक्षण नियंत्रण निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा उप जिला अस्पताल के अधीन होता है। सिंह ने बताया कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पूर्व नाम जनता क्लिनिक) पर प्रतिदिन की ओपीडी पर्चियों का इन्द्राज, फार्मासिस्ट द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र थानागाजी के शहरी चिकित्सालय (शहरी डिस्पेंसरी) का शहरी स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र (जनता क्लिनिक) में परिवर्तन किया जाकर वर्तमान में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में संचालित हैं। उन्होंने कहा कि उक्त संस्थान पर कार्यरत स्थाायी कर्मचारियों के पद समाप्त करना विचाराधीन नहीं है।

## मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए विशेष अभियान-जवाहर सिंह बेढ़म

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री रोकने के लिए समय समय पर विशेष अभियान चलाकर अपराधियों की धरपकड़ की जाती है। नशे के खिलाफ जन जागरुकता अभियान चलाए जाते हैं। नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मादक पदार्थों की जब्ती की कार्रवाई की जाती है। तस्करी तथा अवैध बिक्री में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार किया जाता है। उनकी सम्पत्ति जब्त की जाती है। साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने के लिए नशा मुक्ति केन्द्रों का संचालन भी सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा भी इस संबंध में संज्ञान लेते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। गृह राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी रोकने के लिए सजगता से कार्रवाई की जा रही है। अधिक समस्याग्रस्त जिलों में जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देकर टीमों का गठन भी किया गया है। साथ ही पकड़े गए अपराधियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के साथ पुलिस की मिलीभगत की कोई शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ऐसी कोई भी शिकायत आने पर कठोर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाएगा।

इससे पहले विधायक रामनिवास गावडिया के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि जिला हनुमानगढ में विगत 03 वर्षों में चिट्टा मादक पदार्थ की तस्करी के कुल 404 प्रकरण दर्ज हुए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त दर्ज 404 प्रकरणों में 894 मुल्जिमों को गिरफ्तार किया गया तथा 354 प्रकरणों मं चालान न्यायालय में पेश किये गये व 50 प्रकरणों में अनुसंधान जारी है। उन्होंने इसका विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए किये गये प्रयासों एवं कार्यवाही का विवरण भी सदन के पटल पर रखा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

### राजस्व मंडल में बैंच गठित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत आपसी समझाईश योग्य राजस्व प्रकरणों का निस्तारण करने को लेकर राजस्व मंडल स्तर से बैंच का गठन किया गया है। अतिरिक्त निबंधक (न्याय) हेमन्त स्वरूप माथुर ने बताया कि लोक अदालत के लिए राजस्व मण्डल स्तर से सदस्य राजेश कुमार दड़िया (न्यायिक अधिकारी) व सदस्य मदनलाल नेहरा की बैंच का गठन किया गया है। राजस्व मण्डल अजमेर में 08 मार्च, शनिवार को प्रातः 10:30 बजे दीप प्रज्वलन कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया जायेगा जिसमें पक्षकारों के मध्य आम सहमति व समझाईश के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। लोक अदालत हेतु अब तक 119 प्रकरण चिन्हित कर लिये गये हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर के द्वारा जारी निर्देशों की पालना में राजस्व मण्डल में सेवानिवृत्त आर.ए.एस अधिकारी सुरेश कुमार सिन्धी को मार्गदर्शक नियुक्त कर 18 फरवरी से 21 फरवरी तक पक्षकारों के साथ समझाईश / काउन्सलिंग का कार्य किया गया।

## उप जिला अस्पताल मेड़ता में रिक्त चिकित्सकीय पदों को शीघ्र भरेंगे - गजेन्द्र सिंह

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को सभी आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराई जा रही हैं। हमारी सरकार ने मेड़ता क्षेत्रवासियों की मंशानुसार चिकित्सालय को राजकीय उप जिला अस्पताल मेड़ता में क्रमोन्नत किया था। उन्होंने कहा कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों को शीघ्र ही भर दिया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि उप जिला अस्पताल मेड़ता में विभिन्न कारणों से परिसर का विस्तार नहीं हो पाया है। वर्तमान में यहां हर माह 21 हजार 750 ओपीडी दर्ज की जा रही है। साथ ही, यहां ट्रोमा सेंटर भी संचालित है।

## गौशालाओं को देय अनुदान राशि में हो रही निरंतर वृद्धि-कुमावत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार गौशालाओं के रख-रखाव के लिए संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बजट वर्ष 2024-25 में गौशालाओं को देय अनुदान सहायता राशि में 10 फीसदी की वृद्धि की गई थी। अब बजट वर्ष 2025-26 में भी 15 फीसदी की वृद्धि के लिए घोषणा की गई है।

गोपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 4 हजार 140 गौशालाएं संचालित हैं। इनमें से 3 हजार 43 गौशालाएं इस वर्ष अनुदान सहायता राशि के लिए पात्र है। नियमानुसार गौशाला में 100 गौवंश की संख्या होने पर अनुदान दिया जाता है। कुमावत ने कहा कि पात्र गौशालाओं को 9 माह का अनुदान दिया जाता है। वर्षा ऋतु में पर्याप्त चारे की व्यवस्था होने से अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर में अनुदान नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा की पात्र 37 गौशालाओं को अनुदान दिया गया है।

इससे पहले विधायक गोपीचंद मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गोपालन मंत्री ने बताया कि गौ संवर्धन एवं संरक्षण के लिए 'राजस्थान गौ संरक्षण एवं संवर्धन निधि नियम 2016 संशोधित नियम 2021' के प्रावधान अनुसार पात्र गौशालाओं में संधारित गौवंश को भरण-पोषण के लिए सहायता राशि, पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला योजना जनसहभागिता योजना, ग्राम पंचायत गौशाला एवं पशु आश्रय स्थल जनसहभागिता योजना, गौशाला विकास जनसहभागिता योजना, गौकाष्ठ मशीन योजना संचालित है।

### बर्लिन आइटीबी में किया सम्मानित

### सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज ने किया सम्मानित

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पेसिफिक एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन ने राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया हैं। उन्हें यह सम्मान आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज द्वारा दिया गया।

उप मुख्यमंत्री की ओर से पर्यटन विभाग के अधिकारी, अपर निदेशक आनंद त्रिपाठी, उप निदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्कर्ष्ठ कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ मिलकर राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर काम कर रही है।

'राजस्थान के पर्यटन विभाग द्वारा देश और दुनिया के विभिन्न पर्यटन मंचों पर राजस्थान के पर्यटन की ब्रांडिंग की जा रही है। इसी के तहत पेसिफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स संगठन (पटवा) ने राजस्थान ने को यह सम्मान प्रदान किया हैं।




## राजस्व मंडल में पदोन्नति से 17 कार्मिक बने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्व मंडल में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में 17 सहायक प्रशासनिक अधिकारियों को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति की गई है। पदोन्नत कार्मिकों में दिनेश वैष्णव, गोपाल सिंह, नरेश रावत, सुश्री विजय प्रजापत, राजेश कुमार गुर्जर, हवा सिंह जाट, सुश्री नर्बदा वैष्णव, अजय गुर्जर, पंकज कुमार, नीलू मोदयिानी, विकास खरींटा, भंवर सिंह भाटी, दीपक सिंह, मनोहर लाल, गुरमीत सिंह लबाना, मेहराम व गिरजिश कुमार वर्मा शामिल हैं। सभी नव पदोन्नत कार्मिकों को उनके वर्तमान पदस्थापन स्थान पर ही उपस्थिती देने के निर्देश दिये गए हैं। उनके पदस्थापन आदेश अलग से जारी किये जायेंगे।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के तहत समितियों का गठन-गोदारा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी द्वारा की जाती है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 29 के प्रावधानों के अनुसार ही संबंधित विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। इससे पहले विधायक यूनुस खान के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि । उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा 17 मार्च, 2016 के विभागीय आदेश राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश-1976 के खण्ड-3 (1) के द्वारा तहसील स्तरीय आवंटन सलाहकार समिति (नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र) का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा तहसील स्तरीय आवंटन सलाहकार समिति (नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र) तथा खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति (राज्य/ जिला/ तहसील/ उचित मूल्य दुकान स्तरीय खाद्य एवं सतर्कता समिति) का गठन किया गया।

गोदारा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 29 की पालना में 7 सितम्बर, 2017 एवं 23 मई, 2018 के विभागीय आदेश द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति (राज्य/जिला/तहसील/ उचित मूल्य दुकान स्तरीय खाद्य एवं सतर्कता समिति) का गठन किया गया।

## बहरोड़ में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की जाँच के लिए समिति का गठन- संजय शर्मा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाली शराब व बीयर इकाइयों की जांच के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के मुख्य पर्यावरण अभियंता की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति में कोटपुतली-बहरोड़ के अतिरिक्त जिला कलेक्टर और मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा एक माह में इन सभी औद्योगिक इकाइयों की जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि रिपोर्ट के आधार पर औद्योगिक अपशिष्ट का नियमानुसार निस्तारण नहीं करने वाली फैक्ट्रीयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरण राज्यमंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नीमराना औद्योगिक क्षेत्र स्थित कोन्गरेट्स एग्रो पैक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निष्कासित गैस से हुए फसल के नुकसान की शिकायत की जाँच सम्बंधित क्षेत्र के कृषि अधिकारी द्वारा करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस इकाई को गत 20 जनवरी को किये गए निरीक्षण दौरान भी नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसका संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अब 7 दिन का फाइनल नोटिस दिया गया है। उन्होंने कहा कि इकाई द्वारा मिलने वाले जवाब के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## आगामी वित्तीय वर्ष में 5 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की मरम्मत के कार्य प्रस्तावित-दिया कुमारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुविधाओं का विस्तार करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में 5 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की मरम्मत का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा 2024-25 के क्रम में प्रदेश के 2 हजार 365 केंद्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन मरम्मत, सुदृढ़ीकरण, विद्युत् फिटिंग, विद्युत् उपकरण, बाल सुलभ शौचालय, बाल सुलभ फर्नीचर, पोषण वाटिका एवं अन्य आवश्यक कार्य किये जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में समय-समय पर वृद्धि की जाती है। वर्ष 2025 -26 की बजट घोषणा के क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को देय मानदेय में आगामी वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है।

## एकल-पट्टा केस में सरकारी कमेटी को पूर्व आईएएस की चुनौती, रद्द करने की मांग की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एकल पट्टा प्रकरण में गठित कमेटी को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट इस मामले में आज सुनवाई करेगा। मामले में आरोपी पूर्व आईएएस अधिकारी जीएस संधू ने कमेटी की वैधानिकता (लीगैलिटी) को चुनौती देते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। राज्य सरकार ने एकल पट्टा प्रकरण में दर्ज एफआईआर व उसे लेकर विभिन्न स्तरों पर लिए गए निर्णयों और अदालत में लंबित मामले में राय देने के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश जस्टिस आरएस राठौड़ की अध्यक्षता में कमेटी गठित की थी।एकल पट्टा प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हाईकोर्ट में पहले से ही मुख्य न्यायाधीश की बैंच मामले की फाइनल सुनवाई कर रही है।याचिका में कहा गया है कि सरकार एक आपराधिक मामले की जांच के लिए कमेटी गठित नहीं कर सकती है। वहीं, जिस मामले की जांच पहले ही सक्षम एजेंसी द्वारा की जा चुकी हो।

## एक नजर

### यौन शोषण का अपराध : सरकार द्वारा प्रत्येक संस्था में इसकी जांच एवं रोकथाम के लिए समिति गठित

**भुसावर ( हुक्मनामा समाचार )।** सर्वाधिक यौन शोषण परिवार के सदस्यों, मित्र एव नजदीकी रिश्तेदारों द्वारा किया जाता है। अत: हमें परिजनों की नीयत की पहचान रखनी चाहिए। आधुनिक युग में महिला पुरूष का साथ काम करना सामान्य बात है। इसलिए हमे यौन शोषण के प्रति जागरूकता रखते हुए अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. उदयभान सिंह का। डां सिहं कृषि महाविद्यालय में आयोजित यौन शोषण के विरुद्ध जागरूकता दिवस के अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे डॉक्टर उदयभान सिंह सहित डॉ विकास कुमार आर्य डॉक्टर शंकर लाल यादव आदि वक्ताओं ने कहा किदुनियाभर में यौन शोषण के लिए युवक-युवतियों की बड़े पैमाने पर तस्करी होती है ये मानवाधिकारों के खिलाफ है। गलत इशारे करना, यौन शोषण के लिए प्रलोभन, गलत तरीके से शरीर को छूना या धमकी देकर या अपने पद या पैसे के प्रभाव से यौन शोषण करना कानूनी अपराध है। सरकार ने हर संस्था में यौन शोषण की जांच एवं रोकथाम के लिए सक्षम समिति बनाना अनिवार्य कर दिया है। अत: अपने कार्यस्थल पर निर्भय होकर कार्य करे तथा अपराध के खिलाफ शिकायत करे। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### नारी गौरव सम्मान समारोह आठ मार्च को

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** नेवटिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पर आठ मार्च को भारतीय शिक्षा सेवा संस्थान फतेहपुर द्वारा नारी गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।संस्थान की सचिव डॉ शबनम भारतीय ने बताया कि प्रति वर्ष को भांति इस वर्ष भी हमारे संस्थान भारतीय शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा आठ मार्च को नारी गौरव सम्मान समारोह का आयोजन करवाया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ प्रसन्नता नेत्र रोग विशेषज्ञ फतेहपुर,विशिष्ट अतिथि डॉ मधु शर्मा प्राचार्य विनायक कॉलेज फतेहपुर,श निकिता रिणवा उप सभापति एवं अध्यक्ष रीटा कुल्हरी प्राचार्य नेवटिया उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर होंगी। इस समारोह में फतेहपुर,सीकर ओर राजगढ़ चुरू की ऐसी 15 महिलाओं को जिन्होंने शिक्षा समाज चिकित्सा व्यापार एवं सार्वजनिक क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दिया है को नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### गणेश मंदिर में फागोत्सव 9 को

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** फतेहपुरी गेट स्थित सिद्ध पीठ श्री विजय गणेश मंदिर में 9 मार्च रविवार को फागोत्सव का आयोजन होगा।मन्दिर पुजारी पवन शर्मा ने बताया की आगामी 9 मार्च रविवार को दोपहर 2 बजे से गणेश मंदिर प्रांगण में गोपीनाथ महिला मंडल द्वारा मंगल गीत,कीर्तन व शुकलेश्वर महादेव मण्डल द्वारा चंग ढप व बांसुरी की धुनों के साथ मीठे मीठे फाल्गुनी भजन व धमालो के साथ भक्तो द्वारा फूलो की होली खेली जायेगी।

### मौलवी हाफीज नदीम के साथ हुई मारपीट के विरोध में हुआ हंगामा

**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** पुरानी टोंक थाना क्षैत्र में नारायण टाकीज के पास स्थित मौलवी हाफीज नदीम के साथ मारपीट होने के बाद पुरानी टोंक थाने पर भारी भीड़ जमा हो गई तथा काफी देर रात तक हंगामा चला। पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात को नारायण टाकीज के पास स्थित मस्जिद के पास से मौलवी हाफीज नदीम मस्जिद में नमाज के बाद घर जा रहे थे कि अज्ञात लोगो ने उनके साथ मारपीट कर इसकी खबर जरूोहि मुस्लिम समुदाय के लोगों को लगी तो भारी संख्या में लोग पुरानी टोंक थाने पर पहुंच गये तथा वहां आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को जानकारी मिलने पर उन्होने वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी, शहर कोतवाल भंवर लाल वैष्णव, सदर थाना प्रभारी जयमल सिंह को पुलिस बल के साथ थाने पर भेजा, जहां काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत किया।

### ग्राम पंचायत बघाना में फॉर्मर रजिस्ट्रेशन शिविर का हुआ आयोजन

**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार की और से किसानो के लिए एग्रीकेस्टिंग योजना के तहत फॉर्मर आईडी रजिस्ट्रेशन के लिए कोटकासिम तहसील के ग्राम पंचायत बघाना में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बडी संख्या में किसानो ने भाग लिया। इस अवसर पर किसानो की केवाईसी, किसानो को आईडी स्लिप दी गई। पेंशन, खाद्य सुरक्षा केवाईसी करवाने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में अवगत करवाया। राजस्व विभाग के डॉ0 दिनेश चौधरी ने बताया की तहसीलदार धर्मेन्द्र मीणा ने ग्रामीणो को फॉर्मर आईडी किसानो के लिए कितनी उपयोगी है इसके लिए विस्तृत जानकरी दी। आयुष्मान कार्ड, पेंशन का रजिस्ट्रोन कराये गये। सरकार की योजनाओ का जन-जन तक लाभ पहुंचे इसके लिए विभाग के अधिकारियो को प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा। पीएम किसान सम्मान निधि-योजना, केवाईसी की गई। कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गये।

# राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन



**सवाई माधोपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाकिर व जिला मंत्री राहुल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक एवं माध्यमिक सवाई माधोपुर हरकेश लाल मीना को तृतीय श्रेणी शिक्षकों एवं प्रबोधकों की वेतन विसंगति सहित शिक्षक समस्याओं का निस्तारण करने को लेकर ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाकिर ने बताया की सीधी भर्ती से नियुक्त वरिष्ठ कार्मिक तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती नियुक्ति वर्ष 2007 से 2010 एवं प्रबोधक 2008 का वेतन कनिष्ठ कार्मिक से कम होने की वेतन विसंगति है। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 28.05.2021 के अनुसार सीधी भर्ती के मामलों में दिनांक 01.01.2006 के पश्चात की तारीख से वेतनमान में संशोधन के कारण वरिष्ठ कार्मिकों का वेतन उससे कनिष्ठ कार्मिक के वेतन से कम हो गया है। ऐसे मामलों में वरिष्ठ कार्मिक के वेतन को उससे कनिष्ठ कार्मिक के वेतन के बराबर उस तारीख से बढ़ाया जाए जिस तारीख से कनिष्ठ कार्मिक ने उच्चतर वेतन लेना शुरू किया था जो कि दिनांक 1.07.2013 से प्रभावी है। जिला मंत्री राहुल सिंह गुर्जर ने कहा की जांचदल की रिपोर्ट एवं वित्त विभाग के आदेश की पालना में तृतीय संशोधन वेतनमान 9300-34800 के अंतर्गत रनिंग पे 8370 के स्थान पर 9370 संशोधन नहीं किया गया है। जिले में तृतीय श्रेणी शिक्षक 2007-2009 एवं प्रबोधक 2008 का रनिंग पे अंतर 930 को दूर कर प्रकरण का जल्द निस्तारण किया जाए। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार वर्मा ने बताया की अनुसूची 1 के अनुसार 2008 के प्रबोधक एवं दिनांक 01.01.2006 के पश्चात नियुक्त अध्यापकों को परिवीक्षाकाल पूर्ण करने पर रनिंग पे बैंड 9300-34800 ग्रेड पे 3600/ 01.07.2013 से 12900 किया जाए जबकि पूर्व के प्रबोधकों एवं तृतीय श्रेणी अध्यापकों को 01.07.2013 से 11170 दिया गया है जो वेतन विसंगति है। उक्त अवधि में जिले में नियुक्त तृतीय श्रेणी अध्यापकों एवं प्रबोधकों की वेतन विसंगति को दूर करते हुए जल्द निस्तारण किया जाए। ज्ञापन पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक एवं माध्यमिक सवाई माधोपुर ने ऐसे प्रकरणों की सूची सीबीईओ के मार्फत मंगवाकर निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने में हरिशंकर गुर्जर प्रदेश सलाहकार, प्रदीप शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष बरवाड़ा, ओम प्रकाश मीणा ब्लॉक संयोजक खंडार, विनोद जैन जिला प्रवक्ता, महावीर सोनी पूर्व ब्लॉक मंत्री, मोहम्मद नसीर, अशोक शर्मा, धर्मराज मीना, रोहित भाटी, विमल बुनकर, वकीलुद्दीन अंसारी, कृष्णा महावर, राजेश कुमार बैरवा, हरसहाय मीना रणवीर बैरवा, प्रेम राज महावर, यादवेंद्र गौतम, रामचरण बैरवा, प्रभु लाल बैरवा, छैलबिहारी जाट, चिरंजी लाल बैरवा रामगोपाल मीणा, रामकल्याण चौधरी, कृष्ण मुरारी वैष्णव आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में की जा रही है जागरूकता गतिविधियां-डॉ. शैलेन्द्र सिंह



**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला टोंक में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में विभिन्न गतिविधियों से आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा जन-प्रतिनिधियों व स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लेकर निक्षय पोषण मित्र बनाने व निक्षय मित्र के द्वारा पोषण किट वितरण जैसी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान में निरंतर जिले के ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल्स पर सोशल मीडिया कैम्पेन चलाकर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। संभाग व जिला स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है और ब्लॉक स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। आईईसी गतिविधियो व इत्यादि के जरिए व्यापक जन जागरूकता प्रसारित की जा रही है। उन्होंने समस्त स्वयंसेवी संस्थाओ से अपील करते हुए कहा कि आगामी 24 मार्च (राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस) तक चलने वाले टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में आमजन को टीबी रोग के कारण तथा निवारण के विषय में अधिकाधिक जागरूक करने का प्रयास करें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने बताया कि अभियान में निरंतर संभावित टीबी रोगियों की जांच, तम्बाकू उपभोगी टीबी रोगियों को तम्बाकू छोडने् हेतु काउंसलिंग, ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन, ग्राम पंचायत स्तर पर नारा लेखन जैसी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आगामी दिवसों प्रेस कान्फ्रेन्स, में रैलियों का आयोजन, जिला स्तर पर मैराथन दौड़, रैली, प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

## नवयुवक मंडल का होली मिलन समारोह 14 को

**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** श्री महावर वैश्य नवयुवक मंडल खैरथल का 37वां होली मिलन समारोह और वार्षिकोत्सव 14 मार्च को महावर भवन, मातोर रोड पर होगा। मंडल अध्यक्ष गिर्राज गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से होगी। समारोह में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया जाएगा। एक जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक सरकारी नौकरी पाने वाले प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। दिसंबर 2024 तक परिवार में कन्या जन्म पर दंपति का सम्मान होगा। दूसरी कन्या के जन्म पर विशेष सम्मान दिया जाएगा। शैक्षणिक और कन्या जन्म से जुड़े दस्तावेज महावर भवन में जमा किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त हेमंत कुमार गुप्ता होंगे। विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश गुप्ता, शशि मह्यसेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्यारसीराम गुप्ता और व्यापार समिति अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता होंगे।

## देशभर से शेर शिकार गुरुद्वारा पहुंचे श्रद्धालु



**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** तीर्थराज मचकुंड स्थित ऐतिहासिक शेर शिकार गुरुद्वारा पर जोड़ मेले का आयोजन किया गया। गुरुद्वारे पर आयोजित जोड़ मेले में भाग लेने के लिए देशभर से सिख समुदाय के लोग गुरुद्वारे पर पहुंचे। जहां सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रसादी ग्रहण की।

गुरुद्वारे के संत ठाकुर सिंह महाराज ने बताया कि सिखों के छठवें गुरु हरगोविंद साहब 4 मार्च 1612 में मचकुंड आए थे। उन्होंने 5 मार्च को यहां पर शेर का शिकार किया था। इसके बाद 6 मार्च को मचकुंड से ग्वालियर गए थे। इसी की याद में गुरुद्वारा शेर शिकार मचकुंड पर प्रतिवर्ष जोड़ मेले का आयोजन 6 मार्च को किया जाता है। जिस मेले में भाग लेने के लिए देशभर के सिख समुदाय के लोग पहुंचते हैं। मेले के दौरान गुरुद्वारा पर शब्द कीर्तन के साथ लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

गुरुद्वारा को लेकर मान्यता है कि 4 मार्च 1612 को सिक्खों के छठे गुरु हरगोबिन्द सिंह ग्वालियर से जाते समय यहां ठहरे थे। उस समय मचकुण्ड के आसपास घना जंगल था। हरगोबिन्द सिंह ने अपनी तलवार से एक ही वार से शेर का शिकार किया था। इसलिए इस गुरुद्वारे को शेर शिकार गुरुद्वारा कहा जाता है।

## सूचना के अधिकार विषय पर कार्यशाला आयोजित



**श्रीगंगानगर, ( हुक्मनामा समाचार )।** हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र बीकानेर द्वारा गुरुवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए सूचना के अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अटल सेवा केन्द्र जिला परिषद, कैम्पस श्रीगंगानगर में किया गया। कार्यशाला में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जिला कलक्टर श्रीगंगानगर, उपखण्ड, तहसील कार्यालयों, वाणिज्य कर विभाग, पुलिस प्रशासन विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में एडवोकेट कृष्ण कुक्कड़, गुरदीप चावला लेखा धिकारी, श्रीमती रेखा गुप्ता सहायक लेखाधिकारी एवं मदन लाल सोनी इत्यादि ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रदत्त की जाने वाली सूचनाओं, लोक सूचना अधिकारी के कर्तव्यों एवं दायित्वों, प्रथम अपील एवं द्वितीय अपील इत्यादि के प्रावधानों के संबंध में विस्तार से अवगत करवाया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत बेंच का हुआ गठन

**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** न्यायलय परिसर मे वर्ष 2025 की लगने वाली प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत जो आगामी 8 मार्च 2025 को होगी उसके सफल क्रियान्वयन व अदालत मे अधिक से अधिक प्रकरणों के सफल निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन हेतु अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुरेंद्र कौशिक के अध्यक्षता में एक बेंच का गठन किया गया। जिसमें अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायमूर्ति अरुण जांगिड़ को बेंच का अध्यक्ष बनाया गया व रतनगढ़ विधिक तालुका समिति सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता संतोष बाबू इंदौरिया व अधिवक्ता सुशील बाकोलिया को नव गठित बेंच के सदस्य मनोनीत किये गये।

## भारतीय ज्ञान परंपरा एवं समग्र स्वास्थ्य पर व्याख्यान आयोजित




**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के तत्वाधान में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं समग्र स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा, अतिथि शिक्षक ,जगन्नाथ विश्वविद्यालय जयपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। विषय विशेषज्ञ डॉक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा के आयुर्वेद ज्योतिष और योग विषयों को समाहित करते हुए स्वास्थ्य रक्षण के उपाय बताएं। भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ ओम प्रकाश पारीक ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार स्वास्थ्य की परिभाषा को रेखांकित किया। कार्यक्रम में भूगोल विषय के प्रोफेसर जयदीप ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर स्निग्धा शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा और स्वास्थ्य के महत्व को समझाया। साथ ही सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम %विविधा% में प्रतिभागी विजेताओं का पारितोषिक वितरण समारोह भी संपन्न हुआ। सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉक्टर अंशु शर्मा ने खेलकूद, गीत-संगीत, नृत्य-नाटिका का महाविद्यालय स्तर पर महत्व समझाते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती इंदु आर्य ने किया।

# दुनिया के सबसे बेहतरीन शहरों में से एक, उदयपुर में खुला शानदार लक्ज़री डेस्टिनेशन

### उदयपुर में विंधम ग्रैंड फतेहसागर लेक का भव्य अनावरण

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** दुनिया की सबसे बड़ी होटल फ्रेंचाइजी कंपनी, विंधम होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने 卐झीलों के शहर卐 उदयपुर में विंधम ग्रैंड फतेहसागर लेक, उदयपुर की शुरूआत की है। विंधम होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के प्रेसिडेंट और सीईओ जेफ बालोटी ने मालिक चिराग मारू और उनके परिवार (चित्र में) के साथ, इस सप्ताह की शुरुआत में इस शानदार होटल का अनावरण किया। यह भव्य होटल इस साल के अंत में आधिकारिक रूप से खुलने वाला है, और यह एक खास झलक थी, जिससे पहले ही इसकी भव्यता का एहसास किया जा सके।उदयपुर लगातार एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। ट्रैवल + लीशर ने हाल ही में 2024 वर्ल्ड्स बेस्ट अवार्ड्स की घोषणा की, जिसमें उदयपुर को दुनिया का दूसरा सबसे बेहतरीन शहर और एशिया का नंबर एक शहर घोषित किया गया। पिछले साल, उदयपुर में भारत और विदेशों से 20 लाख से अधिक पर्यटक आए, जिससे यह और भी अधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन गया है और इसकी साख एक 'जरूर देखने लायक' जगह के रूप में और मजबूत हुई है।卐उदयपुर अपनी शाही विरासत, समृद्ध संस्कृति और अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता के साथ अतुल्य भारत का वास्तविक प्रतीक है।

इस क्षेत्र में यह हमारा पहला विंधम ग्रैंड होटल है, जो भारत के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक में विश्व-स्तरीय मेहमाननवाजी प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खूबसूरत झील के किनारे स्थित यह होटल अत्याधुनिक सुविधाओं और विंधम की विशेष सेवाओं के साथ भारतीय और विदेशी पर्यटकों के लिए एक अनोखा डेस्टिनेशन बनने जा रहा है, जहां हर किसी को जरूर आना चाहिए।卐विंधम होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के प्रेसिडेंट और सीईओ जेफ बालोटी हर मौसम में शानदार ठहराव खूबसूरत फतेहसागर झील के पास स्थित विंधम ग्रैंड उदयपुर 9.5 एकड़ में फैला हुआ है, जहां भव्यता और शांति का अनूठा मेल देखने को मिलता है। यहां 140 लग्जरी कमरे, दुनियाभर के स्वादिष्ट व्यंजन और बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह शानदार होटल भारत और दुनियाभर के यात्रियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनने जा रहा है।

इसके अलावा, यह जगह शादी समारोह और आध्यात्मिक आयोजनों के लिए भी एक बेहतरीन विकल्प है।विंधम ग्रैंड उदयपुर सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए ही नहीं, बल्कि बड़े आयोजनों के लिए उपलब्ध विशाल स्थान के कारण भी खास है। इसका आर्किटेक्चर किसी शाही महल जैसा भव्य है, और यहां ठहरने की शानदार व्यवस्था की गई है। होटल का विंटेज लॉन एक बड़ा स्थल है, जो भव्य शादियों के लिए एकदम उपयुक्त है और इसने उदयपुर को डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए और भी लोकप्रिय बना दिया है। इसके अलावा, होटल में एक बड़ा बैंक्वेट हॉल, एक कन्वेंशन सेंटर, मीटिंग रूम, आउटडोर खेलों के साथ एक एंटरटेनमेंट ज़ोन और 240 लोगों के बैठने की क्षमता वाला उदयपुर का सबसे बड़ा एम्फीथिएटर भी है, जो भव्य समारोहों और हाई-प्रोफाइल कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए बिल्कुल सही स्थान है।विंधम ग्रैंड फतेहसागर लेक, उदयपुर एक पूरी तरह शाकाहारी रिसॉर्ट है, जहां मेहमान खासतौर पर तैयार किए गए व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। होटल में प्याला, शाकाहारी और ओ सियान जैसे रेस्टोरेंट उपलब्ध हैं, जहां अलग-अलग स्वाद और शानदार माहौल के साथ लजीज शाकाहारी व्यंजन परोसे जाते हैं। यह जगह शाकाहारी खाने के शौकीनों के लिए सचमुच किसी स्वर्ग से कम नहीं है।卐विंधम ने विंधम ग्रैंड फतेहसागर लेक, उदयपुर को साकार करने में हमारी बहुत मदद की है। उन्होंने हमें एक विश्व स्तरीय पैलेस रिसॉर्ट बनाने में सहयोग दिया, जो इस क्षेत्र की संस्कृति और बेहतरीन सेवाओं व सुविधाओं का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत करता है।

## ढ़ाई वर्ष बाद फिर शुरु हुआ रामपुर-देवाणी सड़क का निर्माण कार्य

**सुजानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** ग्राम रामपुर देवाणी में लगभग ढाई वर्ष पहले वन विभाग की आपति के बाद बन्द हुई सड़क को पुन: शुरू करवाने पर ग्रामीणों ने रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि का स्वागत किया। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के प्रयासों से सड़क मार्ग का कार्य शुरू होने पर ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर की है। इस मौके पर ग्रामीणों ने महर्षि के समक्ष छापर नगरपालिका क्षेत्र में गांव रामपुर देवाणी के विलय के प्रस्ताव को निरस्त करवाने, गांव में तेजाजी मंदिर निर्माण हेतु नगरपालिका छापर से अनापति जारी करवाने, ग्राम रामपुर व भोजलाई को जलग्रहण योजना में शामिल करवाने की मांग की। जिस पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने मांगों पर सहमति जताते हुए उपस्थितजनों को समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला परिषद सदस्य संतोष तालनिया, स्वरूप सिंह, हि6मत सिंह मालासी, आबसर सरपंच गिरधारी कांटीवाल, पूर्व सरपंच केशवदास स्वामी मंचस्थ अतिथि थे।

## मिट्टी ढ़हने से दबे पांच मजदूर

**सुजानगढ़।** निकटवर्ती गांव बोबासर के एक खेत में कुंड खोदते समय मिट्टी ढहने से पांच मजदूर मिट्टी में दब गए। सरपंच प्रतिनिधि आनंद सिंह और अन्य ग्रामिणों ने जेसीबी की मदद से मिट्टी में दबे मजदूरों को बाहर निकालकर सुजानगढ़ के राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल पंहूचाया। जहां चिकित्सक डॉ. अनुराग गोयल ने नर्सिंग स्टाफ के साथ मजदूरों का उपचार किया। हादसे की जानकारी मिलने पर सदर थाने के हैड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह ने अस्पताल पंहूच कर हादसे की जानकारी ली।

## भरतपुर में थाना गहनौली मोड पुलिस की मादक पदार्थ के विरूद्व प्रभावी कार्यवाई

# कन्टेनर से बांस की आड़ में गांजा तस्करी पकड़ी : 600 किलो ग्राम गांजा सहित 02 मादक पदार्थ तस्कर किये गिरफतार




**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** भरतपुर जिले की थाना गहनौली मोड पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्व प्रभावी कार्रवाई करते हुए ट्रक कन्टेनर से बांस की आड़ में गांजा तस्करी का खुलासा कर 600 किलो ग्राम गांजा सहित 02 मादक पदार्थ तस्करों सुवा लाल गुर्जर पुत्र अमी चन्द उम्र 36 वर्ष एवं नितेश सिंह पुत्र नाहर सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी कौथल थाना बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड को गिरफतार किया है। जब्त गांजे की कीमत 60 लाख रुपये आंकी गई है। ट्रक कन्टेनर की तलाशी ली गई तो ट्रक के अन्दर भरे बांस के ऊपर छुपाकर रखे प्लास्टिक के कट्टों में पॉलोथीन थैली व टेप से पैक किया हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ मिला। मौके पर ही इलेक्ट्रोनिक कांटा मंगवाया जाकर तोल किया तो 40 कट्टों के अन्दर 300 प्लास्टिक की थैलियों मंप टेप से पैकिंग किया 600 किलोग्राम गांजा मिला। जब्त मादक पदार्थ गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रूपये है। गांजा व कन्टेनर जब्त कर थाना गहनौली मोड पर अभियोग दर्ज दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनसे गांजा लाने व ले जाने के स्थानों के तथा मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त अन्य साथियों के सम्बन्ध में गहन अनुसंधान व पूछताछ जारी है। भरतपुर पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई में थाना गहनौली मोड से एसएचओ विजय सिंह छौंकर सहित एएसआई राजेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल लक्ष्मन सिंह, देवेन्द्र सिंह, कप्तान सिंह, सुबरन सिंह एवं कांस्टेबल चालक पप्पा सिंह शामिल थे।

## प्राचीन श्याम मंदिर ने निशान पदयात्रा में छाया आस्था का गुबार

**सूरजगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** मिनी खाटूधाम के रूप में प्रसिद्ध सूरजगढ़ कस्बे में गुरुवार को चारो बाबा श्याम की भक्ति और आस्था का रंग ही बिखरा नजर आया। शहर के वार्ड 22 के प्राचीन श्याम मंदिर से हजारो पदयात्रियों का जत्था खूब धूमधाम से रवाना हुआ। प्राचीन श्याम मंदिर में खाटू श्याम मंदिर के नरेंद्र सिंह चौहान,मनन सिंह चौहान और वीरू मामा के मुख्य आतिथ्य में आचार्य अभिषेक चौमाल के आचार्यत्व में निशान की विशेष पूजा अर्चना की गई। निशान की पूजा अर्चना के बाद महंत मनोहरलाल सैनी, नत्थूराम, पूर्णमल, मोहनलाल, जयसिंह, कपिल के सानिध्य में निशानधारी सुनील कुमार के नेतृत्व में पदयात्रियों का जत्था खाटू धाम के लिए रवाना हुआ। आपको बता दे निशान पदयात्रा में आगे आगे बालाजी की पताका के साथ महिलाएं सर पर सिगड़ी मे अलाव जला बाबा के भजन गाते चलती नजर आई। निशान पदयात्रा में निशान धारियों के दर्शनों के साथ उनका आशीर्वाद लेने की श्रद्धालुओं में काफी होड़ नजर आई। शहरवासी भी निशान पदयात्रियों के स्वागत के लिए काफी आतुर नजर आये। अनाज मंडी में श्रीश्याम शक्ति मंडल के तत्वाधान में निशानधारियो के साथ पदयात्रियों का पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा के साथ स्वागत करने के साथ उन्हें फल भी वितरित किये गए।

## अशुद्ध खाद्य सामग्री कराई नष्ट खाद्य पदार्थो के नमूने एकत्रित कर भेजे खाद्य प्रयोगशाला

**भरतपुर।** जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली त्योहार के अवसर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रूप सिंह ने बताया भरतपुर शहर में मैसर्स हरि मसाला ट्रेडर्स से लाल मिर्च पाउडर व धनिया पाउडर एवं मैसर्स अग्रवाल मसाला उद्योग से धनिया पाउडर का नमूना लिया। उन्होंने बताया कि कस्बा बयाना में मैसर्स पटेल डेयरी से मिश्रित दूध व घी मैसर्स नारायण मिष्ठान भण्डार से दही एवं मैसर्स गरूण उद्योग से वनस्पति का नमूना लिया व पटेल डेयरी से 10 किग्रा दूध व 25 किलोग्राम पनीर व मैसर्स गरूण उद्योग से 150 किलोग्रामण् खराब किशमिश नष्ट कराई गई।

## चाकसू में 2 समुदायों में झगड़े का मामला

# पथराव और मारपीट करने के आरोप में 4 गिरफ्तार

### मामले में अन्य आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश



**चाकसू,( हुक्मनामा समाचार )।** थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कार्रवाई करते हुए उपद्रव करने के आरोप में 4 जनों को गिरफ्तार किया है जबकि 3 नाबालिग निरुद्ध किए गए है। वही गिरफ्तार आरोपी सलमान मिर्जा, मोहम्मद कैफ, मोनिस खान व हैदर अली चाकसू के करारखानी मोहल्ले के रहने वाले है। पुलिस ने बताया कि पिछली रात को चाकसू कस्बे के दरीबो के मोहल्ले में असामाजिक तत्व उत्पात मचा रहे थे। वही स्थानीय लोगों द्वारा टोकने पर युवक उनसे उलझ हो गए और कुछ दी देर में समुदाय विशेष के करीब 40 - 50 लोग वहां पहुंच गए और घर में घुसकर महिला -पुरुषों से मारपीट की गई और उन्होंने स्थानीय लोगों पर पत्थर भी फेंके थे इसमें एक पक्ष के करीब 6 लोग घायल हो गए थे वहीं घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया था वहीं सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली गई और पुलिस ने मामले की जांच करते हुए 4 जनों को गिरफ्तार कर लिया जबकि 3 नाबालिग निरुद्ध किए है। और वहीं फिलहाल कस्बे में शांतिपूर्ण माहौल है।

## नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला जांच में निकला झूठा

### पुरानी रंजिश एवं प्रेम संबंध छुपाने के लिए नाबालिग के परिजनों को विश्वास में लेकर दर्ज करवाया गया था मुकदमा

### आरोपी गिरफ्तार गहनता से अनुसंधान जारी आरोपी के मोबाइल में मिले अश्लील फोटो एवं वीडियो



**जयपुर।** नाबालिग को अगवा कर चार लड़कों द्वारा गैंग रेप करने का मामला जांच में झूठा पाया गया। पुरानी रंजिश एवं अवैध प्रेम संबंधों को छुपाने के लिए आरोपी आरोपी अजय कुमार मेघवाल पुत्र विनोद कुमार उम्र 24 साल निवासी वार्ड नम्बर 20 कस्बा रतननगर ने नाबालिक के परिजनों को विश्वास में लेकर झूठा मुकदमा दर्ज करवाया था। अनुसंधान अधिकारी सीओ झाझडिया द्वारा प्रकरण में साक्ष्य संकलित किये गये। जिसमे पाया कि एफआईआर में अंकित चारों लडके घटना में सलिप्त नहीं थे। घटना के रोज चारों आरोपियों की उपस्थिति घटनास्थल के आस-पास भी नही थी। इसके बाद संदिग्ध अजय कुमार को डिटेन कर गहनता से अनुसंधान किया तो आरोपी टूट गया। आरोपी अजय ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी व्यक्तिगत रंजिश निकालने एवं अपने अवैध प्रेम सम्बन्ध को छुपाने के लिए नाबालिग लडकी के परिजनों को विश्वास में लेकर झुठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। आरोपी अजय के मोबाईल में अश्लील वीडियो व फोटो भी मिले हैं। आरोपी को गिरफतार कर गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

## गगवाना ग्राम स्तरीय में हुआ जनसुनवाई का आयोजन

**भरतपुर।** आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए शुरू हुई त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को गगवाना में ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने आमजन की समस्याएं सुनी और कई समस्याओं का हाथों हाथ ही समाधान कर राहत दी। ग्राम पंचायत में जनसुनवाई के दौरान लगभग 20 से अधिक समस्याएं प्राप्त हुई। जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने पेयजल समस्या निस्तारण करने के लिए गाँव चैनपुरा में स्थित आरओ प्लांट ठीक करवाने के निर्देश दिए।

## महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं को दी सेल्फ डिफेंस व मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग

**श्रीगंगानगर,( हुक्मनामा समाचार )।** महिला दिवस के उपलक्ष में जिला प्रशासन व खेल विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसी के तहत गुरुवार को महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को मार्शल आर्ट और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई। जिला खेल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई ने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में गुरुवार को महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में महिलाओं को सेल्फ डिफेंस व मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को बताया गया कि किस तरह से आत्मरक्षा के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है। खिलाड़ियों द्वारा उत्साहपूर्वक सेल्फ डिफेंस और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ली गई। वुशू प्रशिक्षक श्री मनजीत कुमार व जूडो प्रशिक्षक श्री जगदीप सिंह ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर प्रातः 7 बजे टांटिया विश्वविद्यालय में महिलाओं को योग करवाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम जिला प्रशासन, खेल विभाग व टांटिया यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। सायंकालीन सत्र में लालगढ़ जाटान में महिलाओं का हैंडबॉल मैच भी करवाया जाएगा।

## 5 आरोपियों को कडी मेहनत के बाद किया गिरफ्तार

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** अलवर जिले के राजऋषि भर्तृहरि कॉलेज में आयोजित कंप्यूटर परीक्षा के प्रथम सेमेस्टर का पेपर लीक करने वाले गिरोह का मालाखेड़ा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी संजीव नैन ने बताया कि आरोपी मोहित कुमार जाट पुत्र सत्यनारायण उम्र 21 साल निवासी जैतपुर की ढाणी थाना बाबल जिला रेवाडी हरियाणा, जितेन्द्र कुमार उर्फ मोनू यादव पुत्र सत्यवीर यादव उम्र 20 साल, सन्नी धानका पुत्र दारा सिहँ उम्र 19 साल निवासी बालावास थाना बानसूर, गजेन्द्र सिंह यादव पुत्र सुन्डा राम उम्र 34 साल निवासी ढुढारिया थाना नीमराना एवं रामनरेश उर्फ प्रमोद यादव पुत्र विजय सिंह उम्र 29 साल निवासी सिहाली खुर्द थाना मुण्डावर को गिरफ्तार किया गया है। एसपी नैन ने बताया कि 25 फरवरी को परीक्षा नियंत्रक आशुतोष शर्मा द्वारा एक परिवाद कम्प्यूटर परीक्षा सैमेस्टर प्रथम का पेपर आउट होने के सम्बंध में थाना मालाखेडा पर पेश किया था। परिवाद की जांच की गई, जांच के उपरान्त 4 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई।

## चूरू में थाना साहवा पुलिस ने किया 8.68 लाख की लूट का खुलासा

# सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज खंगाल कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए अज्ञात आरोपियों की पहचान की

### 2 आरोपियों को राउण्डअप कर किया गिरफ्तार, लूट की रकम के लिए पूछताछ जारी

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** चूरू जिले की थाना साहवा पुलिस ने रविवार 2 मार्च की रैयाटुंडा के पास बाइक सवार से 8.68 लाख रुपए की लूट का खुलासा कर सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज खंगाल कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए अज्ञात आरोपियों की पहचान की। घटना के दो आरोपियों मोहन लाल जाट पुत्र काशीराम (28) निवासी भावलदेसर तथा थान सिंह जाट पुत्र भीमराज (25) निवासी कानसर को राउंडअप कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे लूट की रकम की बरामदकी के लिए पूछताछ की जा रही है। चूरू एसपी जय यादव ने बताया कि 02 मार्च को राकेश मेघवाल पुत्र दुला राम मेघवाल निवासी खुईया तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ ने एक रिपोर्ट दी कि वह खुईयाँ निवासी व्यापारी उदमी राम के कहने पर उधारी की रकम लेने भालेरी आया था। रकम लेकर बाइक से वापस खुइयाँ जा रहा था। रास्ते में रैयाटुण्डा से सोमसीसर रोड़ पर अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगाकर रोक लिया। मारपीट कर उसके पास से कुल 8 लाख 68 हजार 100 रूपये, मोबाईल व बाइक की चाबी छीनकर ले गये। रिपोर्ट पर थाना साहवा पर प्रकरण दर्ज किया गया। तकनीकी साक्ष्यों का संकलन कर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए टीम ने सन्दिग्ध मोहन लाल जाट तथा थान सिंह की पहचान करने के बाद राउन्ड अप किया गया। जिन्हें पुछताछ के बाद गिरफतार किया गया। लूट की रकम की बरामदगी के लिए इन्हें कोर्ट में पेश कर पुलिस कस्टडी रिमाण्ड हासिल किया जायेगा। घटना का खुलासा एवं आरोपियों की गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना साहवा से एसएचओ रामप्रताप सहित एएसआई कैलाश चन्द्र, कांस्टेबल रविन्द्र, भुराराम (विशेष भुमिका), जगदीश, उमेश, साइबर सेल से हेड कांस्टेबल भागीरथ व कांस्टेबल धर्मवीर सिंह एवं डीएसटी से कांस्टेबल मुकेश शामिल थे।

## पीएनबी का गण मुक्ति शिविर आज

**भरतपुर।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा आयोजित ग ण मुक्ति शिविर 7 मार्च को प्रातः 11.30 बजे सुपर बाजार स्थित मण्डल कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में पंजाब नैशनल बैंक एनपीए गण खाता धारकों को एक मुश्त समझौते के तहत ग ण खातों का निपटान करने का अवसर प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम उन लोगों की मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण गण राशि का पूर्ण पुनर्भुगतान करने में असमर्थ हैं। कार्यक्रम में पीएनबी मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार उपमंडल प्रमुख हरिमोहन मीना सहायक महा प्रबन्धक राम मनोहर गुप्ता मंडल शस्त्र प्रमुख बीरबल मीना और बैंक के प्रधान कार्यालय सहित अन्य उच्च अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# भीमराव अंबेडकर समिति सूरजगढ़ शिष्ट मंडल बृहस्पतिवार को कलक्टर से मिला

## समिति अंबेडकर भवन में गरीब विद्यार्थियों को निशुल्क डिजिटल लाइब्रेरी की देना चाहती है शिक्षा



**झुंझुनू,( हुक्मनामा समाचार )।** सूरजगढ़ कस्बे के विभिन्न संगठनों ने गरीब मजदूर किसानों सहित सर्व समाज के छात्र-छात्राओं हेतु डिजिटल लाइब्रेरी चलाने के लिए अंबेडकर भवन में चल रही इंदिरा रसोई को अन्यत्र शिफ्ट करने की निरंतर मांग कर रहे हैं। मगर विडंबना है कि सूरजगढ़ नगरपालिका आज तक टस से मस नहीं हुई है। नगरपालिका के जिम्मेवार अफसर इस अंबेडकर भवन में पिछले पांच वर्षों से इंदिरा रसोई चलवाकर एक निजी एनजीओ की कमाई का जरिया बने हुए है। इससे यह भूमिका ओर भी संदिग्ध इस बात से भी लगती है कि नगरपालिका अपने पालिका सीमा क्षेत्र के गरीब छात्र - छात्राओं, द्वियांगों,परित्यक्ताओं, खिलाड़ियों, महिलाओं और बेरोजगारों के विकास की, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी किसी भी योजना का लाभ दिलाने में रुचि नहीं लेकर पिछले पांच वर्षों से एक निजी एनजीओ पर मेहरबान क्यों है। इस प्रकरण को लेकर समिति शिष्ट मंडल गुरुवार को कलक्टर रामावत मीणा से मिले और अंबेडकर भवन में संचालित इंदिरा रसोई को अन्यत्र स्थानांतरित करवाकर भवन में अंबेडकर समिति को गरीब छात्र छात्राओं के लिए निशुल्क डिजिटल लाइब्रेरी चलाने की अस्थाई स्वीकृति की मांग के लिए ज्ञापन की अड़तालिस पृष्ठों की पत्रावली सौंपी गई। मा. कलक्टर ने शिष्ट मंडल को भरोसा दिलाया। शिष्ट मंडल ने वर्ष 2021 से निरंतर किए गए पत्राचारों की छायाप्रतियां संलग्न कर पालिका के लोक सेवकों की कार्यशैली को बताया तो मा. कलक्टर ने कहा कि मैं बैठा हूं आप निश्चिंत रहे। कोर कमेटी सदस्य राधेश्याम चिरानिया, ओमप्रकाश सेवदा, रतनलाल चेतीवाल, विकास कुमार आल्हा, संदीप गोठवाल, विकास मेघवाल, लीलाधर डिग्रवाल शिष्ट मंडल में शामिल रहे।

## टोडारायसिंह में बोर्ड परीक्षा शुरू



**टोड़ारायसिंह,( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडारायसिंह में बोर्ड परीक्षा 2025 की शुरुआत हुई। केंद्रअधीक्षक अशोक चोपड़ा व अतिरिक्त केंद्र अधीक्षक चंद्रप्रकाश कुर्मी तथा बोर्ड परीक्षा प्रभारी दशरथ लाल कुमावत ने बताया कि गुरुवार से शुरू हुई बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडारायसिंह परीक्षा केंद्र पर कक्षा 10 के 474 परीक्षार्थी में से 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर पीएम श्री बालिका टोडारायसिंह, दिगंबर स्कूल, कैंब्रिज, सरस्वती स्कूल, मदरलैंड स्कूल, केशव विद्या मंदिर, माधव विजन, आजाद मेमोरियल स्कूल , बाल भारती स्कूल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थडोली व स्वयंपाठी परीक्षार्थी परीक्षा में हिस्सा लिया। इसी प्रकार पीएम श्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद टाण्डी ने बताया कि परीक्षा केंद्र में 91 परीक्षार्थियों में से एक अनुपस्थित रहा है। परीक्षा का समय प्रातः 8.30 से 11.45 तक रहा है।

## एथलेटिक्स अकादमी के तीन खिलाड़ियों ने जीते पदक

**श्रीगंगानगर,( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर में 2 से 3 मार्च 2025 तक संपन्न हुई राजस्थान स्टेट यूथ (अंडर-18) एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एथलेटिक्स अकादमी श्रीगंगानगर के तीन खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किये हैं। जिला खेल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई ने बताया कि चंदन धूलिया ने 400 मीटर दौड़ में रजत पदक, रोहित गुर्जर ने जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक और रोहित हाई जंप में कांस्य पदक प्राप्त कर एथलेटिक्स अकादमी श्रीगंगानगर का नाम रोशन किया है।

## सोनालीका ने फरवरी 2025 में 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने फरवरी 25 में 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री के शानदार प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 2025 के अंतिम चरण में प्रवेश किया है। सर्वोत्तम उत्पाद और सर्विस प्रदान करने के अपने मज़बूत बुनियादी मूल्य का लाभ उठाते हुए, कंपनी ने अपनी वाईटीडी फरवरी 25 में अब तक की सर्वाधिक 1,13,279 घरेलू ट्रैक्टर बिक्री भी दर्ज की है और उद्योग वाईटीडी प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत की विकास यात्रा में सक्रिय रूप से योगदान देते हुए सोनालीका वास्तव में किसानों के लिए बेहतर परिणाम और सफलता सुनिश्चित करने हेतु इनोवेशन और ताकत सुनिश्चित करता है।शानदार प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइन्ट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हम फरवरी 25 में शानदार 10,493 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज करके उत्साहित हैं, जिससे हमने वाईटीडी फरवरी 25 में अब तक की सर्वाधिक घरेलू बिक्री भी दर्ज की है और उद्योग के प्रदर्शन को पीछे किया है सोनालीका ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि फसल पैदावार बढ़ाने हेतु हमारी उन्नत कृषि तकनीक सभी भौगोलिक क्षेत्रों और अनुप्रयोगों में सर्वश्रेष्ठ से बेहतर प्रदर्शन करती रहे। हमारा बुनियादी मूल्य सभी हितधारकों के लिए समावेशी विकास है, जिसके द्वारा हम किसानों के लिए एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो इनोवेशन और विकास से समृद्ध हो।

## फिल्म नादानियां का एल्बम हुआ रिलीज

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** नादानियां का जादू सभी के सर चढ़ कर बोल रहा है। इश्क में और ग़लतफहमी से श्रोताओं को दीवाना बनाने के बाद, इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की शानदार फिल्म नादानियां अपने अगले मनमोहक साउंडट्रैक के साथ दिलों को जीत रही है, जो संगीत की गहराइयों को छू रहा है। इस एल्बम को मशहूर संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है, जिसमें अमिताभ भट्टाचार्य के बेहतरीन गीतों का जादू शामिल है। यह साउंडट्रैक प्रेम, तड़प, उलझन और खुशी जैसे एहसासों को धुनों के तार में बड़ी खूबसूरती से पिरोता है। नादानियां का संगीत आपको अनेकों भावनाओं की गहराइयों तक ले जाएगा, जहां हर एक पल जादुई और यादगार बन जाएगा। तो तैयार हो जाइए इस सुनहरे संगीतमय सफर के लिए।

## दुबई में 5 बेहतरीन इ तार स्पॉट

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** दुबई में इ तार का अनुभव बेहद खास होता है, जहां पारंपरिक संस्कृति और आधुनिकता का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। 30 मार्च तक, दुबई अपने मेहमानों को रमजान के जीवंत माहौल का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है। खासतौर पर भारतीय यात्रियों के लिए, यहां पांच बेहतरीन स्पॉट हैं, जहां वे इस महीने शानदार इ तार का आनंद ले सकते हैं। द मजलिस, दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाब अल शा स का अल हदीरा, अटलांटिस, द पाम का असातीर टेंट अरमानी रमजान नाइट्स, बुर्ज खलीफा, इ तार अंडर द डोम, एक्सपो सिटी दुबई 7रमजान के इस खास महीने में, दुबई अपनी अतुलनीय मेहमाननवाजी और पाक-कला का बेहतरीन प्रदर्शन करता है। चाहे आप किसी विश्व-स्तरीय जगह पर शानदार इ तार करें या किसी पारंपरिक स्थान पर रमजान के व्यंजनों का स्वाद लें, हर अनुभव आपको संस्कृति और परंपरा की एक खूबसूरत यात्रा पर ले जाएगा। अगर आप इस रमजान दुबई में हैं, तो इनमें से किसी भी स्पॉट पर इ तार का आनंद लेना न भूलें!

## वर्तमान समय में फार्म से फैक्ट्री तक की संपूर्ण चेन गाँव में ही स्थापित किए जाने पर बल दिया जाना चाहिए -अमित शाह

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर कार्यशाला' का उद्घाटन करते हुए यह संदेश दिया कि, ग्रामीण पलायन की समस्या का समाधान करने के साथ छोटे किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी एक महत्त्वपूर्ण विकल्प है।' डेयरी सेक्टर ने आज सर्कुलरिटी के संबंध में गुड प्रैक्टिसिस को 250 दूध उत्पादक संघों तक पहुँचाने की विजनरी शुरूआत की है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि देश के साथ-साथ ग्रामीण विकास और भूमिहीन छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भारत का डेयरी क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। पोषण की चिंता, देश को दुनिया का नंबर एक दूध उत्पादक बनाने में योगदान देना और किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करने में डेयरी क्षेत्र अहम भूमिका निभाता है। कृषि, डेयरी, मत्स्यपालन, बुनाई, ऋण और व्यापार सहित कई प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय %ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़' सहकारिता क्षेत्र को आजादी के बाद भी वर्षों तक उपेक्षा का शिकार बना कर रखा गया था, जबकि देश की आधी से ज्यादा आबादी किसी-न-किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी हुई है। ऐसे में, सकारिता क्षेत्र को एक नया क्षितिज प्रदान करने के लिए मोदी सरकार ने जुलाई, 2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, जिसका कार्य भार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा गया। जहाँ मोदी जी ने स्वायत्त सहकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करने का काम किया।

### जिला कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के साथ बस में बैठकर लिया जैसलमेर रोड का जायजा

# जैसलमेर और पूगल रोड पर अवैध कट बंद करने, डिवाइडर्स की मरम्मत करवाने, सड़क किनारे नालों की सफाई आदि के दिए निर्देश

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बस में बैठकर जैसलमेर रोड का जायजा लिया। करीब चार घंटे तक इस रोड का सघन निरीक्षण करते हुए जिला कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, नगर निगम, बीकानेर विकास प्राधिकरण, परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को अवैध कट बंद करवाने, सर्विस रोड और आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) पर अतिक्रमण हटाने, डिवाइडर्स की मरम्मत करवाने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, साइनेज बोर्ड इत्यादि लगाने के निर्देश



दिए। जिला कलेक्टर ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जैसलमेर रोड़ पर बनी सर्विस लेन और आरओडब्ल्यू पर हुए अतिक्रमण को रविवार तक तत्काल प्रभाव से हटाएं। उन्होंने नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से हटाई गई या खोली गई रेलिंग्स बंद करने, नाल एयरफोर्स स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने रोड के दोनों तरफ रंबल स्ट्रिप लगाने, नाल ओवरब्रिज के पास हुए डिवाइडर को ठीक करने, नॉर्म्स के अनुसार पौधे लगाने, नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से बिक रही शराब की दुकानों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ संबंधित अधिकारियों के सहयोग से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वृष्णि ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पूगल फांटे के जंक्शन को मानक अनुसार री-डिजाइन करने, उरमूल सर्किल से पूगल फांटे तक पीडब्ल्यूडी रोड के पटड़ों (इंटरलॉकिंग टाइल्स) पर से मिट्टी हटाने, डिवाइडर की मरम्मत करने, अवैध कट को बंद करवाने के निर्देश दिए। राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण (आरएसएचए) के अधिकारियों को पूगल रोड पर पूगल फांटे से सब्जी मंडी से आगे आरओबी तक यूआईटी के सहयोग से अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने नगर निगम और बीडीए के अधिकारियों को जैसलमेर रोड़ ओवरब्रिज से कोठारी अस्पताल तक नाले पर हुए अतिक्रमण हटा कर नाले की सफाई करवाने, डूडी पेट्रोल पंप चौराहे के पास कब्रिस्तान की दीवार के पास अतिक्रमण हटाने, पंडित धर्म कांटे के सामने मलबे को हटाने व सौंदर्यीकरण करने, एमजीएसयू तक रोड पर लगे अवैध खोखे हटाने, पूगल सब्जी मंडी के आगे लगे सब्जी फ्रूट के खोखों को पीछे करने व आगे डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए। जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को यातायात मानकों के अनुसार सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस व संबंधित थाना पुलिस को हाईवे पर नियमित पेट्रोलिंग करने और अतिक्रमण नहीं होने देने को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने जैसलमेर की ओर से आने वाले और जयपुर, श्रीगंगानगर और नोखा की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को बाईपास के जरिए ही निकालने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने नाल ओवरब्रिज से फन वर्ल्ड वॉटर पार्क की तरफ जाने वाले रास्ते में पिछले तीन सालों में 23 दुर्घटनाएं होने के कारण स्वरूपदेसर, पलाना की तरफ आने वाले वाहनों को रोंग साइड से नहीं आने देकर आरओबी के नीचे से हाइवे तक आने की व्यवस्था सुनिश्चित करने व नाल ओवरब्रिज के पास क्षतिग्रस्त डिवाइडर को ठीक कर पौधारोपण करने व दुर्घटना रोकने को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया।

## सनातन धर्म रक्षा मंच के कार्यालय का उद्घाटन



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** आगामी 23 मार्च से 29 मार्च तक 7 दिवसीय कार्यक्रम श्री जंगलेश्वर 108 कुण्डीय गौरी शंकर महायज्ञ श्री बालाजी सेवा धाम नागौर के महामंडलेश्वर आचार्य श्री बजरंग दास जी महाराज की मधुर वाणी से श्रीमद् भागवत कथा और श्री द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के बीकानेर आगमन कार्यक्रम के मुख्य कार्यकालय का गुरुवार को कार्यक्रम स्थल भंवरलाल पुत्र रामनारायण मोदी बगेची जंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर गोपेश्वर बस्ती बीकानेर मैं यूं एस ए में सेटल्ड विश्व सारथी ट्रस्ट के चेयरमैन डाइच बैंक के ग्लोबल डायरेक्टर पंकज ओझा , संतोषानंद सरस्वती महाराज, यज्ञ सम्राट पंडित योगेश बिस्सा, द्वारका पच्चीसीया , डाक्टर एल. के. कपिल एवं शिवलाल तेजी ने किया । इस अवसर पर ओम सोनगरा, सुशील कुमार यादव, प्रहलाद सिंह मार्शल, अमरनाथ भादाणी, किशन लाल मोदी, भागीरथ कुमावत, पंडित प्रकाश पारीक, चांद रतन बिस्सा, भुवनेश नागल, गोपाल भादाणी, इन्द्र सिंह हियादेसर, सीताराम सिंह देसलसर, शांति लाल गहलोत, राजेंद्र गोदारा, विनोद भोजक, पंडित सिद्धार्थ पुरोहित, पंडित नवल श्री माली, पंडित पवन गुरु यज्ञ उपाचार्य, शिवम बिस्सा, सुरेंद्र माली , नथमल कच्छावा, हनुमान गहलोत, श्याम सोनी, जय श्री भाटी संतोष उपाध्याय सहित सनातन धर्म रक्षा मंच के काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 31 मार्च को कार्यकारिणी का होगा पुनर्गठन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** श्री देशवाली कुम्हार पंचायती धर्मशाला श्री कोलायत जी के कार्यकारिणी का कार्यकाल 3वर्ष पुर्ण होने पर पुनः पुनर्गठन31मार्च को होगा। धर्मशाला संविधान के अनुसार कार्यकाल 3वर्ष का है। चुनाव प्रक्रिया का कार्यक्रम होली के बाद 17मार्च को सुबह 11बजे धर्मशाला प्रांगण में मिंटिग रख कर तय किया जाएगा। धर्मशाला के आजीवन सदस्य में से कार्यकारिणी पदाधिकारीयो के लिए चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे । चुनाव सर्वसमिति से किया जायेगा ।यदि आवश्यकता हुई तो चुनाव प्रक्रिया में आजीवन सदस्य ही मतदान कर सकेंगे। यह जानकारी देवकिशन सोखलउपमंत्री -श्री देशवाली कुम्हार पंचायती धर्मशाला श्री कोलायत ने दी है।

## भारत विकास परिषद के तीसरी बार अध्यक्ष बने नरेश खत्री

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत विकास परिषद, बीकाणा इकाई की मीटिंग रखी गई कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय चुनाव पर्यवेक्षक योगेंद्र कुमार भाटी, मुख्य अतिथि संस्कृतिकर्मी एन डी रंगा, विशिष्ट अतिथि अधिशा अकादमी विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष बीकाणा इकाई अध्यक्ष नरेश खत्री ( छाबड़ा ), संयोजक समाजसेवी जगदीश चंद्र पुंशी, संरक्षक एवं संपर्क सचिव लीला कृष्ण चावला ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद के दिव्य चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कोमलदीप और खुशबू ओझा ने सभी का सनातन संस्कृति के साथ कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बाद मातृशक्ति के नेतृत्व में सामूहिक वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।जिसमें योग प्रशिक्षिका रानी पारीक, शिक्षाविद राखी कौशिक, ज्योति शर्मा, श्वेता खत्री, गिरीशा सभी शामिल रहे । कार्यक्रम में प्रांतीय चुनाव पर्यवेक्षक योगेंद्र कुमार भाटी ने भारत विकास




परिषद के प्रोटोकॉल के तहत सर्वसम्मति से चुनाव करवाए । जिसमे सर्वसम्मति से बीकाणा इकाई अध्यक्ष नरेश खत्री (छाबड़ा), सचिव विक्रांत कच्छावा व वित्त सचिव ओमप्रकाश डूडी को घोषित किया गया । भारत विकास परिषद बीकाणा इकाई से शरद सुराणा, राकेश शर्मा, प्रेम नारायण तिवारी, दिनेश खत्री, राकेश कोचर, कौशलेश गोस्वामी, पदम बघेला, बीरबल ओझा, विपुल सिंह, दीपांशु भाटी और श्रवण प्रजापत आदि की सक्रिय भूमिका रही । सफल मंच संचालन महिला महिला संयोजिका ज्योति शर्मा के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विशेष प्रतिभावान सम्मान के तहत लक्षिता कच्छावा, कोमल दीप, ज्योति शर्मा, राधिका, मूलचंद डूडी, इलिशा खत्री, दिव्या शर्मा, खुशबू ओझा, निकिता शर्मा आदि को सम्मानित किया गया। अंत में सुभाष बिश्नोई और धनराज सेन के नेतृत्व में राष्ट्रीयगान जन गण मन अधिनायक है के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

# होली से पहले स्वास्थ्य विभाग ने रानी बाजार स्थित बिना लाइसेंस की मिठाई फैक्ट्री करवाई बंद

**ढाई सौ किलो अवधिकार मैदा व 30-30 किलो मिठाई व चाशनी मौके पर करवाए नष्ट**

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** होली त्यौहार पर बीकानेर वासियों को शुद्ध व स्वास्थ्यवर्धक मिठाइयां उपलब्ध हो सके इसके लिए शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को सीएमएचओ डॉ पुखराज साध के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने रानी बाजार गुरुद्वारे के पास स्थित एक फैक्ट्री पर औचक निरीक्षण की कार्रवाई की और फैक्ट्री को तत्काल बंद करवाया। डॉ साध ने बताया कि



राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार मिठाई की दुकानों के साथ-साथ उनकी फैक्ट्रियों की भी जांच की जा रही है। इसी क्रम में जुगल जी स्वीट्स की फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया गया। बिना खाद्य लाइसेंस की फैक्ट्री में कबाड़ और गंदगी के ढेर पर भिन भिनाती मक्खियों व लटकते खुले बिजली के तारों के बीच मिठाई व बेकरी उत्पाद बनाए जा रहे थे। आधे अधूरे सिविल वर्क की फैक्ट्री में फर्श टूटा हुआ था, उचित ड्रेनेज सिस्टम नहीं था, दीवारों पर गंदगी जमी हुई थी और मकड़ियों के जाले लटके हुए थे। खाद्य पदार्थों में अत्यधिक रंग का उपयोग पाया गया। फैक्ट्री में ना तो पानी जांच और ना ही पेस्ट कंट्रोल का कोई रिकॉर्ड पाया गया। इस प्रकार खाद्य संरक्षा के मानक नियमों का बड़े स्तर पर खुला उल्लंघन पाया गया। जन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक मानते हुए फैक्ट्री में तत्काल उत्पादन बंद करवाते हुए

## एक्शन मोड में निगम आयुक्त, दो बिल्डिंग की सीज

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर नगर निगम के आयुक्त मयंक मनीष ने दो बिल्डिंग को सीज करने के आदेश जारी किए है। बताया जा रहा है कि, निगम का करोड़ों का यूडी टैक्स बकाया है। जिसके चलते गुरुवार दोपहर को निगम ने अब सख्त कार्यवाही शुरू कर दी है। निगम आयुक्त ने टीम बनाकर नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 131,132 और 133 की शक्तियों का उपयोग करते हुए ये कार्यवाही की है। वित्तीय वर्ष पूरा होने के साथ ही टैक्स वसूली का दबाव है। यूडी टैक्स न नहीं देने वालों के प्रतिष्ठान अब सीज करने की तैयारी शुरू कर दी गई। निगम ने यूडी टैक्स के बकाएदारों के सैकड़ों प्रतिष्ठानों की सूची बना ली है।

# रेल मंत्री भारतीय रेलवे मजदूर संघ के 21 वें त्रिवार्षिक अधिवेशन में शिरकत करेगें

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बीकानेर आ रहे हैं। वे यहां भारतीय रेलवे मजदूर संघ के 21 वें त्रिवार्षिक अधिवेशन में शिरकत करेंगे। उनकी यह बीकानेर यात्रा इस शहर के लिए ऐतिहासिक है। रेलवे क्रासिंग का मुद्दा ज्वलंत है। जनता आश्वासनों और नेतागिरी से उकता चुकी है। इस मौके पर जब रेलवे क्रासिंग की समस्या को लेकर जनता उद्वेलित उनका बीकानेर आना डबल इंजन की सरकार की जनता के बीच साख का सवाल है। बीकानर के भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने समस्या को राजनीतिक और



विवाद का मुद्दा बना रखा है। पिछले दो दशकों से यह नागरिक समस्या इस बात में अटकी हुई है कि ओवर ब्रिज बने, अण्डर ब्रिज बने, एलिवेटेड रोड बने अब एलिवेटेड ट्रेक या बाईपास। केन्द्रीय कानून मंत्री जो बीकानेर के सांसद है वे भी इस मुद्दे पर राजनीति करते रहे है। राजस्थान सरकार में तत्कालीन कैबीनेट मंत्री डा. बी.डी. कल्ला के साथ मेघवाल ने रेल मंत्री के साथ मुलाकात कर बाईपास की वकालत की। पूर्व विधायक आर. के. दास गुप्ता के साथ भी पूर्व रेल मंत्री से मेघवाल बाईपास की मांग को लेकर मिले थे। दो दशकों से हुआ कुछ भी नहीं है। अब जब रेल मंत्री के साथ कानून मंत्री मेघवाल आ रहे हैं तो इन हालातों में ( रेल मंत्री जी ) आपकी यह यात्रा बीकानेर शहर के इतिहास के पन्नों पर दर्ज होगी। रेल मंत्री के सामने कोटगेट और सांखला फाटक रेलवे क्रासिंग बहुत छोटा मुद्दा है। यह राज्य सरकार और रेलवे के बीच का काम है, परन्तु बीकानेर की जनता के जी का जंजाल बना हुआ है। बीकानेर की जनता को उम्मीद है कि रेल मंत्री आ रहे हैं तो वे जरूर रेलवे क्रासिंग की समस्या का समाधान करके ही जाएंगे। वैसे भी रेलवे का नीतिगत निर्णय है कि देशभर में रेल्वे क्रासिंग समाप्त किए जाएं। तेजी से क्रासिंग पर ओवर ब्रिज अण्डर ब्रिज बन रहे हैं। राजस्थान में डबल इंजन की सरकार है। यहां के सांसद व केन्द्रीय मंत्री मेघवाल आपके साथ आ रहे हैं। कानून मंत्री ने अपने क्षेत्र की इस विकट समस्या के बारे में रेल मंत्री से जरूर हालातों का जिक्र किया ही होगा। रेलवे और राजस्थान सरकार ने समाधान के कई प्लान बना रखे। एलिवेडेट रोड की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के बाद काम अटक गया। बाइपास की राजस्थान सरकार ने रेलवे की शर्ते पूरी करने और अपने मद की राशि जमा करवाने के बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अण्डर ब्रिज का राजस्थान में पिछली सरकार ने तकनीकी स्वीकृति जारी कर दी। अभी भी ठंडे बस्ते में पड़ा है। एलिवेडेट ट्रैक को प्लान में नहीं लिया गया है। अण्डर ब्रिज का विरोध हो रहा है। ऐसे में रेल मंत्री की इस यात्रा पर बीकानेर की जनता की उम्मीदें टिकी हुई है।

## एक नजर

### राजरतन बिहारी जी मंदिर प्रांगण में सेवादारों का हुआ सम्मान



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पुष्टिमार्गीय मंदिर राज रतन बिहारी जी मंदिर में गुरुवार की शाम व्रजांग बाबा के सानिध्य में फाग उत्सव कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें सभी वैष्णव जनों आनंद लिया। इस अवसर पर मंदिर के मुखिया जी कृष्ण मुरारी शर्मा, दिपक शर्मा और व्यवस्थापक ए.एस.पी सत्यनारायण सारस्वत, उमा पुरोहित और भगवान ने अपना सहयोग दिया। फूलों की होली फाग उत्सव कार्यक्रम में गीत संगीत का गायन अक्षय मारू मंडली द्वारा किया गया। इससे पहले मंदिर की सेवादार मातृ शक्ति उमा पुरोहित एवं मंदिर राजकुमार भाटिया का मित्र एकता सेवा समिति द्वारा संस्था का मोमेंटो शॉल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया।

सम्मान करने वालों में समिति के अध्यक्ष सुशील यादव, उपाध्यक्ष अनिल पाहुजा, सतीष खत्री, सुनील बांठिया, शांति देवी चौहान, सैय्यद अख्तर,के.कुमार आहूजा, दिलीप गुप्ता, भवानी आचार्य , शाकिर हुसैन चौपदार, रामकिशन जी महाराज (उपाध्याय), घनश्याम सोलंकी,जुगल किशोर पुरोहित, सतीश कुमार गहलोत, रामकिशोर यादव,जगदीश टाक सहित अन्य लोग मौजूद थे। यह जानकारी मंदिर सेवादार राजकुमार भाटिया ने प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

### प्रेरणास्पद कार्य करने वाली 40 महिलाओं और 15 महिला सेवा संगठनों को मिलेगा रोटरी प्रज्ञा रत्न अवार्ड

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** रोटरी क्लब बीकानेर रॉयल्स द्वारा एवम गोमा देवी चमड़िया चेरिटेबल फाउंडेशन और नारी शक्ति के संयोजन में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर रोटरी प्रज्ञा रत्न अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। क्लब सचिव रोटे सुनील चमड़िया ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इसके अंतर्गत समाज मे सेवार्थ और प्रेरणास्पद कार्य कर रहे महिला संगठनों, समाज सेवा और शिक्षा, चिकित्सा, खेलकूद या किसी भी क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर, शहर, प्रदेश को गौरवांवित करने वाली महिलाओं को रोटरी प्रज्ञा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। प्रकल्प संयोजक रोटे ज्योति प्रकाश रंगा ने बताया कि कार्यक्रम में विधायिका, पूर्व महापौर, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं और आयोजक टीम के पदाधिकारियों को विशेष आमंत्रण दिया जाएगा। क्लब अध्यक्ष रोटे गोपाल अग्रवाल ने बताया है कि इस आयोजन में सम्मान के साथ साथ स्व गोमादेवी चेरीटेबल फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, खेल एवम स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने सामर्थ्य के अनुरूप बेहतरीन सह्ययोग देने वाली महिलाओं को नगद राशि सम्मान स्वरूप प्रदान की जाएगी। वरिष्ठ रोटे विपिन लड्ढा ने बताया कि आयोजन रविवार 10 मार्च को रानी बाजार औधोगिक क्षेत्र स्थित रिद्धि सिद्धि रिसोर्ट में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। क्लब के सहायक प्रांतपाल रोटे डॉ मनोज कुडी ने बताया कि इस आयोजन में निष्पक्षता एवम पारदर्शिता हेतु क्लब अध्यक्ष सचिव के नेतृत्व में समिति का गठन किया गया है। जिसकी जिम्मेदारी संयोजक रोटे ज्योति प्रकाश रंगा, आनंद आचार्य, रोटे भुपेन्द्र मिड्ढा, डॉ विकास पारीक, जगदीप सिंह ऑबेरॉय, डॉ पुनीत खत्री, मनोज सोलंकी, नवीन चौहान, डॉ विशाल गौड़, राजेश खत्री के साथ सह संयोजक स्वरूप रमेश अग्रवाल, विनोद माली, अनिल कुक्कड़, सचिन शर्मा, ऋषि धामु,डॉ शिशिर शर्मा, डॉ संदीप खरे, पीयूष शंगारी, डॉ सुनील गेरा, डॉ अशोक डाँगी, श्रवन सैनी, विनय बिस्सा आदि को दी गई है।

### नारी शक्ति के सम्मान में स्वास्थ्य शिविर, महिलाओं के लिए निःशुल्क परामर्श व दवा वितरण

**डॉ. गरिमा खत्री द्वारा महिला रोगों के लिए निःशुल्क परामर्श और दवा वितरण**

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, महिलाओं के स्वास्थ्य को समर्पित एक विशेष होम्योपैथिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह निःशुल्क परामर्श एवं दवा वितरण शिविर होम्यो हैल्थ क्लिनिक पी-25, पत्रकार कॉलोनी, गांधीनगर में आयोजित किया जाएगा। शिविर का संचालन डॉ. गरिमा खत्री (एम.डी. होम्योपैथी) द्वारा किया जाएगा। इस शिविर में महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे मासिक धर्म की अनियमितता, पी.सी.ओ.डी, गर्भाशय की सूजन, गांठें, सफेद पानी की समस्या, डिप्रेशन, थायरॉइड, बालों और त्वचा के रोगों का निःशुल्क परामर्श एवं होम्योपैथिक उपचार प्रदान किया जाएगा। शिविर का आयोजन कल 8 मार्च 2025, शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। यह शिविर होम्यो हैल्थ क्लिनिक, पी-25, पत्रकार कॉलोनी, गांधीनगर में आयोजित होगा। महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस शिविर में हर उम्र की महिलाएं भाग ले सकती हैं। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें होम्योपैथिक चिकित्सा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। संबंधित जानकारी के लिए 9001440846 पर संपर्क किया जा सकता है। सभी महिलाओं से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में भाग लें और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

### छत की पट्टियां टूट कर गिरने से युवक गंभीर घायल, पीबीएम में किया रेफर

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** यह घटना बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ के बिग्गा बास रामसरा गांव की है। जहां निर्माणधीन मकान की पट्टियां टूट जाने से एक युवक गंभीर घायल हो गया है। जिसके चलते तुरंत युवक को श्रीडूंगरगढ़ उप जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से युवक को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में रेफर कर दिया।